आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 20°C |

इनसाइड न्यूज

राजाजीपुरम का 'माँ भगवती ज्वैलर्स एंड बैंकर्स' बना धोखे का अड्डा

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 11 अक्टूबर, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 02 | www.janexpresslive.com/epaper



भारत अफगानिस्तान का करीबी दोस्त... 12

# भारत का पैसा भारत में रहेगा तभी बनेगा आत्मनिर्भर भारत : सीएम

## यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला: हमारा पैसा विदेशों में गया तो अलगाववाद और नक्सलवाद पर होगा खर्च: सीएम

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को चंपा देवी पार्क में आयोजित यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला के शुभारंभ के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित किए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि, हर सेक्टर में हमें आगे बढ़ना होगा। दीपावली के अवसर पर हर हिंदू परिवार लक्ष्मी गणेश जी की प्रतिमा को घर में रखता है। मूर्ति को चीन बनाता था जो देवी देवता पर विश्वास नहीं करता। वो मार्केट को भुना करके पैसे को हमारे खिलाफ इस्तेमाल करता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत का पैसा भारत के अंदर रहेगा तभी आत्मनिर्भर बनेगा।



### स्वदेशी पर फोकस

प्रदेशवासियों से अपील करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जो भी खरीदें स्वदेशी खरीदें। आने वाले समय में इससे भी बड़ा प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाएंगे। गाय के गोबर से मां लक्ष्मी का आगमन होता है। उगोरखपुर की ही एक बेटी मसाले बना रही है। ऐसा न हो कि रविकिशन स्वदेशी की बात करे और घड़ी विदेशी पहनें। हम जो भी गिफ्ट दे वो स्वदेशी दें। अगली बार इससे भी बड़ा आयोजन होगा। सीएम ने सूक्ष्म एवं लघु उद्योग विभाग द्वारा स्वदेशी उत्पादों पर बनाई शॉर्ट फिल्म देखी।

### डिजिटल और पैकेजिंग का जमाना

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि पीएम मोदी ने लालकिले से भाषण के दौरान भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कहा था। जो भारत में बनता है उसे अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना है। ये देश आत्मनिर्भर तभी बन सकता है जब हम स्वदेशी उत्पाद अपनाएंगे। उत्तर प्रदेश में ब्रह्मोस मिसाइल बनेगी। आज एक छोटा दुकानदार भी डिजिटल पेमेंट मोड का इस्तेमाल कर रहा है। आज यूपी मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का हब बन गया है। आज जमाना डिजिटल का है और पैकेजिंग का भी है। गोरखपुर में जो गोइठा आसानी से सस्ते में मिल जाता है उसे दिल्ली में अमेजन से 100 में एक मंगाना पड़ता है।

### सीएम युवा उद्यमी फंड से पूरे हुए सपने

युवा उद्यमी रमेश यादव, कैंपियरगंज ने कहा कि देश के लिए कुछ करने का सपना था। इसमें हमेशा फंड का अभाव रहता है। सीएम युवा उद्यमी योजना से पांच लाख रुपये का फंड मिला। इसकी मदद से गाय के गोबर से धूप और अन्य उत्पाद बनाते हैं। एक एक युवा थोड़ी कोशिश करे तो ये देश आत्मनिर्भर बन जाएगा। हिमांशी ने कहा कि हमारे यहां घर पर शुद्ध मसाले तैयार किए जाते हैं। सीएम युवा उद्यमी योजना से पांच लाख रुपये का फंड मिला और अपने प्रोडक्ट को प्रमोट करने के लिए मंच भी मिला। सीएम ने युवा उद्यमियों को चेक भी प्रदान किया।

### यूपी में बने उत्पादों को मिला एक मंच

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दीपावली के पहले जब बाजार में चहल पहल है। पर्व से पहले हर भारतीय के मन में यह भाव रहता है कि वह कुछ न कुछ खरीदारी करेगा। इसी से जोड़ते हुए पूरे प्रदेश में ट्रेड फेयर लगाने का निर्णय लिया गया। 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था। इसमें यूपी में बने उत्पादों को एक मंच मिला। 500 से अधिक विदेशी खरीदार आए थे।

### उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से बदलकर बना ग्रोथ इंजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यूपी बीमारी प्रदेश की जगह उद्यम प्रदेश बन रहा है। उद्यम के साथ तकनीक भी आएगी। उसके लिए स्थानीय स्तर पर सर्विस सेंटर भी होंगें। पिछले 8.5 साल में बीमारू राज्य से बदलकर ग्रोथ इंजन बना है। 2017 से पहले यूपी में उद्योग लगाना कितना कठिन था। अराजकता की वजह से उद्यमी यहां से भागने की फिराक में थे। सुरक्षा का माहौल मिला, नियमों में सरलीकरण किया, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को आसान किया गया। यही प्रदेश में आज 96 लाख एमएसएमई पुनर्जीवित हुए। इसमें 2 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला। कृषि के बाद यही सबसे ज्यादा पैमाने पर रोजगार दे रहा है।

### उत्तर प्रदेश में बनेगी इलेक्ट्रिक बसें

कोरोना में जब 40 लाख श्रमिक वापस आए तो एमएसएमई ने कम से कम एक कारीगर को रखा। यूपी आत्मनिर्भरता का मॉडल बन रहा है। कानून व्यवस्था के साथ ही आधुनिकता में भी प्रदेश ने लंबी छलांग लगाई है। 2017 के पहले प्रदेश में केवल 2 एयरपोर्ट क्रियाशील थे। वाराणसी और लखनऊ। आज यूपी में 16 एयरपोर्ट कार्य कर रहे हैं। इसमें चार इंटरनेशनल है। देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर में बन रहा है। मेट्रो आज प्रदेश के छह शहरों में चल रही है। अब उत्तर प्रदेश में ही इलेक्ट्रिक बस बनेगी। जल्द ही यह यूनिट शुरू होने वाली है। पर्यावरण प्रदूषण को भी कम करने में सफलता मिलेगी।

### मोबाइल फोन बनाने में यूपी सबसे आगे

सीएम ने कहा कि देश का पहला इन्लेंड वाटरवे यूपी में है। हर बॉर्डर और जिला मुख्यालय को फोरलेन से जोड़ा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर स्ट्रक्चर हो, सुरक्षा का माहौल हो और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सरल करने से हर तरफ से निवेश आने लगा। लोकल मार्केट में हमारे व्यापारी का उत्पाद बिके। देश के अंदर सबसे अधिक जीआई टैग उत्तर प्रदेश को मिले हैं। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक आइटम बनाने का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। मोबाइल फोन बनाने में यूपी सबसे आगे है। देश के अंदर 55 फीसदी मोबाइल फोन का उत्पादन यूपी कर रहा है।


### टेक्सटाइल सेक्टर में आ रही नई नीति

लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि पूरे प्रदेश में यूपी ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है। 10 से 19 अक्टूबर तक यह स्वदेशी मेला आयोजित होगा। हस्त शिल्पी कारीगरों को पहले बड़ा बाजार नहीं मिलता था। इनके लिए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ। वहां पांच लाख से अधिक का फुटफॉल हुआ। सीएम की मंशा थी कि उत्पादों को प्रमोट करने के लिए जनपद स्तर पर आयोजन होना चाहिए। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना से हस्त शिल्पियों को पूरे प्रदेश में पहचान मिली। युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं रोजगार देने वाला बनाना है, उसी रस्ते पर सरकार काम कर रही है।

### 100 एकड़ में बनाया जाएगा सरदार वल्लभ भाई पटेल औद्योगिक जोन

टेक्सटाइल सेक्टर में नई नीति लेकर आ रहे हैं, जिससे प्रदेश के एक लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। जीएसटी में छूट से बाजारों में रौनक है। प्रधानमंत्री मोदी उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर भारत के लिए प्रमोट करते हैं। दिवाली की खरीदारी में लोकल उत्पादों को प्राथमिकता दें। पूरे प्रदेश में 100 एकड़ में सरदार वल्लभ भाई पटेल औद्योगिक जोन बनाया जाएगा। छोटे उद्यमियों को सस्ती जमीन मिले इसके लिए कैबिनेट में प्रस्ताव पारित किया गया है। 19 अक्टूबर को अयोध्या में इस मेले का समापन प्रस्तावित है।

# दीपिका पादुकोण बनीं भारत सरकार की पहली 'मेंटल हेल्थ एम्बेसडर'



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बॉलीवुड की सुपरस्टार दीपिका पादुकोण को देश के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने भारत की पहली 'मानसिक स्वास्थ्य एम्बेसडर' नियुक्त किया है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, जो मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने और इस मुद्दे को सार्वजनिक स्वास्थ्य का अहम हिस्सा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा ने कहा, %दीपिका पादुकोण के साथ यह साझेदारी भारत में मानसिक स्वास्थ्य पर आम चर्चा को बढ़ावा देगी और लोगों में जागरूकता फैलाने में मदद करेगी। यह पहल मानसिक स्वास्थ्य को सामाजिक दृष्टि से मान्यता दिलाने में अहम साबित होगी।

### सरकार की ओर से नई पहल

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने देशभर के नागरिकों के लिए एक बड़ी पहल की शुरुआत की है। राजधानी दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में उन्होंने नए स्वरूप वाले %टेली-मानस% एप को लॉन्च किया। इस एप को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और संकट के समय मदद उपलब्ध कराने के लिए तैयार किया गया है।

### दीपिका पादुकोण ने क्या कहा?

भारत सरकार की इस पहल पर बात करते हुए दीपिका ने इस नियुक्ति पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कार्यक्रम में बात करते हुए कहा, %यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है कि मुझे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए पहला मानसिक स्वास्थ्य एम्बेसडर बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी है। मैं मंत्रालय के साथ मिलकर इस दिशा में काम करने और देश की मानसिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।

### वर्कफ्रंट पर दीपिका पादुकोण

बता दें इन दिनों दीपिका अपनी आने वाली फिल्म किंग की शूटिंग में बिजी हैं। वो शाहरुख खान के साथ इस फिल्म में वर्षों बाद नजर आने वाली हैं। इसके अलावा दीपिका पादुकोण एटली द्वारा निर्देशित तेलुगु फिल्म ,22x6 में भी नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में होंगे।

# मायावती ने कार्यकर्ताओं को दिया संदेश 2027 के लिए तन, मन और धन से जुट जाएं

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर बयान जारी कर लखनऊ में नौ अक्तूबर को हुई रैली में आने वाले बसपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का आभार जताया साथ ही यह आह्वान किया कि 2027 के चुनाव की तैयारी में तन, मन और धन से जुट जाएं। इसके साथ ही यह भी कहा कि कार्यकर्ता विरोधियों के साम, दाम, दण्ड, भेद आदि हथकण्डों से सजग व सावधान रहें। जारी किए गए बयान में उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के जन्मदाता एवं संस्थापक मान्यवर कांशीराम के कल 19वें परिनिर्वाण दिवस पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के वीआईपी रोड पर बीएसपी की सरकार द्वारा निर्मित किये गये विशाल व भव्य मान्यवर श्री कांशीराम जी स्मारक स्थल में हुये महाआयोजन में अपने खून-पसीने की कमाई से हर उम्र के आये लोगों में भी खासकर युवाओं व महिलाओं की रिकार्ड तोड़ भीड़ व उनके जोश और उमंग के साथ-साथ यूपी के अगले चुनाव में अपनी बहनजी की पांचवीं बार सरकार बनाने के लिये जिद के साथ काम करने के गगनचुम्बी नारों आदि के साथ व्यक्त किये गये दृढ़ संकल्प को देखकर विरोधी पार्टियों और संगठनों आदि की नींद व उनके नेताओं के होश उड़ जाना स्वाभाविक हैं।

# ईएसआईसी अस्पताल खोलने के मानकों में राज्य सरकार देगी ढील, उद्योगों को मिलेगा बड़ा लाभ

- प्राधिकृत समिति की बैठक में मुख्य सचिव ने दिए निर्देश
- उद्योग मित्र समितियों की नियमित बैठकें सुनिश्चित करने पर जोर
- देहरादून में ईएसआईसी अस्पताल के लिए भूमि तलाशने के निर्देश
- उद्योगों को बिजली, लॉजिस्टिक्स व जीएसटी से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर बल



**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

राज्य सरकार ने प्रदेश में ईएसआईसी (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) अस्पताल खोलने के मानकों में ढील देने का निर्णय लिया है। यह प्रस्ताव अब क्षेत्रीय परिषद को भेजा जाएगा। यह निर्णय राज्य के मुख्य सचिव आनंदबर्द्धन की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय उद्योग मित्र समिति की प्राधिकृत समिति की बैठक में लिया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और औद्योगिक माहौल को सुदृढ़ करने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि देहरादून में ईएसआईसी अस्पताल के लिए आवश्यक भूमि की व्यवस्था जल्द सुनिश्चित की जाए। बैठक में उद्योगों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रकरणों पर त्वरित समाधान देने की बात कही गई। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि उद्योगों की स्थापना और संचालन के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे उद्योगों को सभी आवश्यक अवस्थापना सुविधाएं, निर्बाध बिजली आपूर्ति, और बेहतर लॉजिस्टिक्स सुविधा मुहैया कराएं। इसके साथ ही उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि वित्त सचिव की ओर से उद्यमियों के साथ बैठक कर जीएसटी से संबंधित शंकाओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान बैठक में सचिव वित्त दिलीप जावलकर, सचिव गृह शैलेश बगोली, सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय, अपर सचिव विनीत कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### परतापुर में पुलिस और बाइक सवारों के बीच मुठभेड़, तीन बदमाश पकड़े, एक को लगी गोली

**जन एक्सप्रेस। मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र में महरौली बाग के पास पशु विक्रेता से 27 हजार रुपये और फोन लूटने वाले आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में धर दबोचा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई रकम के 20 हजार रुपये, मोबाइल फोन, दो तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। मोदीनगर के थाना भोजपुर शेदपुर गांव निवासी शहजाद पुत्र इस्तेयाक पशु व्यापारी हैं। बुधवार दोपहर शहजाद महरौली गांव में पशु खरीदने के लिए गए थे। वापस आते समय महरौली बाग के पास केटीएम बाइक सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और तमंचे के बल पर ईख के खेत में ले गए। बदमाशों ने शहजाद से 27 हजार रुपये और उसका मोबाइल फोन लूट लिया। उसके हाथ-पैर बांधकर ईख के खेत में छोड़कर फरार हो गए।

# बड़ा फैसला, एसबीआई समेत पीएसयू बैंकों के शीर्ष पदों पर हो सकेगी निजी क्षेत्र के लोगों की तैनाती



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने शुक्रवार को बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक बड़े फैसले का एलान किया। अब देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सहित अन्य पीएसबी बैंकों में शीर्ष प्रबंधन पदों पर निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों की तैनाती हो सकेगी। नए दिशा-निर्देशों केअनुसार एसबीआई में प्रबंध निदेशक के चार पदों में से एक पर निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों में काम करने वाले व्यक्तियों को काम करने का अवसर मिल सकेगा। फिलहाल, सभी एमडी और अध्यक्ष पद आंतरिक उम्मीदवारों से ही भरे जाते हैं। नियुक्ति के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार अब एमडी का एक पद निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों की तैनाती के लिए उपलब्ध होगा।

### 11 सरकारी बैंकों में हो सकेगी तैनाती

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की ओर से जारी नए दिशानिर्देशों में निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में कार्यकारी निदेशक (ईडी) की चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति दी गई है। एसबीआई के अलावा पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया सहित 11 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक हैं। समिति के अनुसार निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों की एमडी के पद पर नियुक्ति के लिए कम से कम 21 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इसमें कम से कम 15 वर्ष का बैंकिंग अनुभव और बैंक बोर्ड के बोर्ड स्तर पर कम से कम 2 वर्ष का अनुभव शामिल है।

### नए दिशा-निर्देश लागू होते ही एसबीआई एमडी का पद रिक्त माना जाएगा

सरकार की ओर से कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के पद के लिए पात्र उम्मीदवार भी ऐसी रिक्तियों के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। इन दिशानिर्देशों के लागू होने की तिथि से एसबीआई के एमडी का पहला पद रिक्त माना जाएगा। दिशा-निर्देशों के अनुसार पहली रिक्ति के बाद बनने वाली रिक्तियों को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पद धारण करने वाले पात्र उम्मीदवारों से भरा जाएगा। राष्ट्रीयकृत बैंकों में कार्यकारी निदेशकों की तैनाती पर नए निर्देशों में कहा गया है कि बैंक में एक पद निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों सहित सभी पात्र उम्मीदवारों के लिए खुला रहेगा। बड़े राष्ट्रीयकृत बैंकों में चार कार्यकारी निदेशक हैं। जबकि छोटे छोटे बैंकों में ऐसे दो पद हैं।

### ईडी के पद पर तैनाती के लिए कम से कम 12 वर्षों का बैंकिंग अनुभव जरूरी

निजी उम्मीदवारों के लिए कहा गया है कि व्यक्ति के पास न्यूनतम 18 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इसमें बैंकिंग में 12 वर्ष का अनुभव शामिल है और बोर्ड स्तर से नीचे उच्चतम स्तर पर 3 वर्ष का अनुभव भी शामिल है। राष्ट्रीयकृत बैंकों के उन अधिकारियों को तरजीह दी जाएगी जिनके पास वित्त वर्ष 2027-28 तक मुख्य महाप्रबंधक और महाप्रबंधक स्तर पर चार वर्षों की संयुक्त सेवा हो। इसके बाद, पात्रता की शर्त दो वर्षों की सेवा के साथ मुख्य महाप्रबंधक पद पर तैनाती की होगी। मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के पद पर आसीन अभ्यर्थी इस पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे।

# जगमग होगी अयोध्या: दीपोत्सव बनेगा आस्था, तैयारियां पूरी, चप्पे-चप्पे पर रहेगी निगरानी

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

श्रीराम की नगरी अयोध्या दीपोत्सव के अवसर पर फिर एक बार जगमगाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में होने वाला यह आयोजन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का उत्सव बन चुका है। इस बार 17 अक्तूबर से 20 अक्तूबर तक प्रस्तावित दीपोत्सव के कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण और सुचारु ढंग से कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने दीपोत्सव मेला के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने, कानून व्यवस्था बनाए रखने और वीवीआईपी आगमन की दृष्टि से मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। ये अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर संपूर्ण आयोजन को सफल बनाएंगे। इन अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी दीप प्रज्ज्वलन से संबंधित कार्यों के लिए एडीएम सिटी योगानंद पांडेय और तीर्थ विकास परिषद के संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेम नारायण सिंह को प्रभारी बनाया गया है। साकेत महाविद्यालय से रामकथा पार्क तक शोभायात्रा के सुचारु संचालन के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी गजेंद्र कुमार को प्रभारी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। रामकथा पार्क व पुष्पवर्षा मंच की जिम्मेदारी मुख्य राजस्व अधिकारी बाबूराम को सौंपी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में साथ रहने के लिए डिप्टी कलेक्टर संतोष कुशवाहा को प्रभारी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। राज्यपाल की फ्लीट और कार्यक्रमों के लिए एसडीएम बीकापुर श्रेया को जिम्मेदारी दी गई है। सरयू अतिथि गृह में वीवीआईपी अतिथियों के खान-पान और आतिथ्य सत्कार की व्यवस्था एसडीएम सदर राम प्रसाद त्रिपाठी के नेतृत्व में सुनिश्चित की जाएगी।



### 12 अधिकारियों की टीम नियुक्त

रामकथा पार्क की संपूर्ण व्यवस्था मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह को सौंपी गई है। उनके साथ 12 अधिकारियों की टीम नियुक्त की गई है। राम की पैड़ी पर होने वाले भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम की व्यवस्था एडीएम एफआर महेंद्र सिंह के अधीन रहेगी। नयाघाट सरयू आरती स्थल पर सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह को सौंपी गई है। मीडिया टीम नौका, कच्चा-पक्का घाटों की व्यवस्था, एयरपोर्ट, यातायात नियंत्रण और प्रोटोकॉल कार्यों के लिए भी अलग-अलग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। एडीएम एलओ इंद्रकांत द्विवेदी को यातायात व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया है। मीडिया टीम नौका व घाट प्रबंधन की जिम्मेदारी जिला सूचना अधिकारी संतोष द्विवेदी को दी गई है।

### 24 घंटे सक्रिय रहेगा केंद्रीय मेला नियंत्रण कक्ष

19 अक्तूबर को होने वाले मुख्य दीपोत्सव पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में एडीएम कानून व्यवस्था इंद्रकांत द्विवेदी की तैनाती रहेगी। हनुमानगढ़ी, मणिराम दास छावनी, बड़ा भक्तमाल, दिगंबर अखाड़ा व कारसेवकपुरम पर भी डिप्टी कलेक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। सिंचाई गेस्ट हाउस, नयाघाट में केंद्रीय मेला नियंत्रण कक्ष 16 अक्तूबर से 20 अक्तूबर तक 24 घंटे सक्रिय रहेगा।

### आकस्मिक स्थिति से निपटने को तैयार रहेंगे 47 मजिस्ट्रेट

47 आरक्षित मजिस्ट्रेट भी किसी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगे। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से खान-पान की गुणवत्ता जांचने के लिए विशेष टीम गठित की गई है। दीपोत्सव के पहले सभी स्थल बिजली सुरक्षा, बैरिकेडिंग, मंच-पंडाल, अग्निशमन व खाद्य गुणवत्ता की जांच से गुजरेंगे। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे इसका प्रमाण पत्र मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को समय से उपलब्ध कराएं।

# यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला–2025 का फीता काटकर किया गया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**




जिला मुख्यालय के पुरानी कोतवाली परिसर में शुक्रवार को यूपी इंटरनेशनल शो 2025 मेले का शुभारम्भ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर व फीता काटकर किया गया। यह मेला आगामी 19 अक्टूबर तक चलेगा।

शुभारंभ अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य जनपद के हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित उत्पादों के विपणन एवं दीपावली महापर्व के अवसर पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारों का अवसर उपलब्ध कराना है। स्वदेशी मेले में उद्यान विभाग, खादी ग्रामोद्योग, माटीकला बोर्ड, पीएमई जीपी, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि के लाभार्थियों, वित्तपोषित इकाईयो, स्वयं सहायता समूहों व अन्य उत्पादकों द्वारा लगाए गए स्टालों में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्थानीय उत्पादों का अवलोकन करते हुए कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए क्षेत्र के मौलिक उद्योगों व उत्पादों की अग्रणी भूमिका होती है। यह आयोजन निर्यात की संभावनाओं को नयी उड़ान और नयी पहचान देने का मेगा शो है। उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने के लक्ष्य की ओर ठोस कदमों के साथ तेजी से अग्रसर है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एमएसएमई और निर्यात क्षेत्र का विशेष योगदान है।

विधान परिषद सदस्य अविनाश सिंह चैहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत व प्रदेश को नई दिशा मिल रही है। भारत को पहले सोने की चिड़िया के रूप में इतिहास के किताबों पर जाना जाता था। जिसे वापस से सोने की चिड़िया बनाने के लिए भाजपा सरकार प्रयासरत है। भाजपा सरकार में 22 जनवरी 2024 को रामलला का दिव्य व भव्य मंदिर का निर्माण कराकर अयोध्या में श्री रामलला को विराजमान किया गया। साथ ही 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को भी हटाया गया। कहा कि भाजपा सरकार गरीब, मजदूर व असहाय लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाए कर लाभ दिला रही है। कहा कि सभी को मिलकर भारत देश को ऊंचाइयों पर पहुंचाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि भाजपा सरकार के आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने के लिए स्वदेशी मेला का आयोजन किया गया है। जिन उत्पादों के उत्पादन में मजदूर का पसीना बहा रहा है, उसे भाजपा सरकार बढ़ावा दे रही है। कहा कि आगामी दीपावली त्योहार पर स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करें, तभी आत्मनिर्भर भारत का यह सपना साकार होगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यान परिषद सदस्य अविनाश सिंह चैहान को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य विकास अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग से पंजीकृत संगीत पार्टी दयाराम रैकवार द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया।

# पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव गरीबों और मजलूमों के थे मसीहा: इदरीश खान

**जन एक्सप्रेस। हमीरपुर**

समाजवादी पार्टी के संस्थापक जबकि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि के मौके पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष इदरीस खान की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजन में बोलते हुये जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव सिर्फ एक नेता नहीं थे, बल्कि गरीबों और मजलूमों की पहचान के साथ ही एक मसीहा थे। उनका आदर्श, उनका विचार हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेगा। एक ऐसा विचार जो संघर्ष, सादगी और जनभावनाओं से पैदा हुआ था।

जिसके बाद राजनीति को सत्ता हासिल करने का साधन नहीं, बल्कि समाज निर्माण की वजह बनाया। मुलायम सिंह यादव की पूरी जिंदगी जनसेवा, समर्पण और संगठन की ताकत का प्रतीक रहा। उन्होंने हमेशा कहा कि राजनीति का मकसद व्यक्ति नहीं, व्यवस्था को बदलना होता है।

इस मौके पर खासतौर से वरिष्ठ सपा नेता शुभकरण सिंह परिहार पूर्व ब्लॉक प्रमुख, बादशाह सिंह पूर्व मंत्री, ज्ञान सिंह यादव पूर्व अध्यक्ष, सुरेन्द्र राजपूत जिला महासचिव, शिवशरण यादव प्रदेश सदस्य सपा, राम सजीवन यादव जिला पंचायत सदस्य, मिथलेश कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष, अरुण यादव विधानसभा अध्यक्ष हमीरपुर, राजेश श्रीवास एडवोकेट, घनश्याम साहू प्रदेश सचिव व्यापार सभा, ओम प्रकाश सोनकर वारसी प्रदेश सचिव, युगांक मिश्रा पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद, राघवेन्द्र यादव लकी नगर अध्यक्ष, जिला मीडिया प्रभारी, मानवेन्द्र यादव ब्लॉक अध्यक्ष मुस्करा, लाल सिंह यादव राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी, मनीष यादव सिसोलर, सुनील यादव जिलाध्यक्ष छात्र सभा, जगभान यादव एडवोकेट, लालता सिंह खंगार जिलाध्यक्ष मजदूर सभा, मोहम्मद सलीम जिलाध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, वेद प्रकाश वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष सुमेरपुर, लाला प्रधान पूर्व प्रधान, अवधेश यादव पूर्व प्रधान, अशोक यादव प्रधान, रवि यादव एडवोकेट, शिव शरण यादव पूर्व प्रधान, शिवनायक यादव, गया प्रसाद अनुरागी जिला सचिव, मैयाराम वर्मा पूर्व चेयरमैन, अजय प्रताप सिंह परिहार, सूर्य प्रताप यादव नगर उपाध्यक्ष सपा, नईम खान इंगोहटा, सोनू वाल्मीकि जिला सचिव, रिजवान खान जिलाध्यक्ष अल्प संख्यक सभा, सैयद उमर जिला सचिव, बीटू यादव प्रदेश सचिव युवजन सभा, तबरेज खान मौदहा, कलीम चौधरी, दीपक वर्मा, अरशद मामा, सरफरोज जिला सचिव, दीपू यादव, सचिन यादव, अंकुर नामदेव सदस्य छात्र सभा, अनिरुद्ध सिंह, दातादीन प्रजापति, रणविजय सिंह, ब्रजेश प्रजापति जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा, शिवसिंह, बृजेन्द्र सिंह,नीरज खंगार, अर्जुन सिंह परमार, अभिषेक यादव, अरुण कुमार, अंकित यादव, दीपक यादव नगर अध्यक्ष बिवार, धर्मेन्द्र सिंह, आशादीन वर्मा, पवन यादव, वीरेन्द्र यादव, प्रियम यादव, बृजभूषण यादव, रविशंकर वर्मा पूर्व प्रधान, जीतेंद्र वर्मा सहित बड़ी तादाद में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम ने नरैनी कस्बे में चलाया जागरूकता अभियान



**जन एक्सप्रेस। नरैनी**

महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु उ0प्र0शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा राजकुमार इंटर कॉलेज कस्बे में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों, सरकारी योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव के उपायों एवं आपातकालीन सहायता सेवाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बरों- महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा डायल यूपी 112,एंबुलेंस सेवा 108 आदि के बारे में चर्चा कर इन सेवाओं के प्रयोग की प्रक्रिया भी समझाई गई।

साइबर अपराध एवं सुरक्षा हेतु छात्राओं को सोशल मीडिया पर होने वाले साइबर अपराधों, फेक आईडी, ऑनलाइन फ्रॉड, ब्लैकमेलिंग आदि से बचने के उपाय बताए गए साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 शिकायत करने की प्रक्रिया बताई गई।

# दस्यु ठोकिया के भाई और चाचा समेत चार आरोपियों को सजा

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

पुलिस मुठभेड़ में मारे जा चुके दस्यु ठोकिया के भाई और चाचा समेत चार लोगों को न्यायालय ने 10-10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही चारों को दो-दो लाख रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा और वरिष्ठ लोक अभियोजक संगीता सिंह ने बताया कि बीती 12 अगस्त 2005 को तत्कालीन कर्वी कोतवाली प्रभारी हरिनाथ शर्मा ने उस समय के दुर्दांत इनामी दस्यु सरगना कर्वी कोतवाली क्षेत्र के लोखरिया घुरेटनपुर निवासी अम्बिका उर्फ ठोकिया उर्फ डॉक्टर, दस्यु सुदेश पटेल उर्फ बलखडिया, ठोकिया के भाई कलेश पटेल, ठोकिया के सगे चाचा नत्थू उर्फ भाऊ, राममिलन, कमलेश, चुन्नी लाल, हीरालाल व रामरूचि के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार बीती 17 मार्च 2003 को दस्यु ठोकिया अपने गिरोह के साथियों के साथ बगैहा गांव पहुंचा था। यहां उसने राजू पटेल के घर को चारों तरफ से घेरकर बदमाशों के साथ गोलिया बरसानी शुरू कर दी। जिससे तीन लोग मौके पर मारे गए और परिवार के अन्य सदस्य घर के अंदर घुस गए। जिसके बाद बदमाशों ने घर में चारों तरफ से आग लगा दी और बाहर से फायरिंग करते रहे। जिसके चलते आग और धुएं से घुटकर दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत घर के अंदर हो गई। इस नरसंहार में कुल छह लोग मारे गए थे, जिसकी रिपोर्ट राजू प्रसाद पटेल ने दर्ज कराई थी। इसके अलावा 29 अक्टूबर 2004 को ठोकिया गिरोह ने सरकारी कार्य से वापस आ रहे पुलिस के सिपाही रामलाल पाल और रामसजीवन पाल की गोली मारकर हत्या करने के बाद सरकारी राइफलें और 100 कारतूस लूट लिए थे। इसके अलावा ठोकिया गिरोह के विरुद्ध हत्या, अपहरण समेत तमाम गंभीर अपराधों के 50 से अधिक मुकदमें उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विभिन्न थानों में दर्ज थे।

# स्वयं सहायता समूहों को ज्यादा से ज्यादा बैंक सहूलियतों का फायदा दिलाया जाये



**जन एक्सप्रेस। हमीरपुर**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बैंकर सेंसटाइजेशन कार्यशाला का उद्घाटन जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने किया। वही नींद हैदराबाद से आए हुए नेशनल रिसोर्स पर्सन ओमप्रकाश खोखर जितेंद्र यादव ने महिलाओं के वित्तीय प्रबंधन और साक्षरता अभियान के साथ-साथ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आरबीआई गाइडलाइंस पर रोशनी डाली गई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए गए की कार्यशाला में बताए गए सभी बिंदुओं पर गहनता से चर्चा कर सभी भ्रांतियां को दूर करें, साथ ही स्वयं सहायता समूह के समूहों को ज्यादा से ज्यादा बैंक क्रेडिट लिकेज और बैंक की सभी सहूलियत का फायदा दिलायें द्य इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी के साथ ही रोजगार शाखा प्रबंधक बैंक सखियां खासतौर से मौजूद रहीं।

## गोवध निवारण अधिनियम का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस थानों में दर्ज मुकदमों के वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष राजापुर पंकज तिवारी व उनकी टीम उपनिरीक्षक इमरान खान, आरक्षी शुभम मिश्रा, विमलेश व चालक पवन राजपूत द्वारा 10,000 रुपये के इनामी अपराधी लकी उर्फ मोहम्मद शहनवाज शाह निवासी 116/926 रोशन नगर थाना रावतपुर जिला कानपुर नगर को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि यह आरोपी गौवध निवारण अधिनियम में वांछित था तथा काफी दिनों से फरार चल रहा था।

## अश्लीलता करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन के लिए शुरु किए गए मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत सभी थानों की एंटी–रोमियो टीमों द्वारा स्कूल, कॉलिज, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर शोहदों व मनचलों द्वारा की जाने वाली छेड़छाड़ एवं अन्य आपत्तिजनक हरकतों को रोकने के लिए सघन चेकिंग, जागरुकता कार्यक्रम तथा सख्त वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना के उपनिरीक्षक अमरेश चन्द्र तिवारी व उनके हमराही आरक्षी रोहित द्वारा सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करने वाले व पॉक्सो एक्ट के वारण्टी आरोपी शैलेन्द्र निवासी ग्राम कोल्हाई मौजा व थाना बरगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

## 11.470 ग्राम सूखा गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना भरतकूप के उपनिरीक्षक अतीन्द्र सिंह चौहान, उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह व उनकी टीम आरक्षी शक्ति सिंह, रणवीर सिंह, होलिकेन्द्र व चालक संदीप लोधी द्वारा आरोपी सुरेश कुमार सिंह निवासी अर्जुनपुर मजरा दबवा थाना मऊ को 11 किलो 470 ग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

# 'यूपी ट्रेड शो 2025' स्वदेशी मेले का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। बांदा**



यूपी ट्रेड शो 2025 के अंतर्गत स्वदेशी मेला का आयोजन पंडित जे0एन0 डिग्री कॉलेज में दिनांक 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक किया जा रहा है जिसका उद्घाटन दिनांक 09अक्टूबर को मत्स्य विभाग मंत्री डॉ संजय निषाद द्वारा किया गया, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष बबेरू सहित जिलाधिकारी जे0रीभा, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे तथा उपयुक्त उद्योग गुरुदेव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उक्त मेले का उद्देश्य स्थानीय स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देते हुए वोकल फॉर लोकल के उद्देश्य को पूर्ण करना हैसकार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्रदेश के मत्स्य विभाग मंत्री संजय निषाद ने कहा कि सरकार द्वारा स्वदेशी को बढ़ावा दिए जाने के लिए इस प्रकार के मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक जनपद में एक उत्पाद चिन्हित करते हुए सरकार स्थानीय उत्पादों को अधिक से अधिक बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है जिससे कि स्थानीय लोगों को रोजगार मिले और उनका लाभ भी प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि इस में स्वदेशी मेले में हथकरघा उद्योग सहित खादी ग्राम उद्योग एवं अन्य उत्पादों की बेहतर प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसमें लोगों को खरीददारी का बेहतर अवसर भी प्राप्त होगा और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिल सकेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर एवं दीप प्रजलान कर किया गया। कार्यक्रम में नृत्य कला मंच से श्रद्धा निगम के निर्देशन में नृत्य कला मंच की कलाकारों ने गणेश वंदना एवं द्रौपदी सुता लघु नाटिका का मंचन कर उपस्थित मंत्री संजय निषाद एवं सभी दर्शकों का मन मोह लिया कार्यक्रम का संचालन पंकज रावत, अभिषेक मिश्रा आदि के द्वारा किया गया।इस स्वदेशी मेला में विभिन्न विभागों एवं लोकल के उत्पादों के 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं।मंत्री ने सभी स्टालों का एक-एक निरीक्षण कर स्वदेशी मेले के आयोजन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

# अपर मंडल रेल प्रबंधक ने किया मानिकपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। मानिकपुर, चित्रकूट**



प्रयागराज मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) दीपक कुमार ने शुक्रवार को मानिकपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण का अवलोकर कर सम्बन्धितों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) ने प्लेटफार्मों पर उपलब्ध मूलभूत यात्री सुविधाओं जैसे पेयजल, प्रतीक्षालय, शौचालय, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड, अनाउंसमेंट सिस्टम तथा टिकट बुकिंग काउंटरों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की तथा स्टेशन प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारियों को यात्री सुविधाओं पर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों एवं स्टेशन पर साफ-सफाई का अवलोकन किया एवं स्टेशन परिसर में यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्लेटफार्मों पर गंदगी न फैलाने के लिए यात्रियों एवं कर्मचारियों से भी अपील की कि वे **'स्वच्छ रेल-स्वच्छ भारत'** के संकल्प में सहयोग दें। इसके अलावा अपर मंडल रेल प्रबंधक ने सिग्नलिंग, ट्रैक एवं यार्ड क्षेत्र में सुरक्षा मानकों का भी निरीक्षण किया तथा रेल परिचालन में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए। कहा कि मानिकपुर स्टेशन को यात्रियों के लिए अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आकर्षक बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाए। इस मौके अपर प्रयागराज मण्डल के जनसम्र्क अधिकारी अमित कुमार सिंह सहित स्टेशन प्रबंधक, स्वास्थ्य निरीक्षक, वाणिज्य निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# रक्त देकर मरीजों की जान बचाने वाले रक्तवीरों का हुआ सम्मान

**जन एक्सप्रेस। बांदा**



मरीजों को निशुल्क रक्तदान कर के उनकी जान बचाने का कार्य करने वाले सामाजिक संगठन सेवर्स ऑफ लाइफ (ब्लड डोनेशन नेटवर्क) का प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को शहर के मंडपम मैरिज हॉल में स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इरफान उल्ला खां (डिप्टी कलेक्टर), विशिष्ट अतिथि मालती बासू अध्यक्षा नगर पालिका परिषद मौजूद रहीं।डॉ नीलम सिंह, डॉ नम्रा सिराज,डॉ सुषमा, चंदमौली भारद्वाज, कुलदीप कुमार सीओ अग्निशमन, डॉ जे विक्रम, बीना त्रिपाठी, डॉ आतिफ फारुकी, डॉ0 अजय कुमार उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ विजय केसरवानी, राजकुमार राज पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका,मनीष श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों को सलमान खान, सुनील सक्सेना एवं सभी पदाधिकारी सदस्यों के द्वारा बैच अलंकरण कर एवं बुके देकर की गई। 'सेवर्स ऑफ लाइफ' की संरक्षक डॉ0 शबाना रफीक,संरक्षक शेख़ सादी जमा की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर लगभग एक सैकड़ा रक्तदानियों को अतिथियों के द्वारा रक्तवीर सम्मान 2025 (सेवर्स ऑफ लाइफ बांदा) से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में इरफान उल्ला खां डिप्टी कलेक्टर ने अपने संबोधन में सेवर्स ऑफ लाइफ के द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की, कुलदीप कुमार सी0ओ0 अग्निशमन ने सेवर्स ऑफ लाइफ के द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की एवं उन्होंने बताया कि वे खुद दो बार संस्था के माध्यम से रक्त दे चुके हैं। अंसार सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा कि यह वह संस्था है जो किसी भी समय रक्त की जरूरत पड़ती है तो उस व्यक्ति को रक्त देने का कार्य करते हैं जो अपने आप में एक गर्व की बात है।वही राजकुमार राज पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका ने कहा कि संस्था मानव हित के कार्य कर रही है। वहीं संस्था की संरक्षक डॉ0शबाना रफीक संरक्षक डा0शेख सऊद उज जमां सादी भाई ने संस्था के सभी पदाधिकारी और रक्तवीरों को हृदय से आशीर्वाद दिया और निरंतर इस कार्य को करने की सलाह दी ताकि मानव का जीवन बच सके। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय काकोनिया ने किया। कार्यक्रम के अंत मे सेवर्स ऑफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त कर इस रक्तदान की मुहिम में शामिल हो मानवहित, जीवन रक्षा के कार्य में सहयोगी बनने की अपील की।

## नवागंतुक जिला जज शेष मणि शुक्ला ने ग्रहण किया कार्यभार

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

नवागंतुक जनपद न्यायाधीश शेष मणि शुक्ला ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने बार और बेंच के सामंजस्य के साथ वादकारियों को न्याय दिलाने की बात कही। अब तक चित्रकूट में जिला जज के तौर पर काम कर रहे जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के लखनऊ स्थानांतरित होने के बाद शुक्रवार को नवागंतुक जिला जज शेष मणि शुक्ला ने कार्यभार संभाल लिया। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के मूल निवासी शेष मणि शुक्ला 18 अप्रैल 2012 से 17 जून 2013 तक चित्रकूट में अपर जिला जज के रूप में जिम्मेदारी का निर्वाह कर चुके हैं। यहां आने पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश यादव ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने भी उनसे मुलाकात की।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो का नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला परिक्रमा मार्ग खोही में हुआ भव्य स्वागत

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो दीन दयाल शोध संस्थान के अभय महाजन, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मध्यप्रदेश राजेन्द्र नामदेव, वरिष्ठ भाजपा नेता अश्वनी अवस्थी, भागवताचार्य व कामदगिरि आरती प्रमुख विपिन विराट के नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला परिक्रमा मार्ग बरहा हनुमान मंदिर के सामने खोही चित्रकूट आगमन पर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत नामदेव की पूजा अर्चना से हुई। इसके बाद धर्मशाला समिति के अध्यक्ष अशोक नामदेव व प्रबंधक राकेश नामदेव ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो तथा विशिष्ट अतिथि डीआरआई के अभय महाजन, पूर्व राज्यमंत्री राजेन्द्र नामदेव का माल्यार्पण कर स्वागत किया।धर्मशाला में आयोजित नामदेव दर्जी समाज की बैठक को सम्बोधित करते हुए मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानून गो ने बताया कि आज वह समय है कि असली हिन्दू दर्जी अपने पैतृक व्यवसाय में इदरीशी दर्जी से बहुत पीछे हो गया है। अब सिलाई-कढ़ाई पर पूर्ण रूप से इदरीशी दर्जी का कब्जा है।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यशाला सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। बांदा**

कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि 10 अक्टूबर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर वैश्विक जागरूकता बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्रयास करना और मानसिक बीमारी से जुड़े कलंक को कम करना है। यह दिन सभी को कार्रवाई करने, मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझने और एक-दूसरे के मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए सशक्त बनाने पर जोर देता है,ताकि सभी को अच्छा मानसिक स्वास्थ्य उद्देश्य क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. रिजवाना हाशमी ने बताया की मानसिक रोग किसी को भी हो सकता है यह सामान्य रोग की भांति होता है। किशोरावस्था व युवावस्था में मानसिक स्वास्थ्य की अत्यधिक आवश्यकता है यदि किसी को अवसाद या एंजायटी रहती है तो वह मनकक्ष कमरा नंबर चार जिला चिकित्सालय में आकर काउंसलिंग ले सकता है। अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी नरेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नियमित शारीरिक गतिविधि करें,संतुलित आहार लें,पर्याप्त नींद लें,तनाव कम करने की तकनीकें जैसे गहरी साँस लेने और



योग का अभ्यास करें,अपनी भावनाओं को व्यक्त करें और प्रियजनों से जुड़ें, नशे से दूर रहें और किसी भी मानसिक रोग की काउंसलिंग के लिए टेलीमानस नंबर 14416 पर कॉल करें। साइट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ ने बताया कि इस समय युवाओं में अवसाद बहुत अधिक बढ़ रहा है जिससे बचाव के लिए मोबाइल का प्रयोग कम करें परिवार के बीच समय बिताए आवश्यक हो तो काउंसलिंग व उपचार भी ले सकते हैं। कार्यशाला में प्रधानाचार्य डॉ ज्ञान प्रकाश, प्रधानाचार्या मोनालिसा हारो पैरा मेडिकल ने सहयोग किया। सहायक अनुपम त्रिपाठी हुआ अशोक कुमार ने पंपलेट बाट कर लोगों को जागरूक किया। कार्यशाला के पश्चात डारेक्टर डॉ जरीना खातून ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया व मानसिक स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी। पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं शिप्रा, अंजलि, अंशु मौर्य, महक, शिफा, हरिओम, स्वाति, सुषमा आदि थी। कार्यशाला में उद्घोषक के रूप में डॉ ज्ञान प्रकाश रहे। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लोगों से मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए बताया कि लोगों के बीच संवाद प्रकृति से जुड़ाव पौष्टिक भोजन परिवार के बीच समय बिताएँ।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 11 अक्टूबर, 2025






**मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर...**

समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर आज गाजियाबाद के सपा जिला कार्यालय में भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यालय परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया... पढ़ें पेज 12 पर...

# राजाजीपुरम का 'माँ भगवती ज्वैलर्स एंड बैंकर्स' बना धोखे का अड्डा

- असली कहकर नकली सोने का कारोबार, जीएसटी चोरी और धमकियों से हड़कंप!

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




लखनऊ के राजाजीपुरम क्षेत्र में स्थित माँ भगवती ज्वैलर्स एंड बैंकर्स पर उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि दुकान पर ग्राहकों को असली 22 कैरेट सोना बताकर नकली मिश्रधातु के गहने बेचे जा रहे हैं। भरोसे और आस्था के नाम पर चल रहा यह सुनहरा जालसाज़ी का कारोबार अब चर्चा का विषय बन चुका है। पीड़ितों का कहना है कि लाखों रुपये के गहने खरीदने के बाद जब सोने की जांच कराई गई तो असली की जगह नकली निकल आया। सवाल यह है कि खुलेआम ग्राहकों को ठगने वाला यह प्रतिष्ठान अब तक बेखौफ कैसे चल रहा है? इतने गंभीर आरोपों और साक्ष्यों के बावजूद प्रशासनिक मशीनरी की चुप्पी सवालों के घेरे में है। उपभोक्ता संरक्षण कानून, भारतीय दंड संहिता की धोखाधड़ी की धाराएं और जीएसटी अधिनियम - तीनों का खुला उल्लंघन होने के बावजूद न तो एफआईआर दर्ज हुई, न ही दुकान पर छापा पड़ा। क्या इस दुकान के पीछे कोई बड़ा रसूख काम कर रहा है? क्या पुलिस और विभागीय अधिकारी जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे हैं? आम जनता अब इस नपुंसक निष्क्रियता पर सवाल उठा रही है।

### जीएसटी चोरी का बड़ा खेल: साधारण पर्ची पर होता है लेनदेन

जानकारी के अनुसार, यह प्रतिष्ठान ग्राहकों से पूरा दाम वसूलता है, परंतु असली बिल नहीं देता। असली टैक्स इनवॉयस के बजाय साधारण पर्ची थमा दी जाती है ताकि जीएसटी का एक पैसा भी सरकार तक न पहुंचे। कर चोरी का यह खेल लंबे समय से चल रहा है, फिर भी विभागों की आंखें बंद हैं। जब दुकानदार खुलेआम टैक्स चोरी कर रहा है और जनता से झूठे बिलों पर पैसा वसूल रहा है, तो जीएसटी विभाग और वाणिज्य कर अधिकारी आखिर क्या कर रहे हैं? यह खुला सवाल अब प्रशासन के गले की हड्डी बन चुका है।

### सोना निकला नकली, आवाज उठाने पर मिली जान से मारने की धमकी

जिन ग्राहकों ने ठगी का सच सामने लाने की कोशिश की, उन्हें धमकियां दी गईं। जब एक पीड़ित ने सोना जांच कर लौटाने की कोशिश की, तो दुकानदार ने पैसे देने से साफ इंकार कर दिया और उल्टे जान से मारने की धमकी दे डाली। यह मामला केवल ठगी नहीं, बल्कि खुलेआम गुंडागर्दी और उपभोक्ता अधिकारों की हत्या है। राजाजीपुरम की यह दुकान अब कानून की परछाई से बाहर, खुलेआम भय और ठगी का अड्डा बन चुकी है।

### जनता की गाढ़ी कमाई पर 'सुनहरा धोखा' अब चाहिए कार्रवाई, नहीं बयानबाज़ी

यह प्रकरण केवल एक ग्राहक का नहीं, बल्कि हर उस नागरिक का है जो ईमानदारी से कमाए पैसे से अपनी खुशी खरीदता है। ‡माँ भगवती ज्वैलर्स एंड बैंकर्स‡ जैसा प्रतिष्ठान यदि कानून के दायरे में नहीं आता, तो यह उपभोक्ता सुरक्षा व्यवस्था पर सीधा तमाचा है। सरकार को अब तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए—दुकान का लाइसेंस रद्द हो, कर चोरी की जांच हो और पीड़ितों को न्याय मिले। अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह माना जाएगा कि प्रशासन ठगों के साथ खड़ा है, जनता के नहीं।

# 14 साल बाद भी भूखे मरीज
## फाइलों में बंद सरकार की 'डाइट योजना'




- फाइलों में पौष्टिकता, अस्पतालों में परोसी जा रही लापरवाही

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल एक बार फिर खड़ा हो गया है। 14 सितंबर 2011 को जारी आदेश (पत्रांक 110/27/17-कैम्प्र) में महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं ने साफ लिखा था कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को एक समान ÷डाइट÷ यानी भोजन व्यवस्था दी जाएगी। आदेश के मुताबिक हर मरीज को तय मात्रा में दूध, रोटी, दाल, सब्जी, चावल और फल-सब्जियां मिलनी थीं ताकि मरीजों को पौष्टिक आहार मिले और जल्दी स्वास्थ्य लाभ हो सके। लेकिन 14 साल बाद भी प्रदेश के सैकड़ों अस्पतालों में न तो वह डाइट मिल रही है, न ही कोई निगरानी व्यवस्था दिख रही है। आदेश अब दीवारों पर धूल खा रहा है और मरीज अपनी किस्मत पर छोड़ दिए गए हैं।

### सरकारी कागजों में दूध-दाल, हकीकत में सूखी थाली

आदेश के मुताबिक मरीजों को सुबह हाफ मिल्क यानी दूध के साथ चीनी, दोपहर में 233 ग्राम आटा, 58 ग्राम दाल, 146 ग्राम मौसमी सब्जी और 117 ग्राम आलू के साथ भोजन मिलना था। रात में 467 ग्राम चावल और 117 ग्राम दाल की खिचड़ी तय थी। यहाँ तक कि नमक, मसाला, घी, डालडा और ईंधन तक का माप पत्र में लिखा गया था। लेकिन जब जन एक्सप्रेस ने लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव, कानपुर और रायबरेली के जिला अस्पतालों का हाल जाना, तो मरीजों ने कहा – ÷यहां दूध तो महीनों से किसी ने देखा ही नहीं, खाना भी या तो अधपका मिलता है या फिर नहीं आता।÷ सरकारी रिकॉर्ड में पौष्टिकता की पूरी लिस्ट है, लेकिन मरीजों की थाली में सिर्फ सूखी रोटी और नमक की हकीकत बची है।

### कागजों पर 'डाइट', मैदान में ठेकेदारों की मनमानी

सरकारी अस्पतालों में मरीजों का भोजन प्रायः निजी ठेकेदारों के हवाले है, जो कम लागत में ज़्यादा लाभ के लिए गुणवत्ता से समझौता करते हैं। डाइट के नाम पर ठेकेदार घटिया सब्जी, कम मात्रा की दाल और कभी-कभी बासी खाना परोस देते हैं। कोई निरीक्षण नहीं, कोई जवाबदेही नहीं। आदेश में यह भी कहा गया था कि समस्त चिकित्सालयों में मरीजों को निर्धारित मात्रा के अनुसार भोजन सुनिश्चित किया जाए। लेकिन वर्षों से यह सुनिश्चितता केवल फाइलों में रह गई। स्थानीय अधिकारियों की चुप्पी और स्वास्थ्य विभाग की ढिलाई ने इस सरकारी योजना को मज़ाक बना दिया है।

### कमीशन और लापरवाही ने निगल ली मरीजों की पौष्टिकता

जानकार बताते हैं कि कई जिलों में डाइट बजट हर साल पास होता है, लेकिन उस पैसे का उपयोग कितनी पारदर्शिता से होता है, कोई नहीं जानता। कई अस्पतालों में बिल तो पूरे बनते हैं, पर खाना आधा ही आता है। मरीजों को सिर्फ नाम मात्र का भोजन दिया जाता है जबकि रिपोर्ट में पूरी डाइट परोसे जाने की एंट्री होती है। इसका सीधा मतलब है कि फाइलों में पौष्टिकता और ज़मीनी स्तर पर भूख की साझेदारी चल रही है। शासन के आदेशों को ठेंगा दिखाकर जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार मिलकर व्यवस्था का मखौल उड़ा रहे हैं।

### जनता पूछ रही है—कब जागेगा स्वास्थ्य महकमा?

प्रदेश के हजारों मरीज रोज़ सरकारी अस्पतालों में भर्ती होते हैं, जिनमें गरीब तबका सबसे बड़ा हिस्सा है। ये लोग न तो बाहर से भोजन खरीद सकते हैं, न किसी से मदद मांग सकते हैं। ऐसे में शासन का आदेश ही उनका सहारा था, जो अब सिर्फ सरकारी अभिलेखों में कैद है। सवाल उठता है कि 2011 में तय हुई मरीज डाइट नीति का पालन आज तक क्यों नहीं हो पाया? क्या सरकार के लिए गरीब मरीज का भोजन कोई प्राथमिकता नहीं? स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को जवाब देना होगा कि 14 साल से इस पौष्टिकता आदेश पर किसने ताला जड़ा हुआ है। जब तक जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक सरकारी अस्पतालों में मरीजों की थाली यूं ही खाली रहेगी और शासन के आदेशों की स्याही कागजों से कभी नहीं धुलेगी।

# जन एक्सप्रेस ने मनाया 17वां स्थापना दिवस
## पत्रकारिता की भूमिका पर हुआ चिंतन





जन एक्सप्रेस | लखनऊ

हिंदी दैनिक समाचार पत्र जन एक्सप्रेस ने शुक्रवार को अपने प्रधान कार्यालय में 17वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में लखनऊ शहर के प्रबुद्ध जनों, वरिष्ठ पत्रकारों, लेखकों और समाजसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, उसकी चुनौतियों और सामाजिक दायित्वों पर मंथन करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद संपादकीय टीम की ओर से मुख्य अतिथि राकेश शुक्ला का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जन एक्सप्रेस के राज्य ब्यूरो प्रमुख संतोष कुमार दीक्षित और वरिष्ठ पत्रकार हेम नारायण द्विवेदी ने अन्य विशिष्ट अतिथियों का भी स्वागत किया। इस अवसर पर जन एक्सप्रेस के संपादक अरुण कुमार त्रिपाठी ने संस्थान की 16 वर्षों की यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जन एक्सप्रेस ने हमेशा निष्पक्ष, संतुलित और जनहितकारी पत्रकारिता को अपना उद्देश्य बनाया है। उन्होंने कहा, हमारे लिए खबरें सिर्फ सूचनाएं नहीं, एक सामाजिक जिम्मेदारी हैं। सनसनी नहीं, सत्य हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार शरद चंद्र शुक्ला ने अपने संबोधन में पत्रकारिता के समकालीन परिदृश्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज मीडिया एक संक्रमणकाल से गुजर रहा है। सत्य और टीआरपी के बीच जो संघर्ष चल रहा है, उससे बाहर निकलने की जरूरत है। पत्रकारिता को फिर से जनपक्षधर, नैतिक और निर्भीक बनाना होगा, उन्होंने कहा। वक्ताओं ने डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और उससे उत्पन्न नई चुनौतियों पर भी विचार व्यक्त किया। सभी ने माना कि तकनीक ने संवाद को सहज बनाया है, लेकिन इसके साथ ही फेक न्यूज़ और भ्रामक सूचनाओं का खतरा भी बढ़ा है। वक्ताओं ने मीडिया संस्थानों से तथ्य आधारित और सतर्क रिपोर्टिंग की अपील की। समारोह में पत्रकारों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया। वरिष्ठ संवाददाता देव नारायण को ÷सत्य के प्रहरी÷ सम्मान प्रदान किया गया, जबकि फोटोजर्नलिस्ट विजय कुमार को ÷कैमरे की नज़र÷ सम्मान से नवाजा गया। इन पुरस्कारों ने पत्रकारों में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम में पत्रकार विशाल आशीष सिंह, नेहा मौर्य, आंचल श्रीवास्तव, लक्ष्मी मौर्य, कीर्ती मोदनवाल, नीरज समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समापन पर अतिथियों ने जन एक्सप्रेस को शुभकामनाएं देते हुए पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

# परंपरा और नवाचार का संगम होगा माटीकला महोत्सव: सचान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- कारीगरों को वितरित किए गए विद्युत चालित चाक, पगमिल और ऋण चेक

खादी भवन में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी, हथकरघा एवं वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने माटीकला महोत्सव 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माटीकला बोर्ड द्वारा विकसित नवीन माटीकला पोर्टल एवं ई-वेरिफिकेशन मोबाइल एप का भी लोकार्पण किया गया। 10 कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक, 2 कारीगरों को पगमिल मशीन एवं 2 लाभार्थियों को बैंकों से स्वीकृत ऋण के चेक वितरित किए गए। दीपावली के शुभ अवसर पर आरंभ हुए इस 10 दिवसीय महोत्सव में विभिन्न जनपदों से आए कारीगरों की 50 निःशुल्क दुकानें लगाई गई हैं, जिनमें पारंपरिक और आधुनिक माटीकला उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में माटी का प्रयोग कर मूर्तियां, खिलौने, बर्तन, इत्यादि गृह उपयोगी एवं कलात्मक वस्तुएं बनाने का प्रचलन सदियों से रहा हैं। आज भी प्रदेश में पर्याप्त संख्या में माटीकला शिल्पकार इस परम्परागत उद्योग में लगे हुए हैं। माटीकला के अन्तर्गत निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देने एवं परम्परागत उद्योगों को नवाचार के माध्यम से संरक्षित एवं संवर्धित करते हुए, अधिकाधिक कारीगरों को रोजगार से जोड़ने के लिए 19 जुलाई, 2018 को माटीकला बोर्ड की स्थापना की गई थी। अब तक 48,048 कारीगर परिवारों की पहचान की जा चुकी है तथा 37,190 कारीगरों को मिट्टी की निकासी हेतु पट्टा आवंटित किया गया है। बोर्ड द्वारा अब तक 15,932 विद्युत चालित चाक और 375 पगमिल मशीनें वितरित की जा चुकी हैं। इस वित्तीय वर्ष में 2,500 चाक और 300 पगमिल वितरण का लक्ष्य है। इसके साथ ही 603 जोड़ी पीओपी डाई, 31 पेंटिंग मशीनें और 81 दीया मशीनें कारीगरों को दी गई हैं। मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अंतर्गत पिछले छह वर्षों में 1,114 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत कर उद्योग इकाइयों की स्थापना कराई गई है। इस वर्ष 300 नई इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं राज्य में 6 कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि अमेठी, बरेली और बिजनौर में 3 नए सीएफसी की स्थापना प्रक्रिया में हैं। प्रशिक्षण योजना के तहत 16,307 लाभार्थियों को तकनीकी प्रशिक्षण, 1,114 को उद्यम संचालन और 6,786 को शिल्पकारी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।उद्घाटन समारोह में माटीकला बोर्ड के महाप्रबंधक शिशिर, नोडल अधिकारी संजय कुमार पांडे सहित खादी ग्रामोद्योग बोर्ड और माटीकला बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने सम्भल कल्कि महोत्सव में किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- 'संभल कल्कि महोत्सव, विकासोत्सव 2025' के लोगो का किया अनावरण
- सरकार का लक्ष्य हर नागरिक तक विकास और सुविधाओं का लाभ पहुंचाना: शर्मा

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज संभल में आयोजित कल्कि महोत्सव,विकासोत्सव 2025 में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है बल्कि विकास, स्वच्छता और जनभागीदारी के नए युग की शुरुआत का संदेश भी देता है। श्री शर्मा ने लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं के अंतर्गत निर्बाध विद्युत आपूर्ति,नाली निर्माण, पेयजल पाइपलाइन, स्ट्रीट लाइट, एवं स्वच्छता से जुड़ी अधोसंरचना शामिल हैं। इन योजनाओं से संभल जिले के नागरिकों को निर्बाध बिजली, बेहतर स्वच्छता व्यवस्था और शहरी सुविधाओं में बड़ी राहत मिलेगी।उन्होंने इस अवसर पर 'जीरो वेस्ट' पर आधारित संभल कल्कि महोत्सव,विकासोत्सव 2025 के लोगो का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश में स्वच्छता और सतत विकास की दिशा में नई सोच को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने बताया कि ÷जीरो वेस्ट महोत्सव÷ का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कार्यक्रम से निकलने वाला कोई भी अपशिष्ट पुनर्चक्रण या पुनः उपयोग से बाहर न जाए। उन्होंने जनता से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान को केवल सरकारी नहीं बल्कि जनआंदोलन के रूप में अपनाएं।इस दौरान नगर विकास मंत्री ने नगर पालिका परिषद सम्भल द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत क्रय किए गए स्वच्छता वाहनों को दिखाई। श्री शर्मा ने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 सफाई मित्रों को 'वोकल फॉर लोकल' थीम पर आधारित स्थानीय उत्पाद भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र हमारे समाज के सच्चे नायक हैं, जो शहरों को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में दिन-रात कार्यरत हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को उनके नए मकानों की चाभियां सौंपते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प है हर गरीब का उसका अपना घर हो। सरकार गरीबों, किसानों और आम नागरिकों के जीवन में बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और उत्तर प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश सहित संभल के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विकास का लाभ गांव-गांव, गली-गली और हर घर तक पहुंचाना ही डबल इंजन के सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने उपस्थित जन समूह को स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और वोकल फॉर लोकल का संकल्प दिलाया। जिला प्रशासन की सराहना करते हुए बताया कि 86 हेक्टेयर भूमि को अनाधिकृत कब्जे से मुक्त कराया गया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यवाहियां शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित के प्रति गंभीरता को दर्शाती हैं।कार्यक्रम में डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया,सीडीओ गोरखनाथ भट्ट,पूर्व विधायक एवं मंत्री अजीत कुमार,पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी अन्य जनप्रतिनिधि नगर पालिका एवं विद्युत विभाग के अधिकारी, सफाई कर्मी, स्वयंसेवी संस्थाएं, महिला समूह एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# समस्याओं का निस्तारण न होने से परिवहन निगम के कर्मचारियों में रोष

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का संगठन सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कर्मचारियों की समस्याओं का निदान न होने पर नाखुश हैं। कर्मचारियों की समस्याओं पर मुख्य सचिव स्तर पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है जिससे उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों में कुंठा का भाव उत्पन्न होने के साथ घोर आक्रोश व्याप्त है। प्रदेश अध्यक्ष जेएन तिवारी द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से समस्याओं के निस्तारण में विश्वाश रखते है लेकिन नतीजा शिफर है।उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कर्मचारी उत्पीड़ित है,शोषित है कोई सुनने वाला नहीं,विगत लगभग दो से तीन वर्ष में परिवहन निगम घाटे में चला जा रहा है,छोटे कर्मचारी भ्रष्टाचार के आगोश में समा चुके है। एक जिंदा सार्वजनिक उद्यम बंदी की ओर बढ़ रहा है। सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश यह बर्दाश्त नहीं करेगा।डग्गामार वाहनों को खुली छूट है,मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश के आदेशों को परिवहन विभाग पुलिस जिला प्रशासन सुनता नहीं।परिवहन निगम के अधिकारी कमाई में लगे है। परिवहन निगम की संपतियों को बेचने की साजिश है।

# सक्षम सेंटर बने महिला सशक्तिकरण का आधार

- वित्तीय साक्षरता, डिजिटल दक्षता और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता ग्रामीण उत्तर प्रदेश

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन मे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने की अभिनव प्रयास किया जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूहो से जुड़ी महिलाओ को विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक, शैक्षिक व सामाजिक रूप से सशक्त व मजबूत बनाया जा रहा है। सीएलएफ स्तर पर सक्षम सेंटरो की स्थापना की जा रही है। ÷सक्षम सेंटर ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध हो रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से महिलाएँ न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि अपने परिवार और समुदाय को भी आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं।÷महिला सशक्तिकरण एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश के सीएलएफ यानि क्लस्टर लेबल फेडरेशन स्तर पर ÷सक्षम सेंटर÷ की स्थापना की जा रही है। अब तक प्रदेश में लगभग 1900 सक्षम सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं। इन सेंटरों के प्रभावी संचालन हेतु 4695 फाइनेंशियल लिटरेसी कम्यूनिटी रिसोर्स पर्सन की नियुक्ति की गई है, जो ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय, डिजिटल एवं उद्यमिता संबंधी प्रशिक्षण प्रदान कर रही हैं।सक्षम सेंटरों का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं की पहुँच, सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी, डिजिटल लेनदेन, स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। इन सेंटरों के माध्यम से प्रशिक्षित महिलाएँ अपने समुदाय में बीसी सखी, डिजिटल सेवा प्रदाता एवं सूक्ष्म उद्यमी आदि के रूप में कार्य कर रही हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इस अभिनव प्रयास से प्रदेश की हजारों महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर, जागरूक एवं सशक्त बन रही हैं। सक्षम सेंटर न केवल प्रशिक्षण के केंद्र हैं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वावलंबन की दिशा में एक ठोस कदम साबित हो रहे हैं। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि आगामी समय में प्रदेश के सीएलएफ स्तरों पर सक्षम सेंटरों की स्थापना, एफएलएलसीआरपी की तैनाती किये जाने की दिशा मे कार्य किया जा रहा है, जिससे वित्तीय समावेशन और अधिक गति प्राप्त करेगा तथा ग्रामीण महिलाएँ नए भारत की सशक्त भागीदार बनेंगी।

# सीजेआई पर हमले के विरोध में 'आप' का प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- बीजेपी की नफरत की राजनीति का नतीजा है मुख्य न्यायाधीश पर हमला: विनय पटेल

मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई जी पर सुप्रीम कोर्ट के अंदर किए गए हमले के खिलाफ आम आदमी पार्टी यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। लखनऊ में अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल की उपस्थिति में और जिला अध्यक्ष इरम रिजवी के नेतृत्व में स्वास्थ्य भवन चौराहे पर जबर्दस्त विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस प्रशासन के बीच धक्का-मुक्की हुई जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ़्तार कर इको गार्डन भेज दिया। अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई जी पर सुप्रीम कोर्ट के अंदर किया गया हमला बीजेपी की नफरत की राजनीति का नतीजा है। विनय पटेल ने कहा कि जिस तरह से सीजेआई के गले में हांडी बांधने के वीडियो बन रहे हैं, वह इस बात का सबूत है कि मोदी सरकार दलितों को पुराने युग में धकेलना चाहती है। पूरा देश इस बात से स्तब्ध है कि मुख्य न्यायाधीश पर हमला करने वाला व्यक्ति खुलेआम कह रहा है कि उसे अपने कृत्य पर कोई अफसोस नहीं है, फिर भी उसके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आम आदमी पार्टी की ओर से विनय पटेल ने मांग की कि मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने का प्रयास करने वाले शख्स को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक वीडियो और आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाली ट्रोल आर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने घटना को मुख्य न्यायाधीश पर हमला नहीं बल्कि भारत के संविधान, बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपनों और भारत की आत्मा पर हमला बताया है। इस मौक़े पर लखनऊ जिलाध्यक्ष इरम रिजवी ने जोर देकर कहा कि इस देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर एक दलित के बेटे का बैठना बीजेपी और उसके नफरती तंत्र को बर्दाश्त नहीं हो रहा है, और यही कारण है कि इस जघन्य कृत्य और उसके बाद सोशल मीडिया पर सीजेआई के खिलाफ फैलाए जा रहे घृणित अपमान को लेकर सरकार खामोश है । आरएसएस और बीजेपी दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और मुसलमानों से नफ़रत करती है। मुख्य न्यायाधीश की माँ को आरएसएस ने अपने कार्यक्रम में बुलाया, उन्होंने जाने से मना कर दिया, नतीजतन, एक साज़िश के तहत मुख्य न्यायाधीश पर ये हमला कराया गया ।इस दौरान अयोध्या प्रांत महासचिव अतुल सिंह, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष बी एन खरे, अंकित परिहार, ललित वाल्मीकि,मनोज मिश्रा, रानी कुमारी,अभिषेक सिंह, अंशुल यादव, पीके बाजपेई, पवन वर्मा सहित तमाम साथी मौजूद रहे।

# हरिओम हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



जिले के चर्चित हरिओम हत्याकांड में पुलिस को शुक्रवार को बड़ी सफलता मिली है। ऊंचाहार के ईश्वर दासपुर रेलवे स्टेशन के पास हुई फतेहपुर निवासी दलित हरिओम की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने ऑपरेशन लंगड़ा के तहत मुख्य आरोपित दीपक अग्रहरि को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है।

दलित हरिओम की एक अक्टूबर को हत्या में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मुठभेड़ में दीपक अग्रहरि के पैर में गोली मारी जिसके बाद वो घायल हो गया और पकड़ा गया। घायल दीपक का डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हरिओम हत्याकांड में जांच के आधार पर मुख्य आरोपित दीपक अग्रहरि को चिन्हित किया गया था। पुलिस के बाद एसओजी की टीम दीपक की तलाश कर रही थी, इसी दौरान शुक्रवार दोपहर पुलिस को आरोपित दीपक के डलमऊ के गंगा कटरी क्षेत्र में होने की सूचना मिली। जिसके बाद एसओजी से साथ ऊंचाहार व डलमऊ पुलिस ने पीछा कर आरोपित की घेराबंदी की। इस पर दीपक ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपित के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। मौके से एक पिस्टल, कारतूस और बाइक बरामद की गई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, दीपक अग्रहरि हरिओम की हत्या का मुख्य साजिशकर्ता है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही थी। एसपी डॉ यशवीर सिंह ने बताया कि आरोपी पर पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसे उपचार के बाद जेल भेजा जाएगा। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हत्या में और कौन-कौन शामिल था तथा वारदात के पीछे की असल वजह क्या थी। पुलिस का कहना है कि फरार अन्य आरोपियों की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं। इससे पहले पुलिस ने बुधवार रात दो अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। अभी भी 10-15 अन्य आरोपितों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें जनपद से लेकर गैर प्रांत तक दबिश दे रही हैं।

## कक्षा 9 और 11 में पार्श्व प्रवेश-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** प्राचार्या पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली बिनीता कुमार पाठक ने बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा-9 और 11 (सत्र 2026-27) में रिक्त स्थानों के लिए चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रगति पर है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि कक्षा 9 के उम्मीदवार https://cbseitms.nic.in/2025/nvsix_9/ लिंक तथा कक्षा 11 के उम्मीदवार https://cbseitms.nic.in/2025/nvsxi_11/लिंक पर जाकर नि:शुल्क आवेदन कर सकते है। सुधार विंडो 22 से 25 अक्टूबर तक खुली रहेगी। पंजीकृत उम्मीदवारों को केवल क्षेत्र/लिंग/श्रेणी/विकलांगता/ परीक्षा के माध्यम में सुधार करने की अनुमति है।

# मुलायम सिंह की पुण्यतिथि पर सपा ने गरीबों को कराया भोजन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



समाजवादी पार्टी के संस्थापक, भूतपूर्व रक्षा मन्त्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि को सपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान सपा कार्यालय सुपर मार्केट में स्व मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।सपा जिलाध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने कहा कि नेताजी ने देश के करोड़ों किसानों, मजदूरों, छात्रों, नौजवानों, गरीबों शोषितों वंचितों, पीड़ितों के हितों के लिए आजीवन सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष किया। उनके मुख्यमंत्रित्व काल में किसानों की तरक्की व खुशहाली के लिए खाद बिजली पानी की भरपूर व्यवस्था रहती थी।धरती पुत्र नेता जी द्वारा छात्रों युवाओं महिलाओं को राजनीति में बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव की बहाली, समाजवादी पार्टी संगठन, विधानसभा, लोकसभा चुनावों में प्रत्याशी बनाकर समुचित भागीदारी सुनिश्चित कराया साथ ही उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव में आरक्षण लागू करवाकर महिलाओं पिछड़ों अनुसूचित जातियों को जिला पंचायत अध्यक्ष, मेयर, ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका अध्यक्ष, ग्राम प्रधान जैसे महत्वपूर्ण पदों पर निर्वाचित होने का अवसर दिया। जिला अध्यक्ष इं. वीरेंद्र यादव ने कहा उन्होंने सदैव समतामूलक समाज की स्थापना के लिए कार्य किया एवं अन्याय, गैरबराबरी का विरोध किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता आरपी यादव, डा.शशिकांत शर्मा, चौ.सुरेश निर्मल, हसीन अहमद, मिश्रीलाल चौधरी, मेहरबान सिंह, राजेश मौर्य, ओपी यादव, आफताब अहमद रज्जू ख़ान, दिनेश यादव, शुभम् लोहिया, फहीम अहमद, डा.जावेद, अजय यादव, संदीप शुक्ला, शिव दुलारी यादव, सौरभ यादव, विनायक सोनकर, विनोद यादव, मो. सलीम, आशुतोष यादव आदि अनेकों लोगों ने भी नेता जी की नीतियों सिद्धांतों पर अपने विचार व्यक्त किया।

# अंतर्महाविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं हेतु छात्र-छात्राओं का ट्रायल एवं चयन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



एमएलके पीजी कॉलेज शुक्रवार को अंतर्महाविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु छात्र-छात्राओं का ट्रायल एवं चयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. जेपी पांडे के निर्देशन में तथा क्रीड़ा परिषद व चयन समिति के देख-रेख में संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार 10 अक्टूबर को आयोजित चयन प्रक्रिया के दौरान कॉलेज के विभिन्न खेलों जैसे क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन तथा फुटबॉल में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। चयन समिति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया, जो 10 अक्तुबर से 15 के मध्य सिद्धार्थ विश्वविद्यालय एवं इससे संबद्ध महाविद्यालययों मे आयोजित अंतर्महाविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं में एमएलके पीजी कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर क्रीड़ा परिषद के सदस्य जिसमे प्रमुख रूप से डॉ दिनेश कुमार मौर्य, डॉ शिव महेंद्र सिंह, डॉ अभय नाथ ठाकुर, राहुल कुमार, डॉ शैंकी रुहेला, डॉ एस के त्रिपाठी, लेफ्टि. डॉ देवेंद्र कुमार चौहान, श्रीनारायण सिंह एवं चयन समिति के सदस्य जिसमे प्रमुख रूप से डॉ भानु प्रताप सिंह, डॉ अभिषेक कुशवाहा तथा सिद्धार्थ मोहंता उपस्थित रहे। चयन समिति ने निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ प्रतिभागियों का चयन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. जेपी पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि 'खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का आधार हैं, बल्कि अनुशासन, एकता और नेतृत्व जैसी जीवन-मूल्य भी सिखाते हैं।' उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें विश्वविद्यालय स्तर पर कॉलेज का नाम गौरवान्वित करने का संदेश दिया। क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ. बी एल गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव प्रयत्नशील है और खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना को प्रोत्साहन मिलता है। क्रीड़ा परिषद व चयन समिति के सदस्य श्रीनारायण सिंह ने विभिन्न खेलों के बारे मे चयनित खिलाड़ियों को उचित दिशा निर्देश प्रदान किया। अंत में सह-क्रीड़ाध्यक्ष राहुल कुमार ने सभी उपस्थित जनों, निर्णायकों तथा प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के इतिहास लेखन की समिति का गठन

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में नव स्थापित मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय अब अपने स्थापना काल और विकास यात्रा को इतिहास के पन्नों पर दर्ज करने जा रहा है। कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने विश्वविद्यालय का इतिहास लेखन करने के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। जानकारी के अनुसार समिति अध्यक्ष के रूप में एलबीएस डिग्री कॉलेज, गोंडा के हिंदी विभाग के कृतकार्य प्रभारी प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र को नामित किया गया है, जबकि विश्वविद्यालय के कुल सचिव परमानंद सिंह को संयोजक बनाया गया है। समिति में प्रो. वी.सी.एच.एन.के. श्रीनिवास राव (अंग्रेजी विभाग, एलबीएस गोंडा), प्रो. जयशंकर तिवारी (हिंदी विभाग, एलबीएस गोंडा), प्रो. मंशा लाल वर्मा (संस्कृत विभाग), डॉ. अवनींद्र कुमार दीक्षित (सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग, एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर) और विश्वविद्यालय वित्त समिति के सदस्य सर्वेश सिंह को सदस्य बनाया गया है। विश्वविद्यालय शीघ्र ही अपनी स्थापना और प्रगति की ऐतिहासिक यात्रा को लेखबद्ध कर स्थायी दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करेगा।

# ''हर घर, नल से जल'' कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के 2.42 करोड़ परिवारों को मिल रहा है स्वच्छ पेयजल

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

प्रदेश में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु केंद्र सहायतित जल जीवन मिशन कार्यक्रम का संचालन केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 50:50 प्रतिशत वित्त पोषण के आधार पर किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत शहर घर को नल से जल' उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश में कुल 267.21 लाख घरों को पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित किये जाने के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 242 लाख परिवारों को नल से जल की आपूर्ति की जा रही है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के विन्ध्य एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र के 09 जनपदों (फेज-01) में विभिन्न ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से कुल 20,98,899 परिवारों के सापेक्ष अब तक 20,63,133 परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश के अन्य 66 जनपदों में भी जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से कुल 2,46.22,842 घरों के सापेक्ष अब तक 2,21,222,51 परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किया गया है। इस प्रकार प्रदेश के कुल 2,67,21,741 परिवारों के सापेक्ष अब तक 2,41,85,384 से अधिक परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किये गए है।

प्रदेश के सभी 97073 ग्रामों में ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से शुद्ध, सतत् एवं गुणवत्ता युक्त पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से परियोजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। अब तक प्रदेश के 50,982 ग्रामों में शत-प्रतिशत घरों को क्रियाशील गृह नल संयोजन उपलब्ध कराया गया है, जिनमें से 26,085 से अधिक ग्रामों को ग्राम पंचायत द्वारा हर घर जल प्रमाणित किया जा चुका है। प्रदेश में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत परियोजनाओं के निर्माण में लगभग 5.63 लाख कि0मी0 से अधिक जल वितरण प्रणाली बिछाई जा रही है, जिसके सापेक्ष अब तक 05 लाख 17 हजार कि0मी0 जल वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है। प्रदेश में जल वितरण प्रणाली बिछाये जाने के दौरान विभिन्न प्रकार के लगभग 01 लाख 97 हजार कि0मी0 रोड डिस्मैटल किये गये है, जिसके सापेक्ष अब तक 1 लाख 90 हजार कि0मी0 डिस्मेंटल रोड को रिस्टोर कराया गया है। प्रदेश में 33,229 (80 प्रतिशत) योजनाये ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनायें सौर ऊर्जा आधारित बनाई गयी है, जिस पर 900 मेगावाट के सोलर पैनल अधिस्थापित किये गए है। सौर ऊर्जा आधारित परियोजनाओं के निर्माण के कारण परियोजनायें दीर्घकालिक रूप से स्थाई होगी तथा परियोजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण मितव्ययी होगा। साथ ही लगभग 13 लाख मेट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन प्रतिवर्ष कम होगा जो पर्यावरण के संतुलन हेतु लाभदायी होगा। प्रदेश में ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के दीर्घकालिक स्थायित्व, नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के दृष्टिगत प्रदेश में नयी संचालन एवं अनुरक्षण नीति 2024 निर्गत की गयी है। जल आपूर्ति के लिए प्रदेश के सरकारी फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के अंतर्गत 28,606 ए0एन0एम0, 60,102 आशा कार्यकर्ती, 1,10,949 आंगनवाडी कार्यकर्ती, 1,10,453 स्कूल अध्यापक तथा 1,66,504 एस0एच0जी0 मेम्बर्स सब मिलाकर 4,76,614 सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया गया। 26 जनवरी, 2025 को देवरिया, रायबरेली, गोरखपुर, मिर्जापुर एवं बुलन्दशहर जनपदों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जल समिति के सरपंचों को गणतंत्र दिवस समारोह-2025 के अवसर पर कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित कर मा0 मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। 20 जून से 31 जुलाई, 2025 के तहत, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सभी जनपदों में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यान्वयन सहायता एजेंसियों के माध्यम से स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# जिला सेवायोजन विभाग द्वारा प्रीपेशमेंट गाइडेंस काउंसलिंग सेसन का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में शुक्रवार को जिला सेवायोजन विभाग द्वारा प्रीपेशमेंट गाइडेंस काउंसलिंग सेसन का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 10 अक्टूबर को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एमपी तिवारी नें मीता गुप्ता जिला सेवायोजन अधिकारी व डॉ0 शिवानंद पाण्डेय विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र एमएलके पीजी बलरामपुर को बुके एवं अंगवस्त्र देकर हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया। साथ ही विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक एवं आये हुए सम्मानित अतिथियों द्वारा कक्षा-9 से 12 के छात्र-छात्राओं को कैरियर परामर्श, सेवायोजन विभाग और रोजगार को प्राप्त करनें की विस्तृत रूप से जानकारी दी। विद्यालय की कक्षा-4 एवं 5 की छात्राओं ने आये हुए सम्मानित अतिथियों का गीत-'**सुस्वागत्-सुस्वागत् करते हैं तुम्हारा**' नामक सुन्दर गीत पर स्वागत नृत्य के माध्यम से स्वागत किया।

प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि वर्तमान समय में कैरियर का चुनाव एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण निर्णय बन चुका है। शिक्षा का स्वरूप बदला है, तकनीक का दायरा बढ़ा है और नौकरियों की प्रकृति में विविधता आई है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को सही दिशा देनें के लिए कैरियर परामर्श की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है। इसके साथ ही विभाग की भूमिका और बढ़ गयी है, जो युवाओं को व्यवसायिक कौशल सिखा कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करता है। मीता गुप्ता जिला रोजगार अधिकारी ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं कैरियर परामर्श की आवश्यकता की जानकारी देते हुए बताया कि कई बार विद्यार्थी पढाई पूरी करने के बाद भी यह नहीं समझ पाते कि उन्हें किस क्षेत्र में जाना चाहिए। वे अपने रूचि, क्षमता और बाजार की मांग के बीच संतुलन नहीं बना पाते। ऐसे में एक प्रशिक्षित कैरियर काउंसलर उन्हें उनके व्यक्तिगत रूचियों, योग्यताओं और उपलब्ध अवसरों के आधार पर मार्गदर्शन देता है।

डा0 शिवानंद पाण्डेय ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए बताया कि आज के समय में ज्ञान के साथ-साथ कौशल प्राप्त करना अनिवार्य हो गया हे। केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका व्यावहारिक उपयोग भी जरूरी है। अंत में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने इस आयोजन में छात्र-छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया और उन्हें आत्मविश्लेषण तथा आत्मनिर्णय की दिशा में प्रेरित किया। साथ आये हुए सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए धन्यवाद दिया।

## पीएम आवास योजना के लिए 1.21 लाख पात्र चिह्नित

जन एक्सप्रेस । अमेठी

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले की 13 ब्लॉकों में 1,21,331 पात्रों का सर्वे संग सत्यापन कर लिया गया है। इन चिह्नित पात्रों को वर्ष 2025-29 के बीच योजना का लाभ दिलाया जाएगा। जिले में वर्ष 2016-17 में पीएम आवास के लिए 82 हजार पात्र सर्वे के दौरान चिह्नित किए गए थे। इन चिह्नित पात्रों को वर्ष 2024 तक लाभान्वित किया गया है। विभाग के अनुसार अब तक 99.69 फीसदी पीएम आवास पूर्ण हो चुके हैं। सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्रों को योजना से आच्छादित करने के लिए सर्वे कराया गया। प्रथम स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी की ओर से पात्रों की जांच कर उनके दस्तावेज, आय और वर्तमान आवास की स्थिति की पुष्टि की गई।

# केंद्रीय विद्यालय की छात्रा गार्गी मिश्र बनी एक दिन की डीएम

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत कलेक्ट्रेट में केंद्रीय विद्यालय की छात्रा गार्गी मिश्र ने एक दिन की संतेकित जिलाधिकारी बन प्रशासनिक कार्यों की बागडोर संभाली एवं जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतों को सुना एवं फोन पर संबंधित को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया।

इस दौरान आयोजित संवाद कार्यक्रम में छात्राओं ने डीएम से विभिन्न विषयों टाइम मैनेजमेंट, पढ़ाई में एकाग्रता, कैरियर चयन, सोशल मीडिया का प्रभाव, महिला सुरक्षा आदि विषयों पर प्रश्न पूछे , छात्राओं के प्रश्नों का डीएम से बेहतर तरीके से जवाब दिया, डीएम से बातचीत कर सभी छात्राएं खुश दिखीं। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि सभी छात्राएं सदैव नया सीखने का प्रयास करें, कठिन परिश्रम एवं लगन से आगे बढ़े। सभी छात्राओं में प्रशासनिक क्षमता की वृद्धि को डीएम ने सभी छात्राओं को कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का भ्रमण कर कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान किया। इस दौरान डीएम ने छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय, एडीएम न्यायिक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रधानाचार्य चंदन पांडे, प्रोबेशन विभाग के कर्मचारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण, केंद्रीय विद्यालय, सिटी मांटेसरी की छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# अवैध मदिरा के निर्माण एवं तस्करी पर अंकुश के लिए तहसीलवार टीमें गठित: डीएम

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 10 से 25 अक्टूबर 2025 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है।

जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध अल्कोहलध्शीरा के परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमों का गठन किया है। जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी तथा अवैध अल्कोहलध्शीरा के परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता से विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफ़्यिाओंध्तस्करों की सूची के अनुसार उनके विरुद्ध स्थानीय पुलिस के सहयोग से नियमानुसार गैंगस्टरध्गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जाए तथा उन पर सतत निगरानी की जाए। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी और राष्ट्रीयध्राज्य राजमार्ग पर स्थित ढाबों, जहां अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है, की भी संघ एवं आकस्मिक जांच कराई जाए। इन टीमों द्वारा जनपद में अवैध मदिरा के संदिग्ध स्थानों/अड्डों पर छापेमारी की कार्यवाही की जाए। आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेकलिस्ट के अनुसार किया जाए। स्टॉक के बारकोड व क्यू0आर0 कोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कता पूर्वक स्कैनिंग/जांच की जाए। देशी/विदेशी मदिराध्बियर एवं माडल शाप की फुटकर बिक्री की दुकानों पर ओवर रेट के सम्बन्ध में रैंडम टेस्ट परचेज की कार्यवाही भी की जाए। दुकानों पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरा के सुचारू रूप से निरंतर क्रियाशील रहते हुए रियल टाइम मॉनिटरिंग की उपलब्ध निश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विशेष सतर्कता बरती जाए एवं नियमित रूप से रोड चेकिंग कराई जाए जिससे किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी ना हो पाए।

## एम्स रायबरेली के डॉक्टरों ने बचाई महिला की जान, निकाला पैराथाइरॉइड ट्यूमर

**रायबरेली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज के लिए एक बीमारी महिला की जांच में गर्दन में पैराथाइरॉइड ट्यूमर मिला। एम्स में यह पहला मामला डॉक्टरों के सामने आया। इसके लिए एम्स की टीम में ईएनटी, एनेस्थीसिया, एंडोक्राइन मेडिसिन और पैथोलॉजी के डॉक्टरों की टीम ने इलाज शुरू किया। एम्स के डॉक्टरों ने जांच में पाया कि पैराथाइरॉइडेक्टॉमी नामक यह प्रक्रिया पैराथाइरॉइड ट्यूमर के साथ प्राथमिक हाइपरपैराथाइरॉइडिज्म से पीड़ित रोगियों के लिए सटीक उपचार है। यह वह स्थिति है जहां एक या एक से अधिक पैराथाइरॉइड ग्रंथियों में एडेनोमा विकसित हो जाता है. इससे अत्यधिक मात्रा में पैराथाइरॉइड हार्मोन का उत्पादन होता है. इससे रक्त में कैल्शियम का स्तर बढ़ जाता है। यह रोग कई शारीरिक प्रणालियों को प्रभावित करता है और इसमें हड्डियों, पथरी (गुर्दे में), कराहना (पेट दर्द), बार-बार पेशाब आना और मनोरोग संबंधी संकेत (थकान, अवसाद, भ्रम, स्मृति हानि, चिड़चिड़ापन और यहां तक कि कोमा) जैसे पारंपरिक लक्षण दिखते है। इसमें एक 50 वर्षीय आशा कार्यकर्ता महिला पीठ के निचले हिस्से में दर्द और गुर्दे की पथरी की शिकायत के साथ एंडोक्रिनोलॉजी ओपीडी में आई थी। जनरल मेडिसिन और एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मधुकर मित्तल के नेतृत्व में एंडोक्रिनोलॉजी टीम ने पाया कि महिला के गर्दन में एक ट्यूमर के कारण उसे यह समस्या थी। इलाज के लिए ट्यूमर को सर्जरी से हटाने का निर्णय लिया गया। सर्जिकल टीम का नेतृत्व ईएनटी और हेड नेक सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अरिजीत जोतदार ने किया। टीम में डॉ मोनिका और डॉ सृष्टि भी शामिल थे। एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विजय बाबू ने एनेस्थीसिया रेजीडेंट की टीम के साथ किया। एंडोक्राइन टीम में मेडिसिन विभाग के डॉ. हरेंद्र और डॉ. शक्ति शामिल थे।

# आरएसएस प्रचारक राधेश्याम मिश्रा का राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में आरएसएस के प्रचारक, विश्व हिंदू परिषद के अयोध्या प्रांत पूर्व प्रांत मंत्री(2000), सामाजिक समरसता अभियान के क्षेत्रीय संगठन मंत्री (उत्तर प्रदेश- उत्तरांचल), क्षेत्रीय गौ रक्षा प्रमुख, वर्तमान में विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित वेद विद्यालय प्रभारी कार्य सेवक पुरम, सह मंत्री कार्य सेवक पुरम कमेटी अयोध्या राधे श्याम मिश्र का लंबी बीमारी के चिकित्सा उपचार के दौरान ट्रामा सेंटर मेडिकल कॉलेज लखनऊ में 9-10 की रात्रि में करीब 10 बजे अस्पताल में निधन हो गया। श्री मिश्रा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव लोहे पनिया महाराजगंज तराई में बीते गुरुवार को उनके बड़े पुत्र डॉ विनय कुमार मिश्रा द्वारा मुखाग्नि देकर किया गया। जानकारी के अनुसार बलरामपुर में विश्व हिंदू परिषद को लाने वाले प्रथम व्यक्ति स्व0 राधेश्याम मिश्रा थे। अयोध्या श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में उन्होंने अपनी माहिती भूमिका निभाई थी। स्वर्गीय राधेश्याम मिश्र का जन्म 5 अगस्त 1945 में ग्राम लोहे पनिया महाराजगंज तराई में हुआ था।

जून 1975 में इमरजेंसी में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए 3 माह तक बचते हुए सितंबर 1975 को गिरफ्तार हुए औरजेल गए। जेल में पहुंचते ही राष्ट्रपति के आदेश पर उनके ऊपर मीशा लगा दिया गया और कठोर कारावास में रखा गया। सारे आंदोलनकारी कुछ दिन पश्चात छोड़ दिए गए, लेकिन श्री मिश्रा के रिहाई 21 मार्च 1977 को मुरारजी देसाई के सरकार में किया गया। स्वर्गीय राधेश्याम मिश्रा ने गोंडा बलरामपुर बहराइच के साथ-साथ अन्य जिलों में भी संघ एवं विश्व हिन्दू परिषद का बिगुल बजाया। आज भी श्री मिश्र के हजारों अनुयाई सामाजिक क्षेत्र में आरएसएस अलग-अलग अनुसांगिक संगठनों में काम कर रहे हैं। श्री राधे श्याम मिश्रा के निधन से बलरामपुर जनपद को अपूर्णनीय छति हुई है। उनके जैसा समाज से भी धर्मनिष्ठ एवं प्रतिज्ञावादी व्यक्ति का अभाव हमेशा रहेगा। इस अवसर पर विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, एमएलके कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर ओपी मिश्रा, विद्याभूषण मिश्रा, कमलेश त्रिपाठी, यदुनंदन मिश्रा, योगी शुक्ला, हरिवंश सिंह, तुलसीष दुबे, अंबरीश शुक्ला, राम जन्मभूमि के विजयी पक्षकार राजेंद्र सिंह, अजय जायसवाल, उमेश मणि दीक्षित, रामकृपाल शुक्ल, कौशल शुक्ल, प्रेम कुमार मिश्र व विश्व गौरव पाण्डेय सहित सैकड़ो लोग अंतिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

## चाकू से हमला करने वाले सात गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जगदीशपुर के हुसैनगंज कलां गांव में बुधवार देर शाम गुलाल लगाने के विवाद में तीन लोगों पर चाकू और लोहे की रॉड से हमला करने के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है। पुलिस नामजद अन्य आरोपियों की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। गांव निवासी लक्ष्मण के अनुसार बुधवार रात दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुभाष, विकास, अमन, अरविंद, छोटे, बाबूराम और वीरेंद्र उर्फ सोनू ने कुछ महिलाओं और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर उनके पिता रामसुधारे, चाचा समर बहादुर और रिश्तेदार बिपिन पर चाकू से हमला कर दिया था। बच्चों के गुलाल लगाने पर दूसरे पक्ष से लोग हमलावर हो गए थे। स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत थाना ककवन पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## महिलाओं से अश्लील हरकत करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



ककवन। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान तथा मिशन शक्ति 5.0 के तहत थाना ककवन पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत सराहनीय कार्रवाई की है। पुलिस ने सड़क पर गुजरने वाली महिलाओं और छात्राओं से अश्लील हरकत करने वाले एक युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, अभियुक्त बोबी पुत्र बृजेश कुमार उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी ग्राम रहीमपुर विषधन थाना ककवन, ग्राम हरीपुरवा बम्बा रोड के पास आने-जाने वाली महिलाओं व छात्राओं को देखकर अश्लील हरकतें कर रहा था। आरोपी की हरकतों से महिलाओं में भय और आक्रोश का माहौल था।सूचना मिलते ही थाना ककवन पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुँचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध मु.अ.सं. 117/2025, धारा 296 बी.एन.एस. में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक कीर्ति पाल व हेड कांस्टेबल संजय कुमार की प्रमुख भूमिका रही।वरिष्ठ अधिकारियों में पुलिस आयुक्त कानपुर नगर, पुलिस उपायुक्त पश्चिम, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम, एवं सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर – के कुशल निर्देशन में हुई इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्रवासियों ने प्रशंसा की है। पुलिस की तत्परता से स्थानीय महिलाओं में सुरक्षा की भावना और विश्वास और भी मजबूत हुआ।

## पुन: चोरो के साये इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र का इलाका

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। जनपद के थाना इमलिया सुल्तानपुर में अभी कुछ समय पूर्व चोरी की वारदातों की सुर्खिया बनने के बाद पुलिस अधीक्षक सीतापुर के द्वारा थाना प्रभारी के प्रभार में फेर बदल किया गया था। जिससे क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर विराम लग सके और थाना क्षेत्र निवासी चुस्त दुरूस्त कानून व्यवस्था के चलते अपना जीवन यापन कर सके और निर्भय होकर अपने दैनिक जीवन में गुजर बसर कर सके। कुछ समय तक तो थाना क्षेत्र में चोरियों की घटना शांत रही लेकिन जैसे जैसे समय में परिवर्तन और त्यौहारों का दौर शुरू हुआ थाना क्षेत्र में पुन: चोर सक्रिय होते नजर आ रहे है और वारदातों को अंजाम देना प्रारम्भ कर रहे है। बताते चले कि थाना क्षेत्रान्तर्गत काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र से एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है। जिसकी सूचना पीड़ित द्वारा पुलिस को दी गई।

## जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान निधन-सूबेदार शैलेंद्र सिंह का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



भारतीय सेना के बहादुर जवान सूबेदार शैलेंद्र सिंह (39) का शुक्रवार को बिल्हौर के शिवराजपुर स्थित खेरेश्वर गंगा तट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शैलेंद्र सिंह जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में तैनात थे, जहां ड्यूटी के दौरान ब्रेन स्ट्रोक से उनका निधन हो गया।अंबेडकर नगर के अकबरपुर निवासी शैलेंद्र सिंह के निधन की खबर उनके परिवार के लिए गहरा दुख लेकर आई। उनके पीछे पत्नी प्रियंका सिंह, 11 वर्षीय बेटी आकृति और चार वर्षीय बेटा अनंत सिंह हैं। बड़े भाई भूपेंद्र सिंह और छोटे भाई राघवेंद्र सिंह खेती करते हैं। परिवार ने बताया कि करवा चौथ से एक दिन पहले ही उन्हें शैलेंद्र सिंह के निधन की सूचना मिली, जिससे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

शुक्रवार को उनके पार्थिव शरीर को सेना के जवानों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में गांव लाया गया। स्थानीय लोगों ने नम आँखों से उन्हें अंतिम दर्शन दिए। इसके बाद शव को खेरेश्वर गंगा तट पर ले जाया गया, जहां छोटे भाई राघवेंद्र सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। सेना के जवानों ने साथी को सलामी देकर सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी। गंगा तट पर इस दौरान ÷शहीद अमर रहें÷ और ÷भारत माता की जय÷ के नारे गूंज उठे।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शैलेंद्र सिंह के देशभक्ति और समर्पण को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साहस और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी।

## किसानों की समस्याओं पर गरजी यूनियन– पुल, पानी, बिजली और खाद की किल्लत पर आवाज बुलंद

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



ककवन ग्राम ककवन में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के बैनर तले किसानों की एक बड़ी पंचायत आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता यूनियन के जिला अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने की। बैठक में सैकड़ों किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया।राजकुमार तिवारी ने कहा कि यूनियन लगातार किसानों, मजदूरों और गरीब तबके की आवाज़ को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में यमुना नदी पर पुल निर्माण, पेयजल संकट, अधूरे पड़े विकास कार्य, बिजली बिलों की गड़बड़ी, खाद की कमी, और धान की खरीद में अव्यवस्था जैसे मुद्दे लंबे समय से अनदेखे पड़े हैं। उन्होंने बताया कि गांवों में पानी की टंकियों की भारी कमी है और कई हैंडपंप खराब पड़े हैं, जिससे लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। वहीं, किसानों को महंगी खाद और बिजली के भारी बिलों का सामना करना पड़ रहा है। धान की खरीद के समय सहकारी समितियों में किसानों को समय पर भुगतान और उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। पंचायत में सर्वसम्मति से प्रशासन से निम्न मांगें रखी गईं – यमुना नदी पर शीघ्र पुल निर्माण कराया जाए।सभी अधूरे विकास कार्यों को पूरा किया जाए। हर गांव में पेयजल और हैंडपंप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।किसानों के बिजली बिलों में सुधार कर राहत दी जाए।धान की खरीद उचित समर्थन मूल्य पर की जाए। राजकुमार तिवारी ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो यूनियन चरणबद्ध आंदोलन करेगी और किसानों के हक की लड़ाई सड़क से लेकर शासन तक लड़ी जाएगी। किसानों ने एक स्वर में कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

## शिवराजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### पांच बाइक चोर गिरफ्तार, छह चोरी की बाइक बरामद



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा के तहत अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में शिवराजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पांच बाइक चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी शिवराजपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि कुछ युवक चोरी की बाइकें बेचने की फिराक में हैं। इस पर पुलिस ने रणनीतिक तरीके से विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने कई स्थानों से बाइक चोरी करने की बात कबूल की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान – जतिन सविता निवासी भैसऊं, आशुतोष यादव उर्फ आशु निवासी बुधपुर, अनुज कमल निवासी जगदीशपुर, सौरभ यादव निवासी इघरा (थाना चौबेपुर), शिवाजी निवासी शिवली (कानपुर देहात) के रूप में हुई है। सभी की उम्र 19 से 22 वर्ष के बीच बताई जा रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजपाल सिंह, लोकेश सोलंकी, सुधांशु यादव, अभिषेक सिंह, राहुल कुमार सिंह, विक्रांत यादव, हेमंत कुमार, हेड कांस्टेबल समीर यादव और कांस्टेबल राहुल कुमार सहित थाना शिवराजपुर की पुलिस टीम शामिल रही।

सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की तत्परता और कार्रवाई की सराहना की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## विद्यालय में धार्मिक प्रतीकों को लेकर विवाद, पुलिस व प्रशासन ने संभाली स्थिति

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

देवहा गांव स्थित श्री प्रसाद अवधेश इंटर कॉलेज में शुक्रवार को धार्मिक प्रतीकों को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। कुछ छात्रों और अभिभावकों ने मुस्लिम शिक्षक पर आरोप लगाया कि उन्होंने छात्रों को कलावा बांधने, टीका लगाने और चोटी रखने से रोकने का प्रयास किया, जिससे परिसर में हंगामा मच गया।

छात्रों का आरोप, अल्लीपुर करुआमऊ के छात्र चेतन शर्मा, आजाद शर्मा, संगम शर्मा और शिवम शर्मा ने आरोप लगाया कि शिक्षक इंसाफ अली ने कई बार छात्रों को धार्मिक प्रतीकों को पहनने या रखने से रोका। उनका कहना है कि इस संबंध में पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

प्रधानाचार्य का पक्ष, विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र यादव ने सभी शिकायतों को निराधार बताया। उन्होंने कहा, विद्यालय में किसी भी धार्मिक प्रतीक पर रोक नहीं है। हाल ही में खेलकूद प्रतियोगिता में एक छात्र को हाथ में पहने मोटे कड़े से चोट लग गई थी। सुरक्षा के मद्देनजर छात्रों को सावधानी बरतने को कहा गया था।

### पुलिस और प्रशासन का हस्तक्षेप

,सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज फोर्स के साथ कॉलेज पहुंचे और परिसर में शांति बहाल कराई। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में शिक्षक द्वारा किसी धार्मिक प्रतीक पर रोक लगाने की पुष्टि नहीं हुई।एसडीएम संजय दीक्षित ने कॉलेज प्रशासन को विस्तृत जांच के निर्देश दिए और कहा कि किसी भी पक्ष के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।फिलहाल स्थिति सामान्य पुलिस और प्रशासन के सक्रिय हस्तक्षेप के बाद कॉलेज परिसर में शांति लौट आई है। अधिकारी अब छात्र और शिक्षक दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले के निष्पक्ष समाधान पर ध्यान दे रहे हैं। स्थानीय लोग भी कहते हैं कि ऐसे विवाद शैक्षिक वातावरण को प्रभावित करते हैं, इसलिए मामले का त्वरित और निष्पक्ष समाधान होना आवश्यक है।

## मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर सामाजिक न्याय और पीडीए सरकार का ऐतिहासिक संकल्प

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

पूर्व रक्षा मंत्री व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विनय यादव ने सामाजिक न्याय और पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के अधिकारों की लड़ाई को निर्णायक अंजाम तक पहुँचाने का ऐतिहासिक संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने 10 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई, जिसमें मुख्य बिंदु थे-संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय की गारंटी सुनिश्चित करना।आरक्षण विरोधी षड्यंत्रों का निर्णायक मुकाबला। सामाजिक न्याय के राज की स्थापना।पीड़ित, पिछड़े और उपेक्षित समाज के लिए एकजुटता और स्वाभिमान का विस्तार।वर्चस्व और प्रभुत्ववाद के दंभ का खात्मा। धोखेबाजों की पहचान और बहिष्कार।मानवता के पक्षधरों के साथ सहयोग।90% आबादी की जीत सुनिश्चित करना।संपर्क, संवाद और सहयोग के सिद्धांत को कायम रखना। अंतिम लक्ष्य- पीडीए सरकार की स्थापना।कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजा राम दोहरे, शीलू पाल, अनस खान, सुमित यादव, शौकत अली विजय दोहरे सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह कार्यक्रम नेताजी के आदर्शों को जीवित रखते हुए वंचित और पीड़ित समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष की प्रतिबद्धता का प्रतीक बना।

## विज्ञान शिक्षकों का कंप्यूटर प्रशिक्षण संपन्न

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा जनपद सीतापुर से अपने विषय में पारंगत 10 उच्च प्राथमिक स्तर के विज्ञान शिक्षकों का कंप्यूटर विषय में प्रशिक्षण भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में कंप्यूटर की प्रारंभिक अवधारणा, वर्ड प्रोसेसिंग, स्प्रेडशीट फॉर टीचर्स, प्रेजेंटेशन एंड डिजिटल क्रिएटिविटी, इंटरनेट एंड ऑनलाइन रिसर्च, कम्युनिकेशन एंड कॉरपोरेशन टूल्स, डिजिटल सिटीजनशिप, कंप्यूटर थिंकिंग, स्क्रैच प्रोग्रामिंग, पाइथन प्रोग्रामिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, तथा डाटा मैनेजमेंट एंड शोकेस सहित कुल 12 यूनिट के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण की उच्च गुणवत्ता एवं प्रबंधन की शिक्षकों द्वारा प्रशंसा की गई एवं संकल्प लिया गया कि प्राप्त प्रशिक्षण का उपयोग विद्यालय में बच्चों की शिक्षण में किया जाएगा।

प्रशिक्षण में हरगांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय भनवापुर से रोहित कुमार शुक्ला एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रीछिन से गौरव प्रजापति,

रेउसा के बुर्रा से दिनेश कुमार, मिश्रिख के रामपुर भेड़ा से नवीन शुक्ला, खैराबाद के चिलवारा से मनीष पांडे, मिश्रिख के आंत से प्रधान शेखर, मछरेहटा के भिठौरा से जितेंद्र कुमार, कसमंडा के सैदापुर से सीमा द्विवेदी, मिश्रिख के देवगांव से सुशील कुमार यादव, बेहटा के मुगलपुर से रेशम चंद्र शर्मा ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण प्राप्त करके आए सभी शिक्षकों को प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर एवं समस्त एस.आर.जी. टीम द्वारा बधाई दी गई एवं प्रशिक्षण का समुचित उपयोग विद्यालय में करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## नेताजी मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर

### सपा कार्यकर्ताओं ने लिया 2027 में सरकार बनाने का संकल्प



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

समाजवादी विचारधारा के प्रणेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री नेता मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर शनिवार को सपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम बिल्हौर कस्बे के जीटी रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुआ, जिसका नेतृत्व सपा नेता विनय कोरी और आशीष सिंह चटरू ने किया। बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी निर्भय सिंह यादव ने नेताजी के संघर्षपूर्ण जीवन और समाजवादी सिद्धांतों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि – नेताजी ने सदैव किसानों, गरीबों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की आवाज़ को बुलंद किया। उनके विचार आज भी समाजवादी आंदोलन की प्रेरणा हैं।÷इस दौरान सपा नेताओं आशीष सिंह चटरू और विनय कोरी ने नेताजी के सिद्धांतों पर चलने तथा वर्ष 2027 में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प दोहराया।

कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और जय समाजवाद के नारों से वातावरण गूंज उठा।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अभिषेक सिंह मटरू, सहिर हुसैन, अरशद सिद्दीकी (नगर अध्यक्ष), नवीन यादव, कुलदीप यादव, पंकज यादव, शिवम यादव, प्रदीप यादव, सत्येंद्र यादव, भारत सिंह, हरीनाथ, राकेश (पप्पू पहलवान), प्रदीप सविता, तिलक सिंह, अफसर अली, दशरथ, रामसिंह, अनिल, रवी, महेंद्र, अमीनचंद्र, आरिफ, मोहलीम, सलमान कुरैशी, अमन राजपूत, रामसरन गौतम, लालजी गौतम, रामस्वरूप गौतम, राजबहादुर, बड़े यादव और संतोष राजपूत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आखिर गिरफ्तार ही हो गया रिश्वतखोर सचिव

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

आलोक गोस्वामी जहां भी रहे उस ग्रामसभा में घोटालो के साथ साथ रिश्वत खोरी बढ़ती रही है। जिस क्षेत्र में श्री गोस्वामी रहते वहां ग्रामसभा के अधिकीर कर्मचारी परेशान रहते। विगत दिवस एंटी करप्शन टीम ने ग्राम विकास अधिकारी को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्य का बकाया भुगतान करने के एवज में रकम मांगी थी। पीड़ित की शिकायत पर टीम ने उसे पकड़ा है। पकड़ने के बाद टीम उसे अपने साथ लेकर चली गई।बताया गया कि ग्राम विकास अधिकारी आलोक गोस्वामी बिसवां क्षेत्र में तैनात है। पीड़ित अनुराग मिश्रा ने 26 सितंबर को पुलिस अधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान से लिखित शिकायत की थी। इसमें बताया कि कार्य का बकाया भुगतान रिलीज करने के एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत पर टीम ने सबसे पहले शिकायकर्ता के प्रार्थनापत्र का सत्यापन कराया। इसके बाद आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। वीडीओ ने शिविर कार्यालय निवास ग्राम सत्तिन पुरवा, ब्लाक बिसवां में पैसे लेकर शिकायतकर्ता को बुलाया। वहां पर उससे 20 हजार रुपये लिए। इसी समय टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के बाद रिश्वत में लिए गए 20 हजार भी बरामद हुए। वीडीओ पर सतर्कता अधिष्ठान, लखनऊ सेक्टर में केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई एएसपी अभय कुमार मिश्रा की टीम ने की है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अभियुक्त गिरफ्तार 32 गत्ते पटाखे बरामद

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा त्यौहारों के दृष्टिगत सघन चेकिंग एवम् अवैध कृत्यो में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये है।उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के नेतृत्व में थाना बिसवां पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त रईस पुत्र स्व0 मंहगू निवासी मोहल्ला मिल्की टोला कस्बा थाना बिसवां जनपद सीतापुर को आर0के0 ग्रांड होटल के पीछे बंद पड़ी दुकान में से अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा बिना लाइसेंस के अवैध विस्फोटक सामग्री बेचने का व्यापार किया जा रहा था। जिसके विरुद्ध मु0अ0सं0 480/25 धारा 5/9ख(2) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। जनपद के मानपुर थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते युवक लापता हो गया। जिसकी तालश की जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की नदी में डबूने से मौत हुई है। गोताखोरों द्वारा तलाश कराई जा रही है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त थानान्तर्गत ग्राम कटरा गांव निवासी मुनेजर (30) संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों के अनुसार मुनेजर गोन नदी के किनारे किसी काम से गए थे। इसके बाद से उनका पता नहीं चला।गांव के किसी युवक ने परिजनों को नदी में डूबने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने तलाश शुरू कर दी, लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चल पाया है। सीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि निजी गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है।

### बेसमेंट में शॉर्ट सर्किट से लगी आग सम्पत्ति जलकर हुई राख

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। स्थानीय शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में साटर्किट से लगी आग से सारा सामान जलकर राख हो गया। फायर बिग्रेड की कड़ी मसक्कत के आग पर काबू पाया जा सका। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त थानान्तर्गत मोहल्ला मुंशीगंज में एक मकान के बेसमेंट में आग लग गई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। लपटों की चपेट में आकर सारा सामान जल गया। दमकल टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। बड़ागांव मार्ग पर किशोर वर्मा का घर है। घर के बेसमेंट में फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान और घरेलू उपयोग की कई वस्तुएं हैं। गृहस्वामी की मानें को अचानक बेसमेंट से धुआं निकला तो उनको आग लगने की जानकारी हुई। वह अपने परिवार के साथ ऊपर की मंजिल की तरफ भागे। मोहल्लेवासियों ने आग को बुझाने का प्रयास करते हुए पुलिस व दमकल विभाग को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि उनका करीब चार लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया है।

## मै सुहागन रहूं सात जन्मों तलक मुझे मेरा ही वर चाहिए

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

अपने पति की लम्बी उम्र की कामना को लेकर सुहागिनों द्वारा विधि विधान के साथ करवा चौथ व्रत रखा गया है। सुहागिनों ने यह व्रत निरजला रखा और रात में जब चांद का उदय हुआ तो सुहागिनों ने चन्द्रमा को अर्ध देने के बाद व्रत को तोड़ा और किसी ने फलाहार तो किसी ने भोजन किया। शाम होते ही सुहागिने खुलेआसमान के नीचे रंगोली व अन्य तरह से सजावट की चौक डाली। फिर महिलाओं ने विभिन्न देवी देवताओं की पूजा की और चन्दमा के उदय होने का इंतजार करती रही। इस पूजा के दौरान सुहागिने अपने पति की लम्बी उम्र की कामना की। बताया जाता है कि करवा चौथ के दिन जो सुहागिन उपवास रखती है तो उसके पति की लम्बी आयु होने अन्य मनोकामनाएं पूरी होती है।

करवा चौथ के ब्रत के दो दिन पहले से ही बाजारों में रौनक लौट आई थी। सुहाग सेण्टरों से कपड़ो और गहनों की दुकानो पर भीड़ दिखाई देने लगी और महिलाएं व उनके पति सामान खरीदते हुए दिखाई दिये। करवा चौथ के दिन पत्नि ने अपने पति की लम्बी आयु के लिये उपवास रखा तो पति ने भी अपनी पत्नी के लिये अपनी श्रद्धा के अनुसार उपहार दिये। दो दिन पहले से ही नगर के ब्यूटी पार्लरों में भीड़ दिखाई दी। सुहागिनों ने अपनी अपनी परम्परा के अनुसार विधिन विधान के करवा चौथ का व्रत रखा ।

## विश्व का कल्याण हमारा चिन्तन : कौशल

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



सनातन संस्कृति का चिंतन वैश्विक और प्राचीन है यह स्व तक सीमित न होकर सियाराम मय सब जग जानी और सर्वे भवंतु सुखिनः पर आधारित सनातन संस्कृति है, प्राणियों में सद्भावना और विश्व का कल्याण हो यह हमारा चिंतन है, शताब्दी वर्ष में यह संकल्प ले कि इस चिंतन से विमुख नहीं होना है। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत प्रचारक कौशल ने आयोजित नारायण नगर बस्ती में विजयादशमी उत्सव पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि इसी मंत्र के साथ संघ से जुड़कर हमेशा कार्य करने की आवश्यकता है,श्री कौशल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में उस समय हुई जब अंग्रेजों का एवं उसके पूर्व मुगलों का शासन था लेकिन बहुसंख्यक हिंदू समाज के लोग पराधीन थे! अनेक समस्याओं से घिरा उस समय हिंदू समाज पिछड़ा हुआ था, सनातन को भूलकर स्व की विस्मृति व लोगों में हिंदू होने का गर्व नहीं था, हिन्दू समाज में संगठन का अभाव था उस समय डॉक्टर केशवराव बलिराम हेडगेवार ने यह कहकर कि भारत हिंदू राष्ट्र है, संगठन खड़ा कर दिया।कार्यक्रम में सह प्रांत शारीरिक प्रमुख परितोष, विभाग प्रचारक अभिषेक, जिला प्रचारक आकाश, नगर प्रचारक विशाल, नगर कार्यवाह विनीत, सह नगर संघ चालक रामगोपाल वाल्मीकि, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, विश्राम सागर राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा,ललित श्रीवास्तव चंचल सहित गणेश धारी स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### संघ कार्यकर्ता के निधन पर शोकसभा का आयोजन

इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर मेला मैदान में शोक सभा का आयोजन किया गया। सेरुकहा निवासी दिवंगत आरएसएस कार्यकर्ता अंकित कुमार सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। 2 अक्टूबर दिन गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर पथ संचलन कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ता अंकित सिंह की ड्रम बजाते समय अचानक गिरकर निधन हो गया था। जिसके बाद आरएसएस के कार्यकर्ताओं में व पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी।दिवंगत आरएसएस कार्यकर्ता की आत्मा की शांति के लिए शुक्रवार को इमलिया सुल्तानपुर मेला मैदान में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें आयें लोगों ने श्रद्धांजली अर्पित की। शोक सभा आयोजन में सीतापुर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, गिरीश चंद्र मिश्रा राज्य मंत्री, प्रांत प्रचारक विपुल सिंह, मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश त्रिपाठी, आशुतोष सिंह, प्रियांशु सिंह, विवेक हिंदू, प्रदीप मिश्रा, रोहित सिंह, कौशल वर्मा, अशोक शुक्ला, सहित सैंकड़ों आरएसएस कार्यकर्ताओं ने व क्षेत्र वासियों ने दिवंगत कार्यकर्ता अंकित सिंह की तस्वीर पर फूल- माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# पाकिस्तान विरोधी पॉल कपूर को ट्रंप ने दक्षिण एशिया का प्रभारी बनाकर इस्लामाबाद को झटका दे दिया

**इन सांसदों ने पत्र में चेतावनी दी है कि भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाने की नीति न केवल दोनों देशों के उद्योगों को नुकसान पहुँचा रही है, बल्कि इससे भारत को चीन और रूस जैसे अमेरिका-विरोधी देशों के करीब धकेला जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत क्वाड समूह (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, भारत) का अहम स्तंभ है और इंडो-पैसिफिक में चीन के बढ़ते प्रभाव का सबसे मज़बूत संतुलन है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत-अमेरिका का व्यापार दोनों देशों में लाखों नौकरियों को सहारा देता है और कई अमेरिकी कंपनियाँ भारत पर निर्भर हैं।**

*अमेरिकी विदेश मंत्रालय में दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए भारतीय मूल के प्रोफेसर एस. पॉल कपूर की नियुक्ति न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भारत के लिए एक बड़ी रणनीतिक राहत के रूप में देखी जा रही है। पॉल कपूर, जो लंबे समय से दक्षिण एशियाई सुरक्षा, परमाणु नीति और आतंकवाद पर अपने कठोर विश्लेषणों के लिए जाने जाते हैं, अब उस पद पर आसीन हुए हैं जहाँ से अमेरिका की भारत, पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान और बांग्लादेश के प्रति नीतियाँ तय होती हैं। यह नियुक्ति ऐसे समय आई है जब अमेरिकी नीतियों में भारत के प्रति तनाव दिखने लगा था– विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क और व्यापारिक मतभेदों के कारण। ऐसे में कपूर की नियुक्ति अमेरिका-भारत संबंधों के लिए 'कूटनीतिक मरहम' के रूप में मानी जा रही है। कौन हैं पॉल कपूर और क्यों भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं? यदि इस पर चर्चा करें तो आपको बता दें कि नई दिल्ली में जन्मे पॉल कपूर भारतीय पिता और अमेरिकी माता के पुत्र हैं। उन्होंने शिकागो विश्वविद्यालय से पीएचडी की है और लंबे समय से अमेरिकी नौसेना के पोस्टग्रेजुएट स्कूल तथा स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन से जुड़े हुए हैं। वह उन कुछ विद्वानों में से हैं जिन्होंने दक्षिण एशिया की सामरिक राजनीति पर गहरी अकादमिक और व्यावहारिक समझ बनाई है। उनकी पुस्तकों Jihad as Grand Strategy और Dangerous Deterrent: Nuclear Weapons Proliferation and Conflict in South Asia में पाकिस्तान की नीतियों को उन्होंने राज्य प्रायोजित उग्रवाद÷ कहा है, न कि अस्थिरता की परिणति। यह दृष्टिकोण अमेरिका के भीतर पाकिस्तान के प्रति एक कठोर रुख की वकालत करता है। कपूर का यह विश्लेषण भारत के लिए राहतकारी है, क्योंकि अब दक्षिण एशिया मामलों में निर्णय-प्रक्रिया ऐसे व्यक्ति के हाथों में है जो पाकिस्तान की दोहरी नीति को अच्छी तरह समझते हैं। इससे पहले कपूर ट्रम्प प्रशासन के नीति नियोजन विभाग में काम कर चुके हैं, जहाँ उन्होंने इंडो-पैसिफिक रणनीति के निर्माण में भूमिका निभाई थी। यानी वह न केवल एक अकादमिक हैं, बल्कि नीति-निर्माण की मशीनरी से भी भली-भाँति परिचित हैं। उनकी नियुक्ति से यह स्पष्ट संकेत जाता है कि अमेरिका अब दक्षिण एशिया को केवल पाकिस्तान या अफगानिस्तान के संदर्भ में नहीं, बल्कि भारत-केंद्रित दृष्टि से देखना चाहता है। कपूर की नियुक्ति भारत के लिए राहत क्यों है? यदि इस पर चर्चा करें तो हमें यह देखना होगा कि पॉल कपूर का विचार है कि पाकिस्तान का आतंकवादी ढाँचा कोई आकस्मिक तत्व नहीं, बल्कि उसकी राष्ट्रीय रणनीति÷ का अभिन्न हिस्सा है। इसका सीधा अर्थ है कि वे अमेरिका के भीतर पाकिस्तान के प्रति किसी नरमी के पक्षधर नहीं हैं। उनकी सोच के अनुसार, जब तक इस्लामाबाद आतंकवाद को नीतिगत औज़ार के रूप में इस्तेमाल करता रहेगा, तब तक दक्षिण एशिया में स्थायी शांति असंभव है। भारत के दृष्टिकोण से यह अत्यंत अनुकूल है, क्योंकि बीते वर्षों में अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों में कई बार ऐसे संकेत मिले थे कि वॉशिंगटन इस्लामाबाद को फिर से रणनीतिक महत्व देने लगा है–खासकर अफगान मोर्चे पर। कपूर की उपस्थिति इस संतुलन को भारत की ओर झुका सकती है। दूसरी ओर, 21 अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति ट्रम्प को पत्र लिखकर भारत के साथ संबंध सुधारने की खुली वकालत की है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**इस वर्ग को लगेगा कि राष्ट्रीय जनता दल की अगुआई वाला गठबंधन जीत रहा है, एकजुट होकर बीजेपी–नीतीश गठबंधन को टूटकर वोट डालेगा। मुसहर और अति दलित जातियां बीजेपी के साथ नजर आ रही हैं। बिहार की राजनीति में कोईरी–कुर्मी की जोड़ी को लवकुश कहा जाता रहा है। नीतीश बेशक अपनी बिरादरी कुर्मी के ही नेता नहीं माने जाते, लेकिन कुर्मी समुदाय उन्हें ही अपना नेता मानता है। कुशवाहा यानी कोईरी वर्ग के नेता उपेंद्र कुशवाहा इसी गठबंधन में हैं। चिराग भी मजबूती के साथ खड़े हैं। लिहाजा जाति और धर्म की कीमियागिरी वाली बिहारी राजनीति में बीजेपी की अगुआई वाले गठबंधन के लिए यह जातीय मसाला बड़ी काम की चीज है।**

# बिहार में बजा चुनावी बिगुल, किसकी पूरी होगी आस, किसकी टूटेगी उम्मीद



**उमेश चतुर्वेदी**

**इस बीच कई लोगों की उम्मीद की किरण प्रशांत किशोर बनकर उभरे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उन्हें सिर्फ सवर्ण तबके के युवाओं का समर्थन हासिल है। लेकिन जमीनी स्तर पर निगाह रखने वाले राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बेशक प्रशांत किशोर के समर्थक युवाओं में सबसे बड़ी संख्या सवर्ण युवाओं की है। लेकिन अन्य वर्ग के भी पढ़े–लिखे युवा भी प्रशांत किशोर के साथ हैं।**

हर बार की तरह बिहार विधानसभा का मौजूदा चुनाव उन सभी लोगों के लिए उम्मीदें लेकर आया है, जो खुद चुनाव मैदान में उतरने जा रहे हैं.. उनके समर्थकों की भी उनकी कामयाबी से आस लगी है। कार्यकर्ताओं का बड़ा वर्ग ऐसा भी है, जिसकी सेहत उस दल की जीत या हार पर निर्भर करती है, जिससे उसकी प्रतिबद्धता जुड़ी होती है। लेकिन सबसे ज्यादा उम्मीद पहली बार खुद चुनावी मैदान में उतरने जा रहे प्रशांत किशोर को है। उम्मीद तो तेजस्वी यादव को भी है। उन्हें लगता है कि इस बार उनके नाम के बाद अतीत में लगे उप विशेषण से मुक्ति मिल जाएगी। उम्मीद उस बीजेपी को भी है, जो अपने सहयोगी की तुलना में संख्या बल में ताकवतर होने के बावजूद छोटे भाई की भूमिका निभाने को मजबूर रही है। आस तेजप्रताप को भी है कि वे लालू-राबड़ी की छाया से दूर होने के बावजूद चुनावी मैदान में कमाल दिखाने में वे सफल रहे हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को भी ऐसी ही उम्मीदें हैं। उसे भावी सरकार में हिस्सेदारी की आस है। लेकिन अन्य दलों की तुलना में उसकी उम्मीद कुछ अलग भी है। उसे लगता है कि अगर इस चुनाव में तेजस्वी की अगुआई वाले उसके गठबंधन ने मोदी-नीतीश की जोड़ी को पटखनी दे दी तो दिल्ली के ताज तक की उसकी यात्रा आसान हो जाएगी। उम्मीदें खोखली नहीं होतीं। उनका कुछ ठोस आधार भी होता है। इस लिहाज से देखें तो हर पार्टी और उसके बड़े नेताओं की आस के कुछ ठोस आधार हैं। तेजस्वी यादव को लगता है कि उनके गठबंधन में शामिल कांग्रेस के चलते उनके पारंपरिक मुस्लिम-यादव गठजोड़ को राज्य के सवर्ण तबके के एक वर्ग का वोट मिल सकता है। पिछले चुनाव में उनका गठबंधन नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन की तुलना में महज साढ़े सोलह हजार के करीब वोटों से ही पिछड़ गया था। उन्हें लगता है कि इस बार इस कमी को ना सिर्फ उनका गठबंधन पूरा कर लेगा,बल्कि आगे भी निकल जाएगा। लेकिन उन्हें भूलना नहीं चाहिए कि पिछली बार चिराग पासवान की अगुआई वाली लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए से अलग होकर लड़ रही थी। तब उनका अघोषित और घोषित-दोनों उद्देश्य नीतीश कुमार को पटखनी देना था। इसमें वे पूरी तरह कामयाब तो नहीं हुए, अलबत्ता नीतीश के नतीजों को नुकसान पहुंचाने में कामयाब रहे। नीतीश की पार्टी को महज 43 सीटों से संतोष करना पड़ा था। लेकिन इस बार चिराग नीतीश के साथ हैं। अंदरखाने में भले ही वे नीतीश का साथ नहीं दे रहे हों, लेकिन करीब दस फीसद पासवान वोटरों का आधार एनडीए को मुहैया करा रहे हैं। इसलिए तेजस्वी को इस बार कहीं ज्यादा मेहनत करनी होगी। उन्हें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के ठोस वोट बैंक में गहरी सेंध लगानी होगी। तेजस्वी के लिए राहत की बात यह है कि सीमांचल की 28 सीटों पर उन्हें चुनौती देने वाली एआईएम इस बार उनसे गठबंधन करने के लिए लालायित है। अगर बात बन जाती है तो



**रही बात नीतीश कुमार की तो इस बार का चुनाव एक तरह से उनका आखिरी चुनाव है। हालांकि पिछली बार यानी 2020 में जब वे चुनावी चक्रव्यूह में फंसे नजर आ रहे थे तो उन्होंने कुछ सभाओं में पिछले ही चुनाव को आखिरी बता दिया था।**

तेजस्वी के गठबंधन के लिए चुनावी वैतरणी थोड़ी आसान हो जाएगी। लेकिन तेजस्वी की राह का एक बड़ा रोड़ा उनके बड़े भाई तेजप्रताप हैं। जिन्हें उनकी दो बहनों का परोक्ष साथ भी मिल रहा है। इससे बिहार के उनके कोर वोटरों में संदेश गया है कि परिवार में सबकुछ ठीक नहीं है। अगर तेजस्वी के साथ यादव युवाओं का एक वर्ग खड़ा हो गया तो ओबैसी के आने से मिलने वाले फायदे जितना तेजस्वी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। रही बात नीतीश कुमार की तो इस बार का चुनाव एक तरह से उनका आखिरी चुनाव है। हालांकि पिछली बार यानी 2020 में जब वे चुनावी चक्रव्यूह में फंसे नजर आ रहे थे तो उन्होंने कुछ सभाओं में पिछले ही चुनाव को आखिरी बता दिया था। यह बात और है कि इस बार अभी तक ऐसा उन्होंने कोई संदेश नहीं दिया है। लेकिन बिहार के सियासी और लोक गलियारों में जिस तरह उनके स्वास्थ्य को लेकर चर्चाएं हैं, उससे माना जा रहा है कि इस बार का चुनाव एक तरह से उनका आखिरी चुनाव होगा। राजनीतिक दुनिया में यह भी माना जा रहा है कि इस बार वे बीजेपी से यह गारंटी चाहेंगे कि उनके बेटे निशांत का नेतृत्व स्थापित हो जाए। निशांत ने कुछ महीने पहले राजनीतिक सक्रियता दिखाकर ऐसा संकेत भी दिया था। हालांकि कुछ अरसे से उन्होंने सियासी चुप्पी ओढ़ ली है। उनके इस रूख से माना जा रहा है कि बीजेपी से अंदरखाने में किसी ठोस बिंदु पर बातचीत हो चकी है। हो सकता है कि निशांत विधानसभा का चुनाव ना लड़ें। लेकिन वे चुनाव बाद विधान परिषद में ठीक उसी तरह आ सकते हैं, जैसे उनके पिता आए। याद कीजिए, 2005 के जिस विधानसभा चुनाव में विजय के साथ नीतीश ने लालू राज को उखाड़ फेंका था, उस बार भी उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा था और विधान परिषद के सदस्य के नाते उन्होंने सरकार की अगुआई की थी। इस बार के चुनाव में जनता दल यू एकजुट तो दिखेगा, लेकिन चुनाव मैदान में सबसे ज्यादा सवालों का सामना अशोक चौधरी को करना होगा। जिनके भ्रष्टाचार की गाथा को प्रशांत किशोर लोकमानस के बीच पहुंचा चुके हैं। उनकी ही तर्ज पर बीजेपी की ओर से उप मुख्यमंत्री बने मुरेठाधारी सम्राट चौधरी के लिए भी खुद का बचाव करना मुश्किल होगा, जिनके शैक्षिक प्रमाण पत्र और हत्या के एक आरोप में बरी होने को प्रशांत किशोर ने बिहार का सवाल बनाकर रख दिया है। बीजेपी इस बार चाहती है कि वह राज्य में बड़े भाई की भूमिका में रहे। बड़े भाई की भूमिका में आने के बाद ही वह राज्य की सर्वोच्च पार्टी बन सकती है। 1967 में समाजवादियों के साथ उसने जहां भी सरकार बनाई, उन राज्यों में बाद के दिनों में वह ना सिर्फ नंबर एक बन गई,बल्कि साथी समाजवादी दूर कहीं पीछे छूटते नजर आए। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा, हरियाणा और कर्नाटक इसके उदाहरण हैं। लेकिन बिहार में अब भी वह खुद के दम पर अपना वजूद स्थापित करने से दूर है। इस बार बीजेपी चाहेगी कि राज्यमें उसकी अगुआई में सरकार बने। इसके लिए उसने अपने दो बड़े कद्दावर रणनीतिकारों धर्मेंद्र प्रधान और विनोद तावड़े को मैदान में उतार दिया है। दोनों ने बिहार में अपने ढंग से ऑपरेशन शुरू कर दिया है। मैथिली की लोक गायिका मैथिली ठाकुर को बीजेपी एक तरह से अपना उम्मीदवार घोषिकर ही चुकी है। सत्ता पर काबिज होने और राज्य की नंबर एक सियासी पार्टी बनने के लिए मोदी-शाह के युग में पार्टी ने नई रणनीति अख्तियार की है। वह लोकप्रिय चेहरों को अपने साथ जोडने में देर नहीं लगाती। वैचारिक रूप से विरोधी रहे लोगों को भी अपने पाले में लाने में उसे गुरेज नहीं रहा। बशर्ते कि उनके आने से पार्टी को दूरगामी राजनीतिक फायदा मिलता दिख रहा हो। मैथिली ठाकुर का अतीत ऐसा नहीं है। मिथिला के लोक रंग में पली मैथिली एक तरह से भारतीय जनता पार्टी की पारंपरिक हिंदुत्व की राजनीति की नजदीकी ही लगती हैं। चुनाव के दौरान बीजेपी ऐसे कई और चेहरों पर दांव लगा सकती है। बीजेपी को उम्मीद अपने मजबूत रणनीतिक वोट बैंक पर है। अति पिछड़ों और सवर्ण तबके में उसकी पकड़ अच्छी है। कभी पिछड़ावादी राजनीति जिस समुदाय को भूराबाल यानी भूमिहार, राजपूत, ब्राह्मण और लाला यानी कायस्थ कहकर हिकारत का भाव दिखाती थी, उसे यह वर्ग भूला नहीं है। हालांकि हाल के दिनों में बीजेपी की ओर से पिछड़ावादी राजनीति को बढ़ावा देने और उसी समुदाय से नेतृत्व उभारने के चलते सवर्ण तबके का एक वर्ग नीतीश-बीजेपी जोड़ी से नाखुश भी है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 16:48 तक |
| नक्षत्रः | रोहिणी 15:22 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | व्यतिपाता, 14:04 तक |
| सूर्योदयः | 06:19 |
| सूर्यास्तः | 17:48 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 09:11-10:38 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:41-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

### टिप्पणी का काल !

*चल रहा है आजकल ।*
*टिप्पणी का काल ।।*
*बोलना है कुछ भी ।*
*अब हमको हर हाल ।।*
*ना भाती खामोशी ।*
*करे भावना शोर ।।*
*हैं बैठे हम पद पर ।*
*करे कोई गौर ।।*
*शब्दों और विचारों की ।*
*है आई बहार ।।*
*करें प्राप्त कहीं भी ।*
*यही समाचार ।।*
*होकर शामिल मुहिम में ।*
*करें जरा उपकार ।।*
*टिप्पी हमारी ये ।*
*क्यों जानी बेकार ?*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या लौकी का जूस हार्ट के लिए अच्छा है?

**लौकी** को हेल्दी सब्जियों में से एक माना जाता है, जिसमें मैग्नीशियम, पोटैशियम, आयरन, फास्फोरस, फाइबर, विटामिन-ए, सी, और बी जैसे बहुत से पोषक तत्व होते हैं, साथ ही, इसमें अच्छी मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और हाइड्रेटिंग गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से पाचन को दुरुस्त करने, वजन कम करने, शरीर को ठंडक देने, जलन या एसिडिटी को कम करने, स्किन को हेल्दी रखने को हेल्दी और शरीर को नेचुरली डिटॉक्स करने में मदद मिलती है, डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, लौकी के जूस में पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। इसका सेवन करने से हार्ट को हेल्दी रखने और इससे जुड़ी कई समस्याओं से बचाव करने में मदद मिलती है।

**लौकी के जूस से हार्ट को फायदे:** लौकी के जूस का सेवन करने से शरीर को नेचुरल रूप से डिटॉक्स करने, शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने और कई अन्य तरीकों से हार्ट को लाभ मिलते हैं। ऐसे में लौकी के जूस का सेवन करना हार्ट के लिए फायदेमंद है, लेकिन ध्यान रहे, इसका सेवन सीमित मात्रा में करें।

**ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करे:** लौकी के जूस में भरपूर मात्रा में पोटैशियम के



गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर में ब्लड प्रेशर के स्तर को नियंत्रित करने और इससे जुड़ी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है, जो हार्ट के लिए सीधे तौर पर फायदेमंद है।

**शरीर को हाइड्रेट करे:** लौकी के जूस में हाइड्रेटिंग गुण होते हैं। ऐसे में इसके जूस का सेवन करने से शरीर को नेचुरली हाइड्रेट करने में मदद मिलती है। इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने और हार्ट के कार्यों को बेहतर करने में मदद मिलती है।

**शरीर को डिटॉक्स करे:** लौकी के जूस का सेवन करने से शरीर को नेचुरल रूप से डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। जिससे शरीर की गंदगी को बाहर निकालने में मदद मिलती है, जिससे हार्ट जैसे शरीर के अहम अंगों को हेल्दी रखने में मदद मिलती है।

**वजन कम करे:** लौकी के जूस में भरपूर मात्रा में फाइबर और पानी होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से पेट को लंबे समय तक भरा रखने और भूख को कम करने में मदद मिलती है, जिससे पेट की चर्बी को कम कर वजन कम करने में मदद मिलती है। बता दें, अधिक वजन होना हार्ट के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है।

**कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करे:** लौकी के जूस में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल के स्तर को कम करने में मदद मिलती है, जिससे हार्ट पर पड़ने वाले प्रेशर भी कम होता है। इससे हार्ट अटैक और दिल का दौरा पड़ने जैसी गंभीर समस्याओं से बचाव करने में मदद मिलती है।

**निष्कर्ष:** लौकी के जूस का सेवन करना हार्ट के लिए फायदेमंद है, जिससे ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने, शरीर को डिटॉक्स करने, हाइड्रेट करने और वजन कम करने में मदद मिलती है। बता दें, ये सभी समस्याएं सीधे तौर पर हार्ट की बीमारियों के लिए जिम्मेदार होती हैं। लेकिन ध्यान रहे, लौकी के जूस का सेवन सीमित मात्रा में ही करें। इससे किसी भी तरह की एलर्जी होने पर इसका सेवन करने से बचें। इसके अलावा, इसका सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# 'कफ सिरप कांड' से गंभीर सबक लेने की जरूरत



**डॉ. रमेश ठाकुर**

**कमीशनखोरों पता होता है कि मरीज दवाओं के नाम पर हर वह चीज गटक जाएंगे जो उन्हें दी जाएगी और उन्हें इसका पता भी नहीं चलेगा। कमोबेश, हो भी कुछ वैसा ही रहा है। बहरहाल, मौजूदा 'कफ सिरप' कांड ने न सिर्फ स्वास्थ्य सिस्टम को हिलाया है, बल्कि पूरा देश सोचने पर मजबूर है।**

**भारतीय दवा कंपनियों से केंद्र सरकार को वित्त वर्ष 2025 में करीब 11 फीसदी अधिक राजस्व हासिल हुआ। हालांकि, केंद्र सरकार कफ सिरप कांड को लेकर एक्शन में है। छोटे बच्चों को कफ सिरप नहीं देने को लेकर एडवाइजरी जारी कर गई है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाही का आश्वासन भी दिया है। लेकिन उन बच्चों का क्या जो किसी की लापरवाही के चलते अपना जीवन गंवा गए।**

**'कफ सिरप'** से नौनिहालों की मौत का सिलसिला थमने की बजाय बढ़ता जा रहा है। हालांकि ताबड़तोड़ छापेमारी, धरपकड़, गिरफ्तारियां भी साथ-साथ हो रही हैं। इस कांड की चर्चा भारत में ही नहीं, दुनिया के दूसरे देशों में हो रही है। दिल-दहला देने वाली 'कफ सिरप' की घटना के गर्भ से उपजे इस अक्षम्य अपराध ने भारत में कुकुरमुत्तों की तरह सक्रिय नकली फार्मा कंपनियों की ओर दुनिया का ध्यान करा दिया है। जाली फार्मा कंपनियों का जाल इस समय देश में फैला हुआ है। नकली दवाइयों के निर्माण में अभी तक चीन बदनाम था। पर, तीन वर्ष पहले जब भारतीय फार्मा कंपनियों द्वारा निर्मित नकली कफ सिरप के पीने से अफ्रीकी देशों में 50 से भी अधिक बच्चों की जब मौत हुई तो दुनिया की नजरों में भारत आ गया। ताजा घटना ने इन चर्चाओं को और हवा दे दी है। विदेशी अखबारों में भी कफ सिरप कांड की खबरें प्रमुखता से छप रही हैं। इससे भारतीय फार्मा कंपनियों की साख को काफी धक्का पहुंचा है। खबरें ऐसी भी हैं कि कुछ देशों ने पहले से करार दवाइयों के ऑर्डरों को निरस्त करना भी शुरू कर दिया है। अफ्रीकी देश तो पहले से ही चौकन्ने हैं। भारत में बनीं कफ सिरप पीकर जब अफ्रीकी बच्चों की मौत हुई तब इसे लेकर केंद्र सरकार ने जुर्माने सहित तमाम कठोर कदम उठाए थे।



कई फार्मा कंपनियों को ब्लैकलिस्ट और कइयों के लाइसेंस निरस्त किए गए थे। लेकिन दोबारा ऐसी कंपनियां सक्रिय हो गई हैं जिससे अफ्रीका जैसी घटना की पुनरावृत्ति भारत में हुई है। राजस्थान-मध्य प्रदेश में कथित रूप से कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत के मामलों ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। ऐसी खबरें आती हैं कि नकली दवा के सेवन से मरीजों की किडनियां खराब हुईं, जिससे उनकी मौत भी हुई। सभी जानते हैं कि भारत में जेनेरिक दवाओं के वितरण में बड़ा घपला है। आमजन से लेकर सरकारें भी इस सच्चाई से वाकिफ होती हैं कि दवा क्षेत्र में बड़े माफिया सक्रिय हैं लेकिन इनके खिलाफ की गई हर कार्रवाई बौनी साबित हुई है। भारत में निर्मित दवाओं की गुणवत्ता काफी समय से सवालों के घेरे में है। जेनेरिक दवाओं के वितरण में भारत में करीब 15 से 20 हजार औषधि केंद्र संचालित हैं। जबकि, इनकी संख्या इस साल के अंत तक 25 हजार तक पहुंचाने का लक्ष्य केंद्र सरकार ने निर्धारित किया हुआ है। लेकिन इनके भीतर कितना गड़बड़झाला है, जिसकी भनक मरीजों को जरा भी नहीं है। फार्मा कंपनियों और कमीशनखोरों को अच्छे से पता होता है कि मरीज दवाओं के नाम पर हर वह चीज गटक जाएंगे जो उन्हें दी जाएगी और उन्हें इसका पता भी नहीं चलेगा। कमोबेश, हो भी कुछ वैसा ही रहा है। बहरहाल, मौजूदा 'कफ सिरप' कांड ने न सिर्फ स्वास्थ्य सिस्टम को हिलाया है, बल्कि पूरा देश सोचने पर मजबूर है। कफ सिरप के नाम पर भारत में बीते कई वर्षों से मासूमों को जहर पिलाया जा रहा है। भांड़ा तब फूटा जब दर्जन भर के करीब बच्चे मौत के मुंह में समा गए। इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहा। दवाओं के नाम पर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ से बड़ा अपराध दूसरा नहीं हो सकता। गलत दवा लिखने वाले चिकित्सकों पर कड़ा एक्शन हो और मुनाफा कमाने के भूखे विक्रेताओं पर सरकारी चाबुक चले- ऐसी कल्पना सभी करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य ऐसा होता नहीं। भारत में 3,000 से अधिक दवा कंपनियां रजिस्टर्ड हैं जिनके पास 10,500 से अधिक विनिर्माण इकाइयां हैं। यह उद्योग जेनेरिक दवाओं के निर्माण और आपूर्ति पर केंद्रित है। दवा निर्माण में भारत वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान रखता है लेकिन अपने काले कारनामों के चलते ये फार्मा कंपनियां सभी की नजरों में आ गई हैं। भारतीय फार्मा उद्योग का कुल बाजार साल 2030 तक 130 मिलियन अमेरिकी डॉलर और साल 2047 तक 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय दवा कंपनियों से केंद्र सरकार को वित्त वर्ष 2025 में करीब 11 फीसदी अधिक राजस्व हासिल हुआ। हालांकि, केंद्र सरकार कफ सिरप कांड को लेकर एक्शन में है। छोटे बच्चों को कफ सिरप नहीं देने को लेकर एडवाइजरी जारी कर गई है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाही का आश्वासन भी दिया है। लेकिन उन बच्चों का क्या जो किसी की लापरवाही के चलते अपना जीवन गंवा गए। क्या उनके परिजनों को केवल मुआवजा देकर क्या उनके जख्मों को भरा जा सकेगा?

# एक्सप्रेस खबरें...

## एसडीएम से वार्ता के बाद राइस मिलों पर खरीद शुरु

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। किसानों की समस्या को देखते हुए एसडीएम ने राइस मिलर्स को बुलाकर वार्ता की और खरीद शुरु करने कहा। राइस मिलर्स ने किसान हित में खरीद शुरु कर दी है। राइस मिल एसोसिएशन के संरक्षक अजमेर सिंह छीना के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर मिलर्स ने धान की खरीद बंद कर दी। इससे किसानों के समाने धान बिक्री की विकट समस्या खड़ी हो गई। उन्होंने एसडीएम अजीत प्रताप सिंह से मिलकर खरीद शुरु कराने की मांग की। इस पर एसडीएम ने संरक्षक अजमेर सिंह छीना और राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश गुप्ता सहित कई राइस मिलर्स को बुलाया और उनसे वार्ता की। एसडीएम ने मिलर्स से किसानों के हित में धान खरीद शुरु कराने को कहा। इस पर राइस मिलर्स सहमत हुए। राइस मिल एसोसिएशन के संरक्षक अजमेर सिंह छीना ने कहा कि मिलर्स ने हड़ताल नहीं की थी। फर्जी मुकदमा दर्ज कराने पर खरीद बंद कर दी गई थी। किसानों की समस्या को देखते हुए धान खरीद शुरु कर दी गई है। इससे किसान धान बेचने के बाद समय से गेहूं की बुवाई भी कर सकेंगे।

## फर्जी घटना ने पुलिस को छकाया

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। देर रात मारपीट की घटना के बाद एक व्यक्ति ने लूट की फर्जी सूचना पुलिस को दे दी। इससे खलबली मच गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच पड़ताल की तो घटना फर्जी निकली। गुरुवार रात शेरपुर रोड पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष मारपीट कर फरार हो गया। दूसरे पक्ष ने कोतवाली पुलिस को फोन कर लूट होने की जानकारी दी। इससे खलबली मच गई। कोतवाल पवनकुमार पांडे फोर्स के साक शेरपुर रोड पर पहुंच गए। पुलिस ने सूचना देने वाले व्यक्ति को तलाश किया और उससे पूछताछ की। उसने मारपीट होने के बारे में बताया। इस पर पुलिस ने राहत की सांस ली। कोतवाली पवन कुमार पांडे ने बताया कि घटना मारपीट की थी। लूट की फर्जी सूचना दी गई थी। मारपीट मामले की जांच की जा रही है।

## दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता से दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता के जेठ ने गलत नीयत से दबोच लिया। आरोप है कि जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध पर मारपीट की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। नगर के एक मोहल्ला निवासी एक विवाहिता ने बताया कि उसका निकाह दो साल मोहल्ले के ही अकील शाह से हुआ था। निकाह में मायके वालों ने अपनी हैसियत के तहत दान दहेज दिया। शादी के कुछ महीनों के बाद ही ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में एक बुलेट बाइक,दो लाख रुपये की नकदी,सोफा सेट आदि की मांग करना शुरू कर दिया। मना करने पर विवाहिता को आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 29-7-2025 को ससुरालियों ने मांग पूरी न करने पर लात घूंसों मारा पीटा। इसके बाद घर से निकाल दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। मायके पहुंची विवाहिता ने परिवार को वताया। बीमार होने पर इलाज के लिए आधार कार्ड की जरूरत पड़ी। जब वह अपना आधार कार्ड लेने ससुराल गई तो उसको मारा पीटा। आरोप है कि जेठ ने गलत नीयत से दबोच लिया। इसके बाद जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाया मारपीट का आरोप

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। विवाहिता ने ससुरालियों पर आए दिन मारपीट करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कुंवरपुर निवासी कमलजीत कौर ने वताया कि उसका विवाह छह साल पहले थाना हजारा क्षेत्र के गांव आजाद नगर शारदापुरी निवासी कुलदीप सिंह के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिन तक सब ठीक चलता रहा। उसके बाद पति कुलदीप सिंह गलत संगत में पड़कर दूसरी महिला के चक्कर में पड़ गया। इस पर पति उससे आए दिन मारपीट करने लगा। आरोप है कि ससुराली पति की दूसरी महिला से विवाह कराना चाहते है। आरोप है कि ससुराली कार देने की मांग कर रहे है। मना करने पर मारपीट कर प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि दूसरी महिला ने फोन पर गाली गलौच किया। तहरीर पर पुलिस ने पति कुलदीप सिंह,प्रकाश कौर,बलजीत सिंह,संदीप सिंह,सुखबिंदर कौर व ऐत सिंह पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## जंगल की सब्जी खाने से पांच लोग बीमार

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। जंगल से लाई गई सब्जी खाने से एक परिवार के पांच लोगों की हालत बिगड़ गई। उल्टी और चक्कर आने से परिजन घबरा गए। सभी को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार होने पर उन्हें घर भेज दिया गया। थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव चंदोखा के रहने वाले बृजलाल के घर में गुरुवार शाम जंगल से लाई गई सब्जी बनी। परिवार के सभी सदस्यों ने वह सब्जी खाई। रात लगभग दस बजे परिवार के आदेश कुमार पुत्र बृजलाल, पत्नी राम श्री, बेटी ममता देवी, शिवानी और जीतू को चक्कर आने लगी। सभी को एक साथ उल्टियां आने लगा। इससे परिवार के अन्य लोग घबरा गए। एंबुलेंस से सभी को उपचार के लिए रात में ही पूरनपुर सीएचसी ले जाया गया। अस्पताल में भर्ती कर उनका उपचार किया गया। हालत में सुधार होने पर डाक्टर ने सभी को घर भेज दिया। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बृजलाल के घर जाकर बीमार लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

## बाइक फूंकने के मामले में दो पर रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। चारा काटने गए युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो पर एफआईआर दर्ज की है। मारपीट कर आरोपियों ने पीड़ित की बाइक भी जलाकर नष्ट कर दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई के रहने वाले रजनीश दीक्षित पुत्र ईश्वर दयाल दीक्षित 7 अक्टूबर को खेत पर बाइक लेकर चारा काटने गए थे। इस दौरान उनके पीछे स्कूटी से गांव के ही अभिषेक शंखधार पुत्र सर्वेश और विपिन पुत्र जगदीश निवासी मोहल्ला बमनपुरी भी पहुंच गए। उन्होंने पुरानी रंजिश को लेकर रजनीश से गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरु कर दी। किसी तरह रजनीश वहां से बचकर भागे। इस पर दोनों आरोपियों ने उन पर ईंट पत्थर फेंक बरसाए। आरोप है अभिषेक और विपिन ने खेत पर खड़ी उनकी डकलक्स बाइक पर पेटोल छिड़कर आग लगा दी। इससे बाइक जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गई। रजनीश के शोर मचाने पर राहगीर पहुंचने लगे। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने अभिषेक और विपिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## धान खरीद प्रभावित होने पर एसडीएम से मिले किसान

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। राइस मिलर्स और किसान संगठनों के बीच धान खरीद को लेकर विवाद चल रहा है। इससे मिलर्स हड़ताल पर हैं। धान खरीद न होने से परेशान दर्जनों किसान एसडीएम से मिलने पहुंचे। उन्होंने किसान पर दर्ज मुकदमा निरस्त कराने और राइस मिलों पर चारीद शुरु कराने की मांग की। दूसरे जनपदों का धान जनपद के राइस मिलों पर खरीदे जाने का किसान संगठन विरोध कर रहे हैं। बुधवार को गढ़वाखेड़ा में किसान संगठन शाहजहांपुर और लखीमपुर से आने वाले धान की निगरानी कर रहे थे। इस दौरान किसान नेता रनजीत सिंह कहलों ने राइस मिल एसोसिएशन के संरक्षक अजमेर सिंह छीना पर गोली मारने और कुलदीप सिंह पत्रू पर किसानों को टैक्टर से कुचलने का आरोपलगाया। पुलिस ने किसान नेता की ओर से संरक्षक अजमेर सिंह छीना और कुलदीप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी लगते ही राइस मिलर्स ने धान खरीद बंद करते हुए हड़ताल कर दी। इससे किसान परेशान हो गए। मंडी में धान क्षमता से अधिक पहुंच गया। शुक्रवार को दर्जनों किसान तहसील पहुंच गए। उन्होंने एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और सीओ डा. प्रतीक दहिया से मुलाकात की। किसानों ने कहा कि राइस मिलों पर खरीद न होने से किसानों का धान बिक्री नहीं हो पा रहा है। इसको लेकर किसान परेशान हैं। इससे गेहूं की बुवाई भी प्रभावित होगी। इस दौरान अधिकांश किसान पीलीभीत से सटी शाहजहांपुर की सीमा के मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि वह अपनी फसल पूरनपुर क्षेत्र के राइस मिलों पर बिक्री करते हैं। खुटार और बंडा की दूरी अधिक पड़ती है। इसके साथ ही किसानों ने किसान कुलदीप सिंह पत्रू पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की भी मांग की। एसडीएम और सीओ ने किसानों की समस्या का शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। खीरी थाना क्षेत्र के पसियनपुरवा गांव में एक विवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटका हुआ मिला है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।घटना शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है। मृतका की पहचान ममता पत्नी मुकेश के रूप में हुई है। उसका शव घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में लटका पाया गया।परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद खीरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, विवाहिता की मौत आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। खीरी थाना प्रभारी निराला तिवारी ने बताया कि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। मृतका ममता के दो बच्चे हैं, जिनमें एक पुत्र अंश जिसकी उम्र लगभग 5 वर्ष है और दूसरा पुत्र सुप्रीत है।

## अवैध नजूल के निर्माण पर चला बुलडोजर

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



लखीमपुर शहर की डीसी रोड पर नजूल की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। बताया गया कि व्यापारी प्रिंस गुप्ता और किरण गुप्ता इस भूमि पर बिना अनुमति के निर्माण कार्य करवा रहे थे। नगर पालिका ईओ संजय कुमार ने कई बार नोटिस भेजकर निर्माण रोकने के निर्देश दिए थे, लेकिन निर्माण कार्य गुपचुप तरीके से जारी रहा।एसडीएम सदर की अगुवाई में नगर पालिका टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और जेसीबी से आगे की दीवार व शटर गिरा दिए गए। शेष निर्माण को खुद तुड़वाने का निर्देश एसडीएम ने संबंधित पक्ष को दिया। प्रशासन ने इस प्रकरण में दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। प्रशासन का कहना है कि नगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पूरे मामले में एसडीएम सदर अश्वनी सिंह का कहना है कि चुपचाप निर्माण कराया गया जब जानकारी हुई तो नोटिस भेजी गई लेकिन निर्माण नहीं रुका। इसलिए जेसीबी से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है।

# किसान यदि चार फीट की दूरी पर गन्ना लगाकर सहफसली खेती अपनाएं,

## तो उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि संभव: खुशीराम भार्गव

- पीलीभीत टाइगर रिजर्व क्षेत्र में किसानों की आमदनी बढ़ाने हेतु कृषि विविधिकरण कार्यशाला आयोजित
- गन्ना सहफसली व बांस की खेती पर विशेष जोर, किसानों को दी गई नई तकनीकी जानकारी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आय दोगुनी करने और सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को कृषि विविधिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पीलीभीत टाइगर रिजर्व विभाग एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (विश्व वन्यजीव कोष) के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ वरिष्ठ अधिकारियों और कृषि व वन्यजीव विशेषज्ञों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और नई कृषि तकनीकों, सहफसली खेती तथा बांस की खेती से होने वाले लाभ की जानकारी प्राप्त की।

### किसानों को निशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे

प्रभागीय निदेशक वन एवं वन्यजीव प्रभाग भरत कुमार डी.के. ने बताया कि विभाग के प्रयास हैं कि बुवाई के समय किसानों को बांस के पौधे निशुल्क उपलब्ध कराए जाएं, ताकि अधिक से अधिक किसान बांस उत्पादन से जुड़ सकें। वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि डब्ल्यूडब्ल्यूएफ गढ़ा कॉरिडोर क्षेत्र के किसानों को उन्नत कृषि तकनीकें अपनाने के लिए सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा, जो किसान गन्ना या बांस की खेती करना चाहते हैं, उन्हें डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की ओर से निशुल्क बीज और पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे।

कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी राविन सिंह, सोबरन लाल, परियोजना अधिकारी देवल कदम, बनबारी लाल, राहुल कुमार, एसपीओ राजेंद्र कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। किसानों ने अधिकारियों से अपने सवाल पूछे और नई खेती तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।कार्यशाला ने न केवल किसानों को नई और लाभकारी खेती के तरीकों से अवगत कराया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कृषि में विविधिकरण अपनाना भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### गन्ना सहफसली खेती से किसानों की आय में बढ़ोतरी

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने बताया कि शरद ऋतु गन्ने की बुवाई के लिए सर्वोत्तम समय है। उन्होंने कहा कि यदि किसान चार फीट की दूरी पर गन्ना लगाकर सहफसली खेती अपनाएं, तो उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने गन्ने के साथ सब्जियों या दलहनी फसलों की खेती करने की सलाह दी, जिससे भूमि की उत्पादकता के साथ-साथ लाभ में भी वृद्धि होगी।

### बांस- एक बार की मेहनत, चालीस साल तक लाभ

सीतापुर से आए बांस विशेषज्ञ कमलेश सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि तराई क्षेत्र की जलवायु बांस की खेती के लिए अत्यंत उपयुक्त है। यह फसल एक बार लगाने के बाद 40 वर्षों तक लाभ देती है। उन्होंने बताया कि बांस की फसल को देखभाल की न्यूनतम आवश्यकता होती है और इसकी बिक्री सीधे खेतों से ही आसानी से की जा सकती है। प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से बांस की खेती कर रहे किसानों की आर्थिक स्थिति में स्पष्ट सुधार देखा गया है। उन्होंने बताया कि बांस की बाजार में अत्यधिक मांग है, जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिल रही है।

# इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में तार्किक सोच और संवाद कौशल को निखारती हैं: डॉ. संजीव अग्रवाल





- लिटिल एंजेल्स स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल टर्नकोट प्रतियोगिता का दूसरा संस्करण सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

लिटिल एंजेल्स स्कूल में शुक्रवार को इंटर स्कूल टर्नकोट प्रतियोगिता का द्वितीय संस्करण बड़े उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष प्रतियोगिता में जनपद पीलीभीत के 17 प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं ने भाग लिया।

टर्नकोट प्रतियोगिता बहस की एक अनोखी शैली है, जिसमें प्रतिभागियों को एक ही विषय के पक्ष और विपक्ष दोनों पर सीमित समय में बोलना होता है। यही कारण है कि यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ ज्ञानवर्धक भी साबित होती है।

### विजेताओं की घोषणा

#### कड़े मुकाबले के बाद निर्णायक मंडल ने परिणाम घोषित किए

**प्रथम स्थान**- दीपन कौर (अकाल एकेडमी कजरी), अनंमता शमसी (गोस्वामी मोम्स प्राइड), गौरिक अग्रवाल (लिटिल एंजेल्स स्कूल) संयुक्त रूप से।
**द्वितीय स्थान**- गौरी सिंह (सेंट अलायसिस स्कूल)
**तृतीय स्थान**- वंशिका सिंह चौहान (ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल) एवं अनुष्का गौतम (ईशर एकेडमी) साझा।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.सी. पाठक, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा और निर्णायक मंडल के सदस्य संजय कुमार एवं संजीव बरार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रत्येक विद्यालय से एक छात्र या छात्रा ने प्रतिभाग किया और सभी ने अपने वक्तृत्व, तर्कशक्ति और आत्मविश्वास से निर्णायकों को प्रभावित किया। छात्रों ने अपने विचारों को स्पष्टता और संतुलन के साथ प्रस्तुत कर प्रतियोगिता की कठिनाई को सहज बना दिया।

### निर्णायकों ने छात्रों की सराहना की

निर्णायक मंडल के सदस्य संजीव बरार और संजय कुमार ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि टर्नकोट प्रतियोगिता वास्तव में बहुत कठिन होती है, क्योंकि इसमें छात्रों को एक ही विषय पर दोनों दृष्टिकोणों से तर्क प्रस्तुत करने होते हैं।

इन बच्चों ने जिस आत्मविश्वास और बुद्धिमत्ता के साथ अपने विचार रखे, वह सराहनीय है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में तार्किक सोच और संवाद कौशल को निखारती हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के अभिभावक और अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका अंजू सक्सेना ने किया।

# खेलकूद प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारंभ



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

परिषदीय स्कूलों में खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरू हो गई। न्याय पंचायत स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय घुँघचिहाई में कराई गई। परिषदीय स्कूलों की खेलकूद प्रतियोगिता को क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 50 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में गरीबपुर की दिव्यांशी प्रथम, उदरहा की पूनम द्वितीय स्थान पर रही। 100 मीटर दौड़ में नरायनपुर की मुस्कान प्रथम, उदरहा की पूनम द्वितीय स्थान, 200 मीटर में डूडा कालोनी नम्बर आठ की रागिनी प्रथम, जनकपुर की बेबी द्वितीय स्थान पर रही। खो-खो प्रतियोगिता में अजीतपुर बिल्हा की प्रशांशु एंड पार्टी प्रथम, मदारपुर की आलोक एंड पार्टी द्वितीय स्थान पर रही।

कबड्डी में मदारपुर की प्रिया एंड पार्टी प्रथम, घुँघचिहाई की महक एंड पार्टी द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में विजयी हुए छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर शिक्षक संतोष कुमार पासवान, अशेष अवस्थी, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, विश्वनाथ सिंह कुशवाहा, सत्यनारायण, शिवसागर लाल, अनुपम शुक्ला, सुंदर लाल, पूनम शुक्ला, इंद्रजीत सिंह, रविकांत, सुशीला, गौरव, पूनम, पुष्पेंद्र आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद के आयोजन और जेसी आई

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

स्व.डा रवि श्रीवास्तव की स्मृति में आयोजित बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता में मंच पर सनातन संस्कृति, राष्ट्र प्रेम, रामायण, स्वदेशी, लोक गीत और नृत्य के अनुपम रंग बिखरे जिन्होंने सभी को मन मुग्ध कर लिया। कुशल मंच संचालन और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के वर्तमान स्वरूप निर्धारण हित समाज सेवी साहित्यकार राम मोहन गुप्त के विशिष्ट सम्मान सहित समाज के विभिन्न सेवियों, मेघा और प्रतिभाओं का मंच से सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। रामलीला मैदान के सांस्कृतिक मंच पर नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव, समाजसेवी कपिल श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि द्वय डा बीना चौरसिया और डॉ राखी चौहान एवं मेलाध्यक्ष कौशल तिवारी एडवोकेट द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जेसीआई लखीमपुर के अध्यक्ष शुभम टंडन के नेतृत्व, सचिन अग्रवाल, विश्वास सेठ राहुल माथुर एवं अंकित मित्तल के निर्देशन, कनिष्क बरनवाल और राजेश पटेल के मार्गदर्शन तथा राम मोहन गुप्त एवं विशाल सेठ के संयुक्त संचालन, कुलदीप गुप्ता एवं सौरभ वर्मा के समन्वयन में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में डा रवि मेमोरियल स्कूल को विजेता, नेशनल पब्लिक स्कूल ओयल उप विजेता, नव भारत पब्लिक स्कूल, गुरु गोविंद सिंह एकेडमी एवं राजकीय कन्या इंटर कालेज ने सांत्वना तथा सीनियर वर्ग में नेशनल पब्लिक स्कूल ओयल ने विजेता, गुरु गोविंद सिंह एकेडमी ने उप विजेता तथा नव भारत पब्लिक स्कूल एवं एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी ने सांत्वना पुरस्कार विजित किए। जेसी मीता गर्ग, कुमकुम गुप्ता एवं मंजू बरनवाल ने विज्ञ निर्णायकों की भूमिका निभाई। इस अवसर पर अखिल भारत हिन्दू सभा के जिलाध्यक्ष विनोद गुप्ता, जिला संगठन मंत्री अमित गुप्ता, जिला महामंत्री आशीष गुप्ता छोटू, सीबीएस सी बोर्ड सीतापुर लखीमपुर के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर शैलेन्द्र गुप्ता, जेसीज के अध्यक्ष शुभम टंडन, पूर्वाध्यक्ष कनिष्क बरनवाल, भारत विकास परिषद संस्कृति शाखा अध्यक्ष आर्येंद्र पाल सिंह, डॉ रवि मेमोरियल स्कूल की प्रधानाचार्या सुमन श्रीवास्तव,डा नागेश्वर सिंह, डा बवाल किशोर वर्मा, डा राहुल सिंह, वीरपाल सिंह, रवि कश्यप, मनोज कुमार एवं राम नरेश वर्मा को सेवा सम्मान तथा समाजसेवी साहित्यकार राम मोहन गुप्त को विशिष्ट सेवा सहयोग सम्मान प्रदान कर न पा परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। जेसी आई संस्था द्वारा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव, समाजसेवी कपिल श्रीवास्तव, मेलाधिकारी इंजी. समरा सईद एवं मेलाध्यक्ष कौशल तिवारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता के शुभारंभ से पूर्व स्व. डा रवि श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता में मध्य रात्रि तक भारी संख्या दर्शकों, अतिथि, पालिका के सभासद, अधिकारी- कर्मचारी, पुलिस प्रशासन सहित जेसी सदस्य मौजूद रहे तथा जेसी परिवार द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत करने के साथ साथ बच्चों, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं स्टाफ को लांच पैकेट भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान व्यक्तित्व विकास संगठन जेसीज द्वारा हम से जुड़े, आगे बढ़ें प्रेरक प्रस्तुति के साथ साथ स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, स्वच्छता अपनाने, एवं पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के सुसंयोजन में जेसी सचिन अग्रवाल, विश्वास सेठ, राहुल माथुर, राजेश पटेल, कनिष्क बरनवाल,कुशाग्र अग्रवाल सहित विभिन्न सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# जो कार्य काशीराम जी अधूरे छोड़ गए, उन्हें पूरा करने के लिए पीडीए लगातार संघर्षरत है: दिव्या गंगवार

- काशीराम जी का परिनिर्माण दिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया
- दिव्या गंगवार ने समाजसेवी आदर्शों को आगे बढ़ाने और आगामी चुनाव में जुटने का किया आह्वान

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



समाजवादी पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार के आवास पर मान्यवर काशीराम जी का परिनिर्माण दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की, जबकि संचालन रूपलाल महातिया ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी, प्रधान, बीडीसी सदस्य और विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

सभी ने मान्यवर काशीराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर दिव्या गंगवार ने कहा कि मान्यवर काशीराम जी ने नौकरी छोड़कर समाज सेवा का मार्ग अपनाया और दलित, पिछड़े तथा अल्पसंख्यक वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि जो कार्य काशीराम जी अधूरे छोड़ गए, उन्हें पूरा करने के लिए पीडीए लगातार संघर्षरत है। दिव्या गंगवार ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुटने का आह्वान किया,

ताकि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाकर मान्यवर काशीराम जी के सपनों को साकार किया जा सके।सपा नेता ने भाजपा सरकार पर दलित और पिछड़ों को कुचलने का आरोप लगाते हुए कहा कि केवल समाजवादी पार्टी ही इन वर्गों को न्याय दिला सकती है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को जन-जन तक सपा की नीतियों को पहुंचाना होगा और भाजपा को करारा जवाब देने के लिए जी-जान से जुटना होगा। कार्यक्रम में चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, बालकराम सागर, काशीराम सरोज, बीडी प्रजापति, ओमप्रकाश मिश्रा, सतपाल यादव, नरेश सागर, बंटी शर्मा, बाबूराम गंगवार, अवि गंगवार, तेजराम गंगवार, सालिकराम गंगवार सहित कई कार्यकर्ता, प्रधान, बीडीसी सदस्य और विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वातावरण में समाजवादी एकता और मान्यवर काशीराम जी के आदर्शों को आगे बढ़ाने का जोश देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि उनकी शिक्षाओं और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

## रेल बंद आंदोलन जारी लाखों गरीबों पर रेलवे की तानाशाही

जन एक्सप्रेस। पलियाकलां खीरी। रेल संचालन बंद को लेकर तमाम व्यापारी किसान गरीब जनता विरोध प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का काम कर रही है। लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तो सो रहे साथ ही साथ राज्य के योगी आदित्यनाथ की सरकार भी इस ओर ध्यान नही दे रही। लगाता हो रहे रेल संचालन बंद व बड़ी रेल लाईन किए जाने को लेकर प्रदर्शन पर रेलवे विभाग तानाशाही का रवैया दिखा रहा। उच्च न्यायालय से लेकर केंद्र की मोदी सरकार को भी इस क्षेत्र की लाइफ लाइन कहे जाने वाली ऐतिहासिक धरोहर को मिटाने के लिए लगता है कसम खा लिया है।आपकों बता दें कि लम्बे अरसे से इस क्षेत्र मे रेल सेवाएं बड़ी ही सुगमता के साथ चल रही थी और प्राकृतिक को लुभाती यह ट्रेन संचालन पूरे विश्व विख्यात थी इसका असर आने वाले देश विदेश पर्यटक एवं हजारों लाखों लोगों की यह एक मात्र रेल सेवा नही थी यह एक धरोहर थी लेकिन रेलवे अधिकारी व कुछ लोगों ने अपने चंद डग्गामार बसों को संचालन करने के लिए इस क्षेत्र से छोटी रेल लाइन को बड़ी रेल लाइन करने की जगह कठपुतली की तरह काम कर मैलानी नानपारा ट्रेन संचालन बंद करने की कसमे खा ली। यह कोई एक लोगों की वजह से नही हुआ इसके पीछे रेल सेवा बंद करने के लिए देश विरोधी ताकतों ने किसी न किसी व्यक्ति को खड़ा करके पूर्व की राज्य सरकार को चिट्ठी लिखकर मनघड़ंत स्टोरी तैयार कर रेल संचालन बंद करने पूरा प्रयास किया और सफल भी हो गए। सबसे बड़ी बात कि सबसे भाजपा की सरकार आई तबसे जिले की हवाई सेवाएं दिखाई दी लेकिन केंद्र सरकार की रेल सेवाएं जो लाखों करोड़ों लोगों को जोड़ती है उसपर रेलवे ने इतने सालों से क्यों काम नही किया इसके पीछे बडा घोटाला कहो या फिर रेलवे अधिकारियों की लापरवाही या कोई इसके पीछे इनको बड़ा आफर दिया यह तो केंद्र की मोदी सरकार ही जांच कराएं क्योंकि भारत मे 2014 से मोदी सरकार बनी है तबसे रेलवे ने बड़ी बड़ी उपलब्धि व ऐतिहासिक ऊंचाइयां हासिल की लेकिन केंद्र की मोदी सरकार को भी किसने गुमराह करते हुए मैलानी नानपारा रेल संचालन छोटी लाइन से बड़ी रेल लाइन बनाना तो दूर की बात है यह तो लाखों करोड़ों लोगों के मंसूबों पर पानी फेर कर गला घोटने का काम कर दिया।आखिर रेलवे और अन्य विभाग के अधिकारी आखिर ऐसा क्यों कर रहे या इसके पीछे किसका हाथ है और कौन बड़ी रकम खर्च कर मोदी सरकार को बदनाम करने के साथ लाखों-करोड़ों लोगों की लाईफ कहें जाने वाली छोटी लाइन को कब बड़ी रेल लाइन मे किया जाएगा इसको लेकर व्यापारी किसान गरीब जनता तमाम संगठन और नन्हें मुन्ने बच्चे भी रेल संचालन को बचाने के लिए भारत सरकार नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिख रहे हैं साथ ही वरिष्ठ और जानकारों ने कोर्ट मे जंग लग रहे।

# किसानों को मिलेगा समय पर व उचित मूल्य पर उर्वरक

जन एक्सप्रेस । उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर आज जनपद में सभी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं जिला कृषि अधिकारी ने विभिन्न सहकारी समितियों और निजी उर्वरक दुकानों पर उर्वरक की उपलब्धता का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि किसानों को रबी सीजन के लिए उर्वरक की किसी भी प्रकार की कमी या परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी स्वयं ने कुकरगाँव बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि0 सहित अन्य समितियों तथा जालौन नगर स्थित पंकज ट्रेडर्स 18 सौ बोरी उर्वरक, प्रमीणा ट्रेडर्स 18 सौ बोरी उर्वरक, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र पर 13.50 बोरी उर्वरक उपलब्ध है। निजी दुकानों पर पहुंचकर भंडारण व्यवस्था और वितरण प्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक का पर्याप्त भंडार उपलब्ध पाया गया। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि रेट सूची दुकान पर प्रमुख स्थान पर चस्पा करें, ताकि किसानों को मूल्य की स्पष्ट जानकारी रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि सरकारी समितियों और निजी दुकानों दोनों पर एक ही प्रकार का उर्वरक समान दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है, इसलिए किसानों को किसी प्रकार की भ्रम या अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की गई है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि सहकारी समितियाँ दो दिनों तक बंद रहेंगी, ऐसे में किसान निजी अधिकृत दुकानों से भी उचित मूल्य पर उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि निजी दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है, किसान जनपद के किसी भी प्राइवेट उर्वरक दुकान पर आसानी से खरीद सकते हैं। जिलाधिकारी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कहीं भी ओवररेटिंग या कालाबाजारी की शिकायत मिलती है, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसान ऐसी स्थिति में तुरंत जिलाधिकारी कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि हर किसान को समय पर, पारदर्शी तरीके से और उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाए, ताकि रबी फसलों की बुवाई निर्बाध रूप से हो सके और किसान निश्चिंत होकर कृषि कार्य कर सकें।

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे व कुल्हाड़ी, दो घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच नगर के मोहल्ला जयप्रकाश नगर में देर रात मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ गया कि लाठी-डंडों के साथ कुल्हाड़ी चल गई, जिससे प्रदीप यादव 22 वर्ष और सुमित यादव 20 वर्ष निवासी जयप्रकाश नगर घायल हो गए। इस दौरान मौजूद लोगों ने तुरंत जानकारी पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम व चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार विवाद की शुरुआत जुएं के खेल को मना करने को लेकर हुई। पहले तो मामूली झगड़ा हुआ, लेकिन कुछ ही देर में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और हाथापाई के बाद लाठी-डंडे चलने लगे, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### 12 को दो पालियों में होगी यूपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, नकलविहीन व्यवस्था के निर्देश

जन एक्सप्रेस । उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 के सुचारु, सकुशल एवं नकलविहीन सपंन्न कराने हेतु विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज सहित कई परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते हुए वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे स्वच्छ पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की उचित व्यवस्था आदि पूर्व से ही सुनिश्चित की जाएं ताकि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या नकल की घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। यह परीक्षा 12 अक्टूबर 2025 को दो पालियों में पूर्वान्ह 09:30 से 11:30 बजे तक एवं अपरान्ह 02:30 से 04:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाएगी तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ नियंत्रण और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर जालौन में भावभीनी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । जालौन

समाजवादी पार्टी के संस्थापक और देश के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर सपा नगर कार्यकारिणी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने %धरतीपुत्र% के असाधारण राजनीतिक जीवन और उनके कृतित्व को याद किया। सांसद नारायणदास अहिरवार और पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीराम पाल ने मुलायम सिंह यादव को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनका संघर्षपूर्ण जीवन सभी के लिए एक मार्गदर्शक है। दीपू त्रिपाठी ने उनके विनम्र और सम्मानित व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे उन चंद राजनेताओं में से थे, जिन्हें विरोधियों से भी सम्मान प्राप्त होता था। नगर अध्यक्ष गौरीश द्विवेदी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे मुलायम सिंह यादव के बताए रास्ते का अनुकरण करें और उनके सिद्धांतों पर चलें। चंद्र प्रकाश उर्फ थोपन यादव ने एक शिक्षक से मुख्यमंत्री तक का उनका सफर याद करते हुए कहा कि राजनीति में ऐसा मुकाम हासिल करना सबके बस की बात नहीं है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष गौरीश द्विवेदी, विनय श्रीवास्तव, नारायण सिंह सेंगर, विक्रांत सिंह यादव, इमरान अंसारी, अजमेर यादव, नरसिंह यादव, शिखर श्रीवास्तव, सुरेशराव डेंगरे, सोमिल याज्ञिक, अभिषेक, शानू राइन, हरिश्चंद्र यादव, इक़बाल मंसूरी, रामदास यादव, लल्लू भईया विश्वकर्मा, गजराज कुशवाहा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# विचित्र बीमारी से दादा-पोती की मौत, दादी व पोता भी गम्भीर

- जानकारी होते ही डीएम एसपी पहुंचे मेडिकल कॉलेज डाक्टरों से ली जानकारी

जन एक्सप्रेस । जालौन



चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हथनौरा गांव विचित्र बीमारी से दादा-पोती की मौत हो गई। जबकि दादी व पोते को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद स्वास्थ्य टीम ने गांव में ही डेरा डाल दिया और डीएम-एसपी ने भी पीड़ितों से मिलकर घटना की जानकारी ली।

चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हथनौरा गांव निवासी दीपू दिल्ली में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता है। जबकि उसका पिता शिवकुमार 70 वर्ष, मां सुशीला 65 वर्ष, पत्नी सुनीता, बेटी मोना देवी 16 वर्ष व बेटा तरुण 14 वर्ष गांव में रहते हैं। बताया गया कि गुरुवार की रात बेटी मोना को अचानक उल्टी दस्त होने लगे, तो परिजनों ने उसका झोलाछाप डॉक्टर से इलाज करवा दिया। सुबह जब वह सोच क्रिया के लिए गई थी। तभी उसकी शौचालय में ही मौत हो गई। परिजनों ने उसे पड़ा देखा तो घर में कोहराम मच गया। जानकारी होने पर कुछ देर बाद दादा की भी मौत हो गई। बताया गया कि उन्हें भी उल्टी दस्त की समस्या थी। इतना ही नहीं बल्कि कुछ देर बाद दादी व पुत्र की भी हालत बिगड़ने लगी। इस पर परिजन नाती तरुण की गंभीर हालत देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जानकारी होने पर डीएम राजेश कुमार पांडे व एसपी डॉक्टर दुर्गेश कुमार मौके पर पहुंचे और डॉक्टर से जानकारी ली। डॉक्टर ने बताया कि फूड पॉइजनिंग के कोई लक्षण नहीं मिले हैं। बच्चे को उल्टी दस्त की समस्या है। फिलहाल गांव में स्वास्थ्य टीम को भेज दिया गया है, जो जांच पड़ताल करने में लगी हुई है।

# पॉलीटेक्निक छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । उरई

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम इटौरा में अज्ञात कारणों के चलते छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या कर ली।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम इटौरा निवासी गिरजा शंकर पत्नी सुमन व पुत्र विनीत के साथ गांव में रहते हैं। जो मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करने के साथ 22 वर्षीय पुत्र विनीत को कानपुर में पढ़ा रहे थे। बताया गया कि विनीत कानपुर से पालीटेक्निक कर रहा था और वह प्रथम वर्ष का छात्र था और कुछ दिन पहले ही वह घर आया था। गुरुवार की रात को सभी ने खाना खाया और सोने चले गए। सुबह जब पुत्र कमरे से बाहर नहीं आया तो पिता ने कमरे में जाकर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। पुत्र को फंदे पर लटका देख पिता की चीख निकल गई। जिसकी आवाज सुनकर घर में मौजूद लोगों के अलावा आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतारकर पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। मृतक के पिता ने बताया कि पुत्र ने ऐसा कदम क्यों उठाया वह खुद नहीं जानते हैं।फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# दिवाली पर्व पर अधिक रंगीन मिठाईयों के विक्रय पर रखी जाए कड़ी निगरानी: डीएम

जन एक्सप्रेस । महोबा



खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष में 523 खाद्य कारोबार प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 149 खाद्य नमूने संग्रहीत किये गये जिसमें 43 नमूनें मानकों के विपरीत पाये गये प्राप्त रिपोर्ट के आधार 21 वाद न्यायालयों में दाखिल किये गये।

न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा 12 खाद्य कारोबारकर्ताओं पर तीन लाख तीन हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने दीपावली के अवसर पर विशेष अभियान चलाकर दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद जैसे पनीर, घी, मावा आदि तथा मिठाईयों, खाद्य तेल एवं अन्य खाद्य पदार्थों की मिलावट की रोकथाम हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही कर नमूने संग्रहीत करने के निर्देश दिये गये। साथ ही निर्देशित किया कि अधिक रंगीन मिठाईयों के विक्रय पर कड़ी निगरानी रखी जाये। अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अवैध तथा मानक अनुसार संचालित न होनी वाली मीट एवं मछली की दुकानों पर कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में संचालित जन औषधि केंद्रों एवं मेडिकल स्टोरों की नियमित जाँच करने के भी निर्देश दिये गये। जिला समिति की बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य डा0 गौरी शंकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल शुक्ला, अधिशाषी नगर पालिका अवधेश कुमार, जिला आपूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी, जिला विघालय निरीक्षक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं किराना उघोग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सुरेश कुमार शुक्ला, श्याम किशोर गुप्ता सम्मिलित रहे।

## सीएचसी में गलत इंजेक्शन लगाने से वृद्ध की मौत, परिजनों ने आरोप लगाकर काटा हंगामा

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** हालत बिगड़ने पर सीएचसी लाए गए वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया। नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरिपुरा निवासी महेंद्र कुमार शुक्रवार की सुबह पिता राजकुमार 60 वर्ष की हालत बिगड़ने पर उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया था। जहां पर डॉक्टर ने तत्काल इलाज शुरू किया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरु कर दिया। इस दौरान मृतक के पुत्र ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पिता को स्वास्थ्य फूलने पर जांच पड़ताल के लिए लाया गया था। जहां पर मौजूद स्टाफ द्वारा उन्हें गलत इंजेक्शन लगा दिया गया जिससे उनकी हालत और बिगड़ गई। फिलहाल घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस में सूझबूझ के साथ परिजनों को शांत कराया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अस्थाई लकड़ी के पुल से निकलने को मजबूर हैं स्कूली बच्चे व गर्भवती महिलाएं

जन एक्सप्रेस । महोबा



बुंदेलखण्ड के महोबा जिले कबरई विकासखण्ड के ग्राम सिरसी कलां से निकली श्यामा नदी का फुल जनपद मे हुई अधिक बारिस के चलते जून के महीने में ही टूट गया था। पुल टूटने के कारण कई गाव का आवागमन बाधित बना हुआ है। चार महीने बीत जाने पर भी टूटे हुए पुल का अभि तक निर्माण नहीं हो पाया है। पुल का निर्माण न होने से देश का भविष्य कहे जाने वाले बच्चे स्कूल जाने से कई वन्चित बने हुए है। स्कूली बच्चों के साथ-साथ कई गांव की गर्भवती महिलाओं एवं बीमार व्यक्तियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब किसी सरकारी मुलाजिम एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा ध्यान न दिए जाने पर ग्रामीणों ने जुगाड़ का सहारा लेकर टूटे हुए पुल पर लकड़ी का पुल बना कर जान जोखिम में डाल अपनी समस्याओं का निराकरण कर रोजाना मर्रा के काम काज कर रहे है।

कबरई विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले गाव सिरसी कला से निकली श्याम नदी पर दशकों से बना पुल कई माह पहले अधिक बरसात के चलते ढह गया था जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा शासन प्रशासन को दी गई थी पर जून से लेकर अभी तक कोई भी निर्माण कार्य नहीं प्रारंभ किया गया है। ग्रामीणों द्वारा बच्चों की पढ़ाई, बीमार व्यक्तियों एवं गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने हेतु ग्रामवासियों द्वारा लकड़ी का अस्थाई पुल बनाया गया था, जिससे बीमार व्यक्ति वह स्कूली बच्चे अपने गंतव्य तक पहुंच सके।

ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद भी पुल का निर्माण नहीं हो पा रहा है और हमारे बच्चों को लकड़ी के पुल से जान जोखिम में डालते हुए पुल से गुजर कर स्कूल जाना पड़ता है तो वही गर्भवती महिलाओं को भी उसी लकड़ी के पुल से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया जाता है। ग्राम वासियों का कहना है कि शासन प्रशासन के साथ-साथ हमारे सदर विधायक को भी हम ग्रामीणों की परेशानियां नहीं दिख रहीं हैं। यह पॉल कई गांवों को राजमार्ग से जोड़ता है फिर भी जून से लेकर अभी तक कई महीने गुजर जाने के बावजूद भी हम ग्रामीण कि नहीं सुनी जा रही है द्य इसका खामियाजा आगे आने वाले विधानसभा चुनाव में मिल सकता है। पुल टूटने से ग्राम की जनता बेहद परेशान बनी हुई है। जल्द किसी ने उनकी समस्याओं का जल्द निराकरण नही किया गया तो मुख्यालय पहुँच विशाल धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी ग्रामीणों ने दी है।

## सड़क हादसे में पीआरडी समेत तीन लोग घायल

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** बाइक से ड्यूटी पर जा रहे पीआरडी जवान की बाइक में पीछे से आ रहे बाइक चालक ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो पीआरडी जवान घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी दर्शन सिंह पीआरडी में तैनात हैं। उनकी ड्यूटी उरई में ट्रैफिक पुलिस में लगी थी। शुक्रवार की सुबह वह अपनी बाइक से ड्यूटी पर उरई जा रहे थे। जालौन से उनके साथ लौना निवासी पीआरडी जवान महेश कुमार भी बैठ गए। दोनों जब बाइक से निर्माणाधीन ताई बाई प्रवेश द्वार पर पहुंचे।

तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक के चालक ने बेकाबू होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों पीआरडी जवान घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। पीआरडी जवान दर्शन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कोटक की नई पेशकश कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव फंड ऑफ फंड से डुअल मेटल की क्षमता को अनलॉक करें

जन एक्सप्रेस । आगरा

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी) ने कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ (एफओएफ या फंड ऑफ फंड) लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड स्कीम है जो कोटक गोल्ड ईटीएफ और कोटक सिल्वर ईटीएफ में निवेश करेगी। इस इनोवेटिव फंड का उद्देश्य निवेशकों को सोना और चांदी-दोनों में एक्सपोज़र प्रदान कर लंबी अवधि में पूंजी में वृद्धि का अवसर देता है। यह स्कीम आम लोगों के निवेश के लिए 6 अक्टूबर 2025 को खुलेगी और 20 अक्टूबर 2025 को बंद होगी।

सोना और चांदी जैसे कीमती धातु ऐतिहासिक रूप से मूल्य सुरक्षित रखने का साधन रहे हैं और महंगाई तथा मुद्रा अवमूल्यन के खिलाफ बचाव का कार्य करते आए हैं। विश्व भर के केंद्रीय बैंक जहाँ अपने स्वर्ण भंडार बढ़ा रहे हैं और औद्योगिक तथा निवेश क्षेत्रों में चांदी की माँग बढ़ रही है। वहीं, कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ इस एसेट क्लास में एक उपयुक्त और विविधीकृत प्रवेश का अवसर देता है। कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ कोटक गोल्ड ईटीएफ और कोटक सिल्वर ईटीएफ में निवेश करेगा, जिससे दोनों धातुओं में कॉस्ट-एफिशियंट तरीके से निवेश का अवसर मिलेगा। इसमें आवंटन एक इन-हाउस क्वांटिटेटिव मॉडल के आधार पर होता है, जो सोना और चांदी की कीमतों की चाल को देखते हुए संतुलन बिठाता है। इससे मानवीय पक्षपात की संभावना समाप्त हो जाती है। यह मॉडल समय-समय पर डायनामिक री-बैलेंसिंग करता है, जिससे निवेश अनुशासित और डेटा-आधारित तरीके से किया जाता है।

# टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू॥

जन एक्सप्रेस । श्रीनगर ,महोबा

**-पेटू राजा ने अपने हास्य अभिनय ने सभी को लोटपोट कर दिया**

**-जिले भर के अतिथियों ने की सराहना**



जैसे ही धनुष का खंडन हुआ तब परशुराम जी सीता स्वयंवर में आ गए और उन्होंने क्रोधित होकर पूछा कि यह धनुष किसने तोड़ा? तभी लक्ष्मण जी ने जवाब दिया **टूट रघुपतिहु न दोसू मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू** अर्थात वह तो छोटे ही टूट गया उसमें रघुपति का कोई दोष नहीं है तब परशुराम जी और भी क्रोधित हो गए नव युवक रामलीला मंडल श्रीनगर द्वारा आयोजित लीला में धनुषऔर श्रीराम वनवास की लीला का शानदार मंचन किया गया जिसमें अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर चक्रपाणि त्रिपाठी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष भागीरथ नगायच सहित एक दर्जन से अधिक अतिथि सम्मिलित हुए जिन्होंने भगवान की आरती की।

इसके बाद जनक नंदिनी सीता द्वारा धनुष का पूजन करना, सुमित विमित द्वारा स्वयंवर की शर्त की घोषणा करना, गुड़ाने के पेटू राजा कक्का जू ओर नाऊ कक्का के हास्य अभिनय ने सभी को लोट पोट कर दिया, रावण बाणासुर संवाद ने वीर रस की समा बांध दी इसके बाद राम की धनुष तोड़ने पर सीता जी ने जयमाल डाली और इसके बाद परशुराम जी का आगमन हुआ जिस पर राम लक्ष्मण से साहित्यिक युद्ध का सभी ने आनंद लिया, परशुराम लक्ष्मण संवाद की लोकप्रिय जोड़ी परशुराम अखिल शुक्ला और लक्ष्मण समर्थ तिवारी की रही, बाद में श्री राम वनवास की लीला भी खेली गई। जिसमें मंथरा प्यारेलाल श्रीवास, जनक भूपेंद्र रिछारिया, विश्वामित्र अनूप त्रिवेदी, रावण सुबोध गंगेले, बाणासुर अरविंद तिवारी, पेटू राजा प्यारेलाल श्रीवास, नाऊ कक्का प्रकाश कुशवाहा,आदि ने किया व्यवस्था यशवर्धन त्रिवेदी, विमल त्रिवेदी, जितेंद्र कुशवाहा, अनमोल मिश्रा की रही, व्यास गद्दी रतीश चंद्र रावत संचालन अनिल शुक्ला और नरेंद्र गंगेले का रहा।

# चर्चित अपहरण और हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास

जन एक्सप्रेस । झांसी

बरुआ सागर में डेढ़ वर्ष पूर्व हुए चर्चित अपरहण कर हत्याकांड के आरोपियों पर अपर जिला सत्र न्यायधीश सुनील कुमार की अदालत ने बुधवार को दोष सिद्ध कर दिया था।

तीनों आरोपियों को शुक्रवार को सुनाई सजा सुनाई जानी थी। शुक्रवार को न्यायालय ने अंशुल यादव अपहरण हत्याकांड के तीनो आरोपियों को आजीवन कारावास और एक एक लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता एडीजीसी क्राइम तेज सिंह गौर ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 माह दिसंबर में बरुआ सागर के ग्राम उजयान निवासी अंशुल यादव अपनी बहन को बाइक से झांसी रेलवे स्टेशन छोड़कर देर शाम घर लौट रहा था। जैसे ही अंशुल उज्यान गांव के पास पीपा पुल पर पहुंचा तभी वहां पहले से खड़ी लाल रंग की आई 10 गाड़ी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अंशुल घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद गाड़ी सवार तीन आरोपी सुनील यादव, अभिषेक यादव ओर नीलू उर्फ धर्मसिंह अंशुल को उठाकर चार पहिया गाड़ी में डालकर अपहरण कर ले गए और उसकी बाइक को नदी में फेंक दी।

इसके दो दिन बाद आरोपियों ने अंशुल को हत्या करने के बाद शव बेतवा नदी में फैंक दिया था। यह घटना पीपा पुल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

# जिलाधिकारी व एसपी ने वन स्टाप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

- भोजन, पानी, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं की ली जानकारी
- बाउंड्री वॉल निर्माण व प्रतीक्षालय निर्माण को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने गुरुवार को वन स्टाप सेंटर, महराजगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सेंटर में आवासित छह संवासिनियों एवं एक मानसिक मंदित बालिका से संवाद स्थापित कर उनकी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

संवासिनियों ने बताया कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं है तथा समय से भोजन और नाश्ता उपलब्ध कराया जाता है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

पुलिस अधीक्षक मीना ने सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पूरे परिसर का निरीक्षण किया और खुले स्थानों के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी श्री शर्मा ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता को बाउंड्री वॉल का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किचन, शौचालय एवं स्नानागार की स्वच्छता की समीक्षा की और इन्हें यथावत बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्मिक उपस्थिति रजिस्टर, पुलिस चौकी रोस्टर व अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा विशिष्ट अतिथियों के भ्रमण हेतु पृथक हस्ताक्षर पंजिका तैयार करने के निर्देश भी दिए। साथ ही, अभिभावकों के प्रतीक्षार्थ शेड निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया।

अंत में जिलाधिकारी श्री शर्मा ने सभी कर्मियों को निर्देशित किया कि वे संवासिनियों के हित में अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें और सेंटर का वातावरण सद्भावपूर्ण एवं सुरक्षित बनाए रखें। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री कन्हैया यादव, केंद्र प्रशासक ऋचा मिश्रा, महिला पुलिस चौकी इंचार्ज श्रीमती राजकुमारी शुक्ला तथा हेड कांस्टेबल मधुबाला सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आधी रात में गुल हुई 60 गांवों की बिजली, 12 घंटे बाद आई

जन एक्सप्रेस । देवरिया

बैदौली फीडर के महानपुर में बुधवार की आधी रात में एचटी तार में फॉल्ट उत्पन्न होने से 60 गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार की सुबह जैसे फॉल्ट ठीक कर आपूर्ति बहाल कराई तब तक रोस्टिंग कटौती हो गई। ऐसे में दोपहर में 12 घंटे बाद जाकर आपूर्ति बहाल हो पाई। उधर, इसी फीडर में आने वाले करीब 10 से अधिक गांवों में छठवें दिन भी आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, खुखुंदू उपकेंद्र से चार फीडरों के माध्यम से ढाई सौ गांवों की आपूर्ति की जाती है। बुधवार की रात करीब एक बजे बैदौली फीडर की आपूर्ति बंद हो गई। इससे 60 गांवों में अंधेरा छा गया। निगम के कर्मचारियों का कहना है कि महानपुर के पास एचटी तार में फाल्ट उत्पन्न होने से आपूर्ति प्रभावित हो गई। रात में फॉल्ट ठीक नहीं हो पाया। बृहस्पतिवार की सुबह करीब 10 बजे जाकर फॉल्ट दुरुस्त किया गया। इसके बाद जैसे आपूर्ति संचालित हुई, मेन सप्लाई चली गई। फिर दोपहर में करीब एक बजे बिजली आई।

# जिलाधिकारी व एसपी ने पीसीएस परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

### परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन सतर्क

- निरीक्षण में मिली कुछ कमियाँ को सुधार करने के लिए संबंधित को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) परीक्षा जनपद में सकुशल एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने शुक्रवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया है। निरीक्षण की शुरुआत राजकीय बालिका इण्टर कालेज महराजगंज से हुई, इसके बाद अधिकारियों ने जयपुरिया इण्टर कालेज आनन्दनगर तथा लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज फरेन्दा का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, निगरानी व्यवस्था, लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरों और कन्ट्रोल रूम की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। जयपुरिया इण्टर कालेज में लाइट की अस्थायी व्यवस्था कमजोर पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम फरेन्दा को निर्देश दिए कि पानी के टैंकर और नगर पंचायत की मोबाइल शौचालय की व्यवस्था तत्काल सुदृढ़ की जाए। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय में खिड़कियों पर जाली लगाने का कार्य जारी था। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों के प्रवेशद्वार और जांच की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। दोनों पालियों में राजकीय बालिका विद्यालय में 400, जयपुरिया इण्टर कालेज में 480 तथा लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज में 384 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। निरीक्षण के दौरान लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय में कक्ष निरीक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इस मौके पर एसडीएम फरेन्दा शैलेन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा, राजकीय बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य अनामिका पाण्डेय, जयपुरिया इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य शाकिर हुसैन, लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज के विजय प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज 5 : महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर

जन एक्सप्रेस । महाराजगंज



सदर ब्लॉक के ग्राम सभा बरवा फहीम स्थित राजामनी गब्बू महात्मा बुद्ध इंटर कॉलेज में शुक्रवार को मिशन शक्ति 2025 के पांचवें चरण के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्यतिथि सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। मिशन शक्ति अभियान ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ समाज में नेतृत्व का अवसर भी दिया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, राजनीति और उद्योग जगत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। विधायक ने छात्राओं से अपील की कि वे आत्मनिर्भर महिला योजना, एक जिला एक उत्पाद और महिला सुरक्षा ऐप जैसी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

विशिष्ट अतिथि उपनिबंधक सहकारिता सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नारा नहीं, बल्कि विकास की नींव है। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हुई हैं। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान को ÷नारी सम्मान और विकास का यज्ञ÷ बताते हुए कहा कि जब महिला सशक्त होगी, तभी समाज और राष्ट्र मजबूत बनेगा। कार्यक्रम में छात्राओं ने महिला जागरूकता पर आधारित नाटक और गीत प्रस्तुत किए। उप निरीक्षक ज्योति राय ने छात्राओं को सुरक्षा और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया। विद्यालय प्रबंधक विनय चौरसिया ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में स्काउट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ड्यूटी पर बरतें सकर्तकर्ता, संदिग्धों पर रखें पैनी नजर

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जिले की कानून व सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए रात्रि चेकिंग अभियान चलाकर बुधवार देर रात कसया सीओ ने जांच की। उन्होंने ड्यूटी स्थल पर तैनात पुलिस कर्मियों को हर संदिग्ध पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए।

कसया सीओ कुंदन सिंह बुधवार की ररात सपहा में पीआरवी वाहन, हाइवे चौकी कसया, थाना कसया, कोतवाली हाटा, थाना तुर्कपट्टी, थाना कुबेरस्थान और कोतवाली पडरौना क्षेत्र के रात्रि ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान पीआरवी वाहन के पुलिसकर्मी सतर्क व रूट चार्ट के मुताबिक मिले। आवश्यक दिशा-निर्देश देने के बाद सीओ ने ड्यूटी के दौरान सतर्कता बरतने की और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने की बात कही और लापरवाही बरतने पर रपट दर्ज और विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी।

# रामलीला की झांकी पर हमला, हंगामा

जन एक्सप्रेस । देवरिया



एकौना गांव में रामलीला मंचन के दौरान बृहस्पतिवार की शाम राम राज्याभिषेक पर गांव में निकली उत्सव जुलूस पर अनुसूचित जाति बस्ती के कुछ युवकों ने हमला बोल दिया। पत्थरबाजी में राम और लक्ष्मण का पात्र निभा रहे दो किशोर सहित छह लोग घायल हो गए।

वारदात को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने रुद्रपुर-रकहट मार्ग जाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक आनंद पांडेय ने कहा कि थानाध्यक्ष और सिपाही के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जा रही है। चार आरोपी हिरासत में है।

वारदात की खबर पर एसपी संजीव सुमन और एसडीएम हरिशंकर लाल मौके पर पहुंच कर हंगामा कर ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

गांव में तनाव को देखते हुए सीओ हरिराम यादव के नेतृत्व में पुलिस कैंप कर रही है। ग्रामीणों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वारदात के पीछे मंगलवार की शाम गांव में रावण के पुतला दहन के दौरान एक युवती का फोटो खींचने को लेकर हुई कहासुनी का विवाद बताया जा रहा है।

थानाध्यक्ष उमेश कुमार बाजपेई और हलका सिपाही रामबचन यादव को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

चार आरोपी पुलिस हिरासत में है। एकौना गांव में बृहस्पतिवार की शाम श्रीराम के राज्याभिषेक पर रामहित उत्सव जुलूस निकाला गया। अनुसूचित जाति बस्ती से होकर गुजरने के दौरान दो दिन पहले हुए विवाद से नाराज कुछ युवक ने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया।

# ठेका कर्मियों की हड़ताल से ढाई घंटे ठप रहीं मेडिकल कॉलेज में सेवाएं

जन एक्सप्रेस । देवरिया



महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग (ठेका) कर्मचारी बृहस्पतिवार की सुबह हड़ताल पर चले गए। इससे सभी जरूरी सेवाएं ठप हो गई।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन की हड़ताली कर्मचारियों से बातचीत के बाद बकाया वेतन एकमुश्त मिलने के आश्वासन पर कर्मचारी काम पर लौट आए। इस बीच करीब ढाई घंटे तक पंजीकरण समेत कई सेवाएं ठप रहीं।

जयंत मल्टीपरपज के तहत कार्यरत 36 कर्मचारी सुबह आठ बजे हड़ताल का ऐलान करते हुए ओपीडी बिल्डिंग में रोगी पंजीकरण काउंटर के बाहर जमा हो गए। इनको दूसरी कंपनी के माध्यम से कार्यरत दो सौ कर्मचारियों का समर्थन मिल गया। इसके चलते रोगी पंजीकरण काउंटर पर काम ठप हो गया। जीरो बिलिंग काउंटर, ऑनलाइन भर्ती काउंटर समेत कई काउंटर ठप हो गए।

इमरजेंसी में कार्यरत मल्टीपरपज वर्कर भी काम छोड़कर ओपीडी बिल्डिंग में पहुंच गए। सभी एक साथ नारेबाजी करने लगे। इसकी जानकारी होते ही करीब नौ बजे सीएमएस डॉ. एचके मिश्र और प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजीत पाल मौके पर पहुंचे। दोनो अधिकारियों ने हड़ताली कर्मचारियों से बातचीत कर काम पर लौटने को कहा। पर कर्मचारी टस से मस नहीं हुए।

कर्मचारियों का कहना था कि वेतन मिलने के बाद ही हड़ताल समाप्त होगी। इसके बाद हड़ताली कर्मचारी डीएम को बुलाने की मांग करने लगे। इधर सीएमएस ने जयंत मल्टीपरपज कंपनी के जिम्मेदारों को फोन लगाया। पर उनका फोन रीसिव नहीं हुआ। मामला बढ़ता देख सीएमएस डॉ. एचके मिश्र ने हड़ताल की जानकारी जिलाधिकारी को दिया। डीएम ने 11 बजे मिलने का समय दिया। अभी हड़ताली कर्मचारियों से बातचीत चल रही थी। इस बीच प्राचार्य का कार्यभार देख रहीं उप प्राचार्य डा. श्वेता सिंह मौके पर पहुंची। इसके बाद उन्होंने हड़ताली कर्मचारी नेताओं को बुलाकर बातचीत किया। इधर जयंत मल्टीपरपज कंपनी के जिम्मेदार ने सीएमएस से बातचीत के बाद वेतन भुगतान का आश्वासन दिया। इसके बाद करीब 10-20 बजे काम पर लौट आए। इस बीच कतार में खड़े मरीज काफी परेशान रहे।

## अच्छे समाज के निर्माण के लिए बनें शाकाहारी

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

क्षेत्र के जोकवा बाजार के शिव मंदिर रोड स्थित ब्रह्म स्थान परिसर में बृहस्पतिवार को जय गुरुदेव संस्थान की तरफ से आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को अच्छे समाज के निर्माण के लिए शाकाहारी बनने के लिए प्रेरित किया गया।धर्म प्रचारक अंगद पाल ने कहा कि जीवन काल में अच्छे समाज के निर्माण के लिए शाकाहार अपनाने, नशा त्यागने, चरित्र उत्थान के साथ लोगों को भगवान की भक्ति में लगाने का अभियान चलाया जा रहा है।धर्म प्रचारक अंगद पाल ने कहा कि जीवन काल में अच्छे समाज के निर्माण के लिए शाकाहार अपनाने, नशा त्यागने, चरित्र उत्थान के साथ लोगों को भगवान की भक्ति में लगाने का अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान शिव कुमार, राजू जायसवाल, विवेक मौर्या, वकील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड : प्रदेश में आठवें स्थान पर पहुंचा महराजगंज

### विकास और राजस्व योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मिली सराहना

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जनपद महराजगंज ने एक बार फिर विकास और राजस्व योजनाओं के उत्कृष्ट क्रियान्वयन से प्रदेश स्तर पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर सितंबर माह के मूल्यांकन में महराजगंज प्रदेश के शीर्ष 10 जिलों में शामिल रहा और आठवां स्थान प्राप्त किया।

विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं में जनपद को शानदार प्रदर्शन के लिए 47 परियोजनाओं में ए ग्रेड, 05 में बी ग्रेड तथा 02 परियोजनाओं में सी ग्रेड मिला। उल्लेखनीय है कि किसी भी योजना में डी ग्रेड नहीं मिला, जो जनपद प्रशासन की सक्रियता और पारदर्शी कार्यप्रणाली का प्रमाण है।

इसी तरह, राजस्व विभाग के अधीन आने वाली योजनाओं में भी जनपद का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। महराजगंज को 33 योजनाओं में ए ग्रेड, 10 में बी ग्रेड तथा 03 योजनाओं में सी ग्रेड प्राप्त हुआ।

पिछले एक वर्ष से भी अधिक समय से महराजगंज जनपद लगातार सीएम डैशबोर्ड के शीर्ष 10 जनपदों में अपनी जगह बनाए हुए है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, स्वच्छता, पेयजल, सड़क निर्माण और सामाजिक योजनाओं जैसे क्षेत्रों में जनपद का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय पाया गया है।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे निरंतर मॉनिटरिंग, प्रभावी समीक्षा बैठकों और फील्ड स्तर पर कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से जनता तक पहुंच सके। जिलाधिकारी ने कहा कि महराजगंज का यह प्रदर्शन टीमवर्क और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी प्रकार की कार्यशैली से आने वाले महीनों में जनपद और भी ऊंचे स्थान पर पहुंचेगा।

# मुलायम को याद कर भावुक हुए सपा कार्यकर्ता, श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

जन एक्सप्रेस । सोनौली/महराजगंज



आदर्श नगर पंचायत सोनौली के जानकी नगर वार्ड स्थित लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव बैजू यादव के कैंप कार्यालय पर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

कार्यक्रम में उपस्थित सपा कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके योगदानों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने हमेशा किसानों, नौजवानों और गरीब वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया। सभी ने उनके बताए आदर्शों पर चलने और समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष विक्रम यादव, जिला पंचायत सदस्य रामाशीष यादव, रामअचल यादव, रेखा यादव, रामअचल जोखन यादव, सुदामा, हरिराम, रामकेश भारती, बाबूलाल, सुनील, प्रिंस यादव, इमरान हाशमी, अनिल यादव, राम सिंह, पुरुषोत्तम यादव, योगेश यादव, जुगेश यादव,सहित सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त कदम है स्वदेशी मेला

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

शहर के जूनियर हाईस्कूल परिसर में बृहस्पतिवार से 15 दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो, स्वदेशी मेला शुरू हुआ। इसमें उद्योग विभाग की तरफ से दर्जी ट्रेड के तहत छह लाभार्थियों को टूल किट वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि यह मेला केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है। स्वदेशी वस्तुओं को अपनाते हैं तो केवल किसी उत्पाद को नहीं, बल्कि अपने किसानों, कारीगरों, महिलाओं और छोटे उद्यमियों के श्रम को सम्मान देते हैं। इस दौरान सीडीओ गुंजन द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग अभय सुमन, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, लल्लन मिश्र, सदाशिव मणि त्रिपाठी, बंका सिंह, रितिक सिंह गौतम आदि मौजूद रहे।

# 23 स्वर्ण पदक जीत शहीद रामचंद्र इंटर कॉलेज चैंपियन

जन एक्सप्रेस । देवरिया



शहीद रामचंद्र इंटर कॉलेज बसंतपुर धूसी के खेल मैदान में चल रहे दो दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन बृहस्पतिवार को हुआ। इसमें 19 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

मेजबान शहीद रामचंद्र इंटर कॉलेज ने 23 गोल्ड, 26 सिल्वर व 18 ब्रांज मेडल जीतकर विजेता बना। अशोक इंटर कॉलेज डुमरी रामपुर कारखाना 8 गोल्ड, 8 सिल्वर व 11 ब्रांज मेडल जीतकर दूसरे स्थान पर रहा। कंपोजिट विद्यालय नारायणपुर ने 8 गोल्ड, 4 सिल्वर व 11 ब्रांज जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी अब जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा, खंड शिक्षाधिकारी विजय कुमार ओझा व प्रधानाचार्य डॉ. स्वतंत्र यादव ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। नगर अध्यक्ष ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल से व्यक्ति के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। मैं इसी विद्यालय का विद्यार्थी रहा हूं, मुझसे जितना हो सकेगा इस विद्यालय की उन्नति के लिए प्रयास करूंगा। प्रधानाचार्य डॉ. स्वतंत्र यादव ने कहा कि यह विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज के बाद सबसे पुराना है। यहां बच्चों की पढ़ाई के साथ ही खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इसका प्रतिफल है कि यहां के बच्चों ने 23 गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय को प्रथम स्थान दिलाया है।

बीइओ ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को बेहतर प्लेटफार्म प्राप्त हुआ है। यही बच्चे एक दिन प्रदेश और देश में अपना नाम रोशन करेंगे। दूसरे दिन की प्रतियोगिता के दौरान अंडर 19 चक्र क्षेपण बालक वर्ग में विवेक शर्मा प्रथम, अभिषेक द्वितीय व रोहन सिंह तृतीय रहे।अंडर 17 त्रिकुट बालक वर्ग में प्रीतम प्रथम, धीरज प्रसाद द्वितीय व शाहिल तृतीय रहे। अंडर 17 त्रिकुट बालिका वर्ग में ललिता यादव प्रथम, निधि चौरसिया द्वितीय व अंजलि सिंह तृतीय रहीं। भाला फेंक में विवेक शर्मा प्रथम, अभिषेक द्वितीय व आकाश चौहान तृतीय स्थान पर रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शहीद रामचंद्र इंटर कॉलेज प्रथम व अशोक इंटर कॉलेज डुमरी द्वितीय स्थान पर रहे। निर्णायक की भूमिका में गेम टीचर अवधेश सिंह, दीपू राव, अजीत कुमार पटेल, निशांत मिश्र, रामजी कुशवाहा आदि रहे। इस दौरान प्रवक्ता विनोद शाही, मुनेब प्रसाद, सतीश शर्मा, सपना श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# हनी ट्रैप करने वाली का पर्दाफाश
# कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

बस्ती पुलिस की सूझबूझ और सतर्कता ने एक ऐसे संगठित हनी ट्रैप रैकेट का अंत कर दिया है, जो भरोसे और भावनाओं के नाम पर लोगों को फँसाकर उनकी जिंदगी को बर्बादी की ओर धकेल रहा था। इंसानियत के मुखौटे के पीछे छिपी यह महिला अपने शिकारों को पहले अपनापन और हमदर्दी का एहसास दिलाती, फिर उसी विश्वास को जाल में बदलकर ब्लैकमेलिंग का खेल खेलती थी।
लेकिन इस बार किस्मत ने उसका साथ नहीं दिया – बस्ती पुलिस की सजगता ने उसकी हर चाल को नाकाम कर दिया।
सोशल मीडिया और मोबाइल एप्लिकेशनों पर सक्रिय यह महिला झूठी पहचान बनाकर लोगों से संपर्क करती थी। वह अपने शिकारों से बातों-बातों में निजी जानकारी हासिल करती, फिर उन्हें झूठे आरोपों, शर्मिंदगी या बदनामी के डर से डराकर पैसे ऐंठने की कोशिश करती थी।
यह चालाकी तब खत्म हुई जब पुलिस ने उसकी हर गतिविधि पर नज़र रखी और गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया।
पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत और क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी के पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र चौधरी की टीम ने उसे धर दबोचा।
गिरफ्तारी टीम में निरीक्षक शुभ नारायण दुबे, उपनिरीक्षक पवन मौर्य, आरक्षी संजीव सोनकर और महिला आरक्षी अमित देवी शामिल रही।
टीम की तत्परता और योजना के चलते एक ऐसा अपराध नेटवर्क ध्वस्त हुआ, जो चुपचाप समाज के भीतर विश्वास को कमजोर कर रहा था।
यह घटना केवल एक गिरफ्तारी नहीं, बल्कि समाज के लिए एक चेतावनी है। आज जब दुनिया स्क्रीन और संदेशों में सिमट गई है, अपराध ने भी अपना चेहरा बदल लिया है। दोस्ती, प्यार और भरोसे के बहाने अब शिकार बनाने की रणनीति चल रही है।
पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी अनजान व्यक्ति से निजी जानकारी साझा न करें, न किसी संदिग्ध लिंक या कॉल पर भरोसा करें, और किसी भी तरह की धमकी या ब्लैकमेलिंग की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें।
यह मामला इस सच्चाई को उजागर करता है कि अपराध कितना भी आधुनिक क्यों न हो, कानून की पकड़ उससे कहीं तेज़ और मज़बूत होती है।
फँसाने चली थी, खुद फँस गई – यही उस महिला की कहानी नहीं, बल्कि उन सबके लिए सबक है जो छल को सफलता का शॉर्टकट समझते हैं।
बस्ती पुलिस की इस कार्रवाई ने न केवल अपराधियों के मन में भय पैदा किया है, बल्कि समाज को यह भरोसा भी दिलाया है कि न्याय की डोर अब भी मज़बूत हाथों में है। और अंत में यही सच गूंजता है – जो दूसरों को जाल में फँसाने निकला, उसे कानून ने अपने जाल में कैद कर लिया।

### हनी ट्रैप के जाल में फँसकर उजड़ जाते हैं सपने, बिखर जाता है परिवार और टूट जाता है विश्वास

हनी ट्रैप का खेल दिखने में भले ही एक साधारण बातचीत या ऑनलाइन पहचान से शुरू होता हो, लेकिन इसका अंजाम विनाशकारी होता है। यह अपराध इंसान के जीवन की नींव को हिला देता है – भरोसा, सम्मान और परिवार, सब कुछ इसकी चपेट में आ जाता है। एक मीठी मुस्कान, कुछ मीठे शब्द और झूठा अपनापन किसी को भी फँसाने के लिए काफी होता है। शुरुआत में सब कुछ सामान्य लगता है, लेकिन धीरे-धीरे ब्लैकमेलिंग, धमकी और सामाजिक अपमान का डर व्यक्ति को भीतर तक तोड़ देता है।
जो शिकार बनते हैं, वे अक्सर मानसिक दबाव और शर्मिंदगी के कारण किसी से बात नहीं कर पाते। उनकी चुप्पी ही अपराधियों की ताकत बन जाती है। परिवार का माहौल बिगड़ जाता है, रिश्तों में दरारें पड़ती हैं और विश्वास का आधार टूट जाता है। कई बार ऐसे मामलों में घर की शांति छिन जाती है, आर्थिक बर्बादी होती है और व्यक्ति समाज के सामने सिर उठाने लायक नहीं रह जाता।
सबसे दुखद यह है कि इन घटनाओं का असर केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे परिवार पर पड़ता है – माता-पिता का विश्वास डगमगा जाता है, जीवनसाथी टूट जाता है, बच्चे अपमान झेलते हैं। एक पल की भूल, एक गलत भरोसा पूरी ज़िंदगी को बदल देता है।
इसलिए, ज़रूरी है कि समाज इस खतरे को समझे। सोशल मीडिया और ऑनलाइन दुनिया में सावधानी ही सुरक्षा है। किसी भी अनजान व्यक्ति से व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, झूठे रिश्तों या लालच में न पड़ें। याद रखें – हर मुस्कान सच्ची नहीं होती, और हर रिश्ता भरोसे के काबिल नहीं होता। सतर्क रहें, जागरूक रहें और अपनी दुनिया को सुरक्षित रखें।

**समाज से अपील – सतर्क रहें, सुरक्षित रहें**

बस्ती पुलिस की यह कार्रवाई समाज के हर व्यक्ति के लिए एक गहरी सीख है। आज अपराधी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर नए-नए तरीके ढूंढ रहे हैं। इसलिए ज़रूरी है कि हम सब सतर्क रहें, सावधानी बरतें और किसी भी अनजान व्यक्ति की मीठी बातों या ऑनलाइन पहचान पर भरोसा न करें।
आपकी एक छोटी सी जागरूकता न केवल आपको, बल्कि आपके परिवार और समाज को भी सुरक्षित रख सकती है।
अगर कोई संदिग्ध संदेश, कॉल या ब्लैकमेलिंग का प्रयास हो – तुरंत पुलिस को सूचित करें।
सतर्क नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव हैं – बस्ती पुलिस का यही संदेश है।

## 69वीं विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



कस्बे के नेशनल इंटर कॉलेज के मैदान में शुक्रवार को दो दिवसीय 69वीं विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके तथा खेल ध्वज फहराकर किया। आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद प्रकाश वर्मा और उप प्रधानाचार्य राम गोपाल यादव की अगुवाई में मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्काउट बैंड, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह आयोजन निश्चित रूप से बहुत अच्छा है। उन्होंने प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल से हमारे शरीर और मन दोनों का विकास होता है। कहा कि सरकार का खेल को बढ़ावा देने की नीति न केवल बुनियादी ढांचा मजबूत कर रहा है, बल्कि युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय पटल पर चमकाने का मंत्र भी दे रहा है। प्रतियोगिता में सीनियर बालक 800 मीटर में बस्ती उत्तरी के आदर्श प्रथम और हरैया क्षेत्र के अर्जुन कुमार द्वितीय, जूनियर बालक 800 मीटर में बस्ती उत्तरी के आलोक प्रथम, हरैया के मोहित द्वितीय और बस्ती उत्तरी के विकास तृतीय, सब जूनियर बालक 600 मीटर में बस्ती उत्तरी के विजय प्रथम, हरैया क्षेत्र के दिलशाद द्वितीय और बस्ती दक्षिणी के अंकुल तृतीय, जूनियर बालक 200 मीटर में बस्ती दक्षिणी के शुभम प्रथम, बस्ती दक्षिणी के नैतिक गिरी द्वितीय तथा भानपुर के अमन सोनकर तृतीय, सीनियर बालिका 800 मीटर में बस्ती दक्षिणी की शिमना प्रथम, हरैया की अनुप्रिया द्वितीय और बस्ती उत्तरी की मुस्कान तृतीय, जूनियर बालिका 800 मीटर में बस्ती उत्तरी की अरिष्का सिंह प्रथम, हरैया की अंशिका द्वितीय तथा हरैया की संजनी तृतीय, सब जूनियर बालिका 600 मीटर में हरैया की आशु प्रथम, भानपुर रुधौली की शशि चौधरी द्वितीय तथा बस्ती दक्षिणी की काजल तृतीय, डिस्कस थ्रो सीनियर बालिका वर्ग में हरैया की संध्या प्रथम, बस्ती दक्षिणी की अमृता द्वितीय तथा बस्ती उत्तरी की रिया यादव तृतीय, डिस्कस थ्रो जूनियर बालिका वर्ग में भानपुर रुधौली की शालिनी चौधरी प्रथम, हरैया की सुहानी वर्मा द्वितीय तथा हरैया की खुशी तृतीय, डिस्कस थ्रो सब बालिका वर्ग में हरैया की आशु प्रथम, भानपुर की शशि चौधरी द्वितीय तथा बस्ती दक्षिणी की काजल चौधरी तृतीय स्थान पर रही। संचालन वेद प्रकाश द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर शिक्षक नेता शिवपाल सिंह, रामेश्वर सिंह, गिरीश चंद्र चौबे, डॉ संजय सिंह, डॉ विकास भट्ट, डॉ श्रीकांत, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, संजय कुमार द्विवेदी, राम कोमल सिंह, सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, आयोजक शारीरिक शिक्षक अमरनाथ मौर्या, प्रभाकर ओझा, अमित कुमार यादव, रमेश चंद्र गुप्ता, माता प्रसाद तिवारी, अजय कुमार वर्मा, विवेक कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र, कृष्ण कुमार पाठक, सरिता यादव, सुभाष यादव शाहिद बड़ी संख्या में शिक्षक, प्रतिभागी छात्र और दर्शक मौजूद रहे।

### छिनैती व रंगदारी मांगने के आरोपियों पर फर्ज हुआ मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जफराबाद लाईनबाजार क्षेत्र के शिवापार गांव निवासी एक युवक से रंगदारी मांगने और लूट करने के आरोपियों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुट गयी है। क्षेत्र के शिवापर गांव निवासी शुभम कुमार ने आरोप लगाया है की गुरुवार को वह शहर से घर लौट रहा था।रास्ते में मौर्या मार्किट के पास रूककर एक दुकान से दुध लेने लगा। तभी विकास नाम का एक युवक अपने सात अन्य साथियों के साथ आकर शुभम को मारने पीटने लगा। आरोप है कि वे लोग उससे 20 हजार रूपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर वे लोग उसे मारते पीटते हुए मुरादगंज लखनऊ हाइवे के पास तक ले गये। और रंगदारी की रकम घर से लाकर मंगवाने का दबाव बनाने लगे। इस बीच कुछ लोगों के बीच बचाव के बाद वे सभी वहां से निकल लिये। वे लोग उसकी मोबाईल सहित 17 सौ रूपये लूट कर लेते गये। प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया की पीड़ित शुभम की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## जीएसटी सुधार से आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है हिंदुस्तान: सुभाष यदुवंश

- जीएसटी सुधार क्रान्तिकारी कदम- सी.ए. चन्द्र प्रकाश, भाजपा के विधानसभा सम्मेलन में गिनाई सरकार की उपलब्धिया

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




शुक्रवार को कप्तानगंज के पूर्व विधायक भाजपा के वरिष्ठ नेता सी.ए. चन्द्र प्रकाश के नेतृत्व में जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार अभियान के तहत भाजपा का विधानसभा सम्मेलन कप्तानगंज ब्लॉक सभागार में सम्पन्न हुआ।
आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत हुये आयोजन के मुख्य अतिथि एमएलसी सुभाष यदुवंश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए जीएसटी सुधार करोड़ों भारतीयों के जीवन को आसान बनाने वाले परिवर्तनकारी कदम हैं। सरकार ने सामान्य नागरिकों पर कर का बोझ कम करते हुए किसानों को सशक्त बनाया है और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देकर समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।
पूर्व विधायक भाजपा के वरिष्ठ नेता सीए चन्द्र प्रकाश ने कार्यक्रम में आये पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों का स्वागत करते हुये कहा कि जीएसटी सुधार से जनता को बहुत राहत मिल रहा है। दूध, पनीर, शैंपू, साइकिल, बच्चों के सामान,जरूरी घरेलू सामान पर अब शून्य या सिर्फ 5ः टैक्स लग रहा है। इससे रोजमर्रा के खर्च कम होंगे। इसी तरह किसान के खेती में प्रयोग होने वाले सामान, वाहन, शिक्षा आदि सस्ते हो गये। जीएसटी रिफार्म से मध्यम वर्ग की सलाना बचत बढ जायेगी। यह कदम सराहनीय है।
भाजपा नेता राधेश्याम कमलापुरी, उमाशंकर यादव, जटाशंकर शुक्ला, इंजीनियर वीरेंद्र कुमार मिश्रा, सुनील पाण्डेय आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि जीएसटी रिफार्म से 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार होगा। कहा कि जीएसटी रिफार्म पीएम मोदी का आम लोगों को दीवाली उपहार है। संचालन मनोज ओझा ने किया।
कार्यक्रम में विनय यादव, अमित गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष गौरव त्रिपाठी राजेश कमलापुरी, गंगेश सिंह लवकुश शुक्ल, मनोज पाठक के साथ ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक उपस्थित रहे।

## एमएससी जूलॉजी की छात्रा आंचल बनी एक दिन की तहसीलदार

**फरियादियों की सुनी समस्याएं, दिया बेटियों को प्रेरणा का संदेश**



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

मिशन शक्ति अभियान 0,5 के तहत महिलाओं और बेटियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सदर तहसील में एमएससी जूलॉजी की छात्रा आंचल को एक दिन का तहसीलदार बनाया गया। तहसीलदार की कुर्सी पर बैठकर आंचल ने न सिर्फ फरियादियों की समस्याएं सुनीं बल्कि उनके आवेदन पत्रों पर उचित कार्रवाई के निर्देश भी दिए।
इस दौरान आंचल ने राजस्व निरीक्षक को कई मामलों में आवश्यक निर्देश जारी किए। दूर-दूर से आए फरियादियों ने भी अपने आवेदन आंचल को सौंपे, जिन पर उन्होंने गंभीरता से सुनवाई की।
मीडिया से बातचीत में आंचल ने कहा, मुझे यह अवसर पाकर बहुत खुशी हुई। मैं चाहती हूं कि मैं भी पढ़-लिखकर इसी तरह अधिकारियों की कुर्सी पर बैठूं। मेरी सभी बहनों से कहना है कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करें महिलाएं किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं।
कार्यक्रम के संबंध में तहसीलदार सौरभ कुमार ने बताया कि मिशन शक्ति 0,5 अभियान के तहत बेटियों को प्रशासनिक कार्यों से जोड़ने और उनमें आत्मविश्वास जगाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे भविष्य में समाज के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकें।

## 1106 महिलाओं ने अवसान मैया की दुरदुरिया पूजा कर अखण्ड सौभाग्य मांगा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर 20251 जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन के तत्त्वावधान में आज प्रातःकाल गंगा दास बाबा कुटी, गैरवाह जौनपुर में एक साथ 1106 सुहागिन महिलाओं ने अवसान मैया की दुरदुरिया पूजा कर अखण्ड सौभाग्य मांगा। कार्यक्रम में जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन की अध्यक्ष ज्योति सिंह की अगुवाई में एक साथ 1106 सुहागिन महिलाओं ने गंगा दास बाबा कुटी, गैरवाह जौनपुर के प्रांगण में अवसान मैया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और लइया, चना और गुड़ का प्रसाद चढ़ा दुरदुरिया पूजा कर अखण्ड सौभाग्य और सुहाग का वर मांगा। दुरदुरिया पूजा में ज्योति सिंह ने अवसान माता की कथा वाचन की तो वहीं दूसरी ओर 1106 महिलाओं ने सम्वेत स्वरों में मैया हम जानी बड़ी दानी अवसान मैया सबका दे हो मैया भर मांग सेंदुरा, सुन ला अरजिया हमार अवसानी मैया हाथ जोड़ पैया पड़ू बिनती बहुत करूं सुन ला अरजिया हमार अवसानी मैया, अवसान मैया तोहे रोजे बोलइबै, रोजे बोलइबै हो रोजे बोलइबै जैसे अन्य भजन सुनाकर लोगों में भक्ति भावना का संचार किया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बुलेट बेचने के नाम पर युवक से 90 हजार रुपये ठगे

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जफराबाद जलालपुर थाना क्षेत्र में बुलेट मोटरसाइकिल बेचने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, केराकत क्षेत्र के खटहरा गांव निवासी मनीष कुमार यादव ने आरोप लगाया है कि उन्होंने 25 सितंबर को इजरी गांव निवासी अजय सिंह को एक पुरानी बुलेट खरीदने के लिए 90,000 ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे। हालांकि, कई दिन बीत जाने के बावजूद न तो बाइक दी गई और न ही पैसे लौटाए गए। पीड़ित मनीष कुमार का कहना है कि जब उन्होंने रुपये वापस मांगने की बात की तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। इस मामले में थानाध्यक्ष गजानंद चौबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की सघन जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### साहेब मेरा पति मानसिक रूप से बीमार है

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** पचहटीया लाईन बाजार निवासी किशुना देवी उर्फ कृष्णा देवी ने जिलाधिकारी जौनपुर को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पति शिवउजागीर पुत्र फेरारी, जो दर्ज खातेदार हैं, मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और बीते कुछ महीनों से शराब का अत्यधिक सेवन कर रहे हैं। इसी स्थिति का लाभ उठाते हुए गांव का एक दबंग व्यक्ति उनकी जमीन अपने नाम कराने की साजिश रच रहा है। प्रार्थिनी ने अपने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि उसका पति वर्तमान में लगभग 65 वर्ष का है और विगत कुछ समय से मानसिक रूप से असंतुलित रहता है। इस बीच, गांव के ही रतन चौहान द्वारा लगातार उसके पति को शराब पिलाई जा रही है। आरोप है कि रतन चौहान ने खुले तौर पर कहा है कि वह शिवउजागीर के नाम की जमीन अपने नाम बैनामा करा लेगा। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उक्त व्यक्ति द्वारा उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है तथा गाली-गलौज की जा रही है। प्रार्थिनी को आशंका है कि दबाव और नशे की हालत में उसके पति से किसी भी समय विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) कराई जा सकती है। महिला ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि यदि किसी भी परिस्थिति में उसके पति को विक्रय विलेख निष्पादन हेतु ले जाया जाता है, तो पहले उनका मानसिक परीक्षण किसी सरकारी चिकित्सक से कराया जाए। साथ ही, दबंग प्रवृत्ति के व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### 42 हजार से अधिक राशनकार्ड धारकों का सत्यापन शुरू

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर में 42,000 से अधिक ऐसे राशनकार्ड धारकों का सत्यापन किया जा रहा है जो आयकर के दायरे में आते हैं। भारत सरकार की संभावित सूची के आधार पर यह जांच चल रही है, जिसके बाद अपात्र पाए जाने वालों के कार्ड रद्द किए जाएंगे। जिले में कुल 8,33,710 राशनकार्ड हैं, जिनमें 1,25,472 अंत्योदय और 7,08,238 पात्र गृहस्थी कार्ड शामिल हैं। सत्यापन ग्रामीण क्षेत्रों के 36,072 और नगरीय क्षेत्रों के 6,162 कार्डधारकों का किया जा रहा है। जिलापूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने बताया कि जांच ग्रामवार और पारदर्शी तरीके से की जा रही है। अब तक जिले में 90त्न ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है, जिससे मृतक या अपात्र कार्डधारकों के नाम हटाए जा रहे हैं।

### जौनपुर चंदवक थाना क्षेत्र में दबंगई!

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** थाना चंदवक क्षेत्र के बलुआ विजईपुर गांव में विवादित जमीन को लेकर दबंग उमेश यादव और माता भीख ने महिलाओं पर फरसे से हमला कर जान लेने की कोशिश की। आरोप है कि दोनों ने महिलाओं को दौड़ा-दौड़ा कर गर्दन पर वार करने का प्रयास किया। पीड़ित महिलाएं कुसरना गांव (महादेवा) की बताई जा रही हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मौके पर पहुँचकर मामले की जांच में जुटी है।

### कोतवाली क्षेत्र में ज़मीन कब्जे का मामला गरमाया पीड़ित की पुकार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर उत्तरी, परगना हवेली तहसील सदर निवासी मनीष मौर्य ने जिलाधिकारी जौनपुर को प्रार्थना पत्र देकर भूमि पर अवैध कब्जे और जबरन निर्माण का गंभीर आरोप लगाया है। मनीष का दावा है कि वे गाटा संख्या 185/1/0.0890 हे. के वैध भूमिधर हैं, पर उनके सहखातेदारों – उदय सिंह और शिवशंकर – ने अपने हिस्से से ज्यादा ज़मीन का बैनामा संगीता देवी के नाम कर दिया, जिसने यह ज़मीन कथित रूप से बच्चा सेठ नामक व्यक्ति को बेच दी। अब बच्चा सेठ, जो अहियापुर मोड़ पर सुनार की दुकान चलाता है, मनीष की ज़मीन पर जबरन मकान निर्माण करवा रहा है। मैंने जब विरोध किया, तो मुझे धमकाया गया। अब फौजदारी की नौबत आ चुकी है। प्रशासन चुप है। हम कहां जाएं? क्या बिना पैमाइश और विधिक बंटवारे के ज़मीन का बैनामा वैध है? क्या भूमिधर की सहमति के बिना कोई उसकी ज़मीन पर कब्जा कर सकता है? कब तक आम नागरिक न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर काटते रहेंगे? गांव वालों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो मामला और भी बिगड़ सकता है। क्षेत्र में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। मनीष मौर्य का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द सुनवाई न की, तो वे धरने-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। अब देखने वाली बात ये होगी कि क्या जिला प्रशासन इस मामले में सख्ती से कदम उठाएगा, या फिर एक और पीड़ित फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई पर कथित हमले के विरोध में जौनपुर में आम आदमी पार्टी का जोरदार प्रदर्शन, संविधान की रक्षा को लेकर दी चेतावनी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




जौनपुर मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई पर हुए कथित हमले के विरोध में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (क्क) जौनपुर इकाई ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर संविधान की रक्षा, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की।
प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉ. अनुराग मिश्रा ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा और संचालन जिला महासचिव विनोद प्रजापति ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने तिरंगे, बैनर और पोस्टर लेकर जय भीम, संविधान जिंदाबाद और भाजपा-आरएसएस मुर्दाबाद के नारे लगाए।
प्रदर्शन के बाद पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी कार्यालय को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग की गई कि मुख्य न्यायाधीश पर हमले की साजिश का खुलासा किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।
अपने संबोधन में डॉ.अनुराग मिश्रा ने कहा मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई पर जूता फेंकने की घटना केवल व्यक्ति पर नहीं, बल्कि डॉ. आंबेडकर के संविधान पर सीधा प्रहार है। भाजपा-आरएसएस की यह करतूत न्यायपालिका को डराने की कोशिश है। यदि सरकार ने कार्रवाई नहीं की, तो पूर्वांचल में आम आदमी पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी। जिला अध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने कहा कि यह हमला दलित समाज और वंचित वर्गों के सम्मान पर चोट है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दोषियों को जल्द सजा नहीं दी गई, तो जनता सड़कों पर उतरकर जवाब देगी।
प्रदर्शन में काशी प्रांत उपाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना, जिला कोषाध्यक्ष विद्याधर मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश अस्थाना, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बंटी अग्रहरी, जफर मसूद, ओबीसी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष विनय यादव, सचिव विशाल यादव, आशीष यादव, राज बहादुर पाल, दिनेश कुमार, सुरेंद्र यादव, आफताब, अनिल यादव, कमलेश, अभिषेक कुमार, मो. इस्लाम, यादवेंद्र सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की जानकारी निवर्तमान जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने दी।

## मेडिकल स्टोर संचालक ने लगाई सुई, 8 वर्षीय बालक की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

नौपेड़वा तेजीबाजार थाना क्षेत्र के हैदरपुर बाजार में गुरुवार की शाम करीब 6 बजे एक मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा तबियत खराब 8 वर्षीय बालक को लगाई गई सुई से मौत हो गई। घटना से नाराज परिजनों ने शव सड़क पर रख रोड जाम कर दिया। थोड़ी ही देर में जुटे ग्रामीणों ने मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ करते हुए घर के पीछे पहुँच खड़ी कार एवं बाइक में आग लगाकर जलाने के बाद घर में भी घुसकर आग लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मियों के साथ पहुँचे थानाध्यक्ष ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व सांसद धनन्जय सिंह ने भी पहुँच मृतक परिजनों को समझाने बुझाने में लगे हुए है। हैदरपुर गांव निवासी शिवपूजन यादव का 8 वर्षीय पुत्र युग यादव की पेट में दर्द होने की शिकायत पर शाम को परिजन बाजार पहुँचे जहां देवी मेडिकल स्टोर के संचालक ने युग को इंजेक्शन लगा दिया। परिजनों के अनुसार इंजेक्शन लगने के कुछ देर बाद ही युग की मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। परिजन व ग्रामीणों की भीड़ बाजार में आ गई। महिलाएं शव रख बक्शा तेजीबाजार लोहिन्दा मार्ग को जाम कर दिया। उधर कुछ आक्रोशित ग्रामीण मेडिकल स्टोर में घुस जमकर तोड़फोड़ करतें हुए घर में घुस पीछे खड़ी कार एवं बाइक में आग लगा दिया। उत्तेजित लोगों ने घर में भी आग लगा दिया। परिजन मेडिकल स्टोर संचालक पर कार्यवाही की मांग को लेकर लोग हंगामा करतें रहें।

## धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर लोकहितकारी चैंबर ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि, अधिवक्ताओं ने लिया समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर माँ मेवाती देवी लोकहितकारी ट्रस्ट द्वारा संचालित लोकहितकारी चैंबर, दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ जौनपुर के तत्वावधान में समाजवादी आंदोलन के अग्रदूत, धरतीपुत्र और गरीबों के मसीहा श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी की पुण्यतिथि पर एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट नवनीत यादव ने की, जबकि संचालन का दायित्व एडवोकेट अशोक प्रियदर्शी व एडवोकेट गोकुल पूर्वांचली ने संभाला। श्रद्धांजलि सभा में अधिवक्ताओं, समाजसेवियों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस अवसर पर एडवोकेट राजनाथ चौहान, एडवोकेट विनय विक्रम, एडवोकेट रविन्द्र विश्वकर्मा, एडवोकेट अरविन्द मौर्य, एडवोकेट रामस्वारथ यादव, एडवोकेट कृपाशंकर, एडवोकेट मोहम्मद आज़म, एडवोकेट शशि राज गौतम, एडवोकेट शीतला प्रसाद समेत अनेक अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव जी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों के सच्चे हमदर्द थे, जिन्होंने जीवन भर समाज में समानता और न्याय की अलख जगाई। धरतीपुत्र श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी का जीवन हर समाजवादी कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने लोकतंत्र को जनता के द्वार तक पहुँचाया और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए संघर्ष किया। समाजवाद की ज्योति को जलाए रखना ही नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# स्व.मुलायम सिंह की तीसरी पुण्य तिथि पर सपाइयों ने हवन पूजन कर दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्मविभूषण मुलायम सिंह यादव की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम हवन पूजन के साथ हुई जिसके बाद नेताओं नें नेता जी मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नेता जी के जीवन और उनके संस्मरण पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद किया।

सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान एवं पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव नें कहा कि नेता जी का व्यक्तित्व बहुत विशाल है उन्होंने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया। सैफई जैसे छोटे से गाँव से निकलकर देश और प्रदेश की राजनीति में शीर्ष पर पहुँचकर मजदूर, किसान, नौजवान, एवं महिलाओं आदि को हक अधिकार एवं सम्मान दिलाने के लिए अनेकों काम किये। एक तरफ मण्डल आंदोलन में सकारात्मक भागीदारी दिखाकर पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाना हो, चाहे भाजपा के रथ को रोककर उत्तर प्रदेश से भाजपा के सांप्रदायिक राजनीती को खत्म करना हो। चाहे रक्षा मंत्री रहते हुए शहीद सैनिकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुँचाकर राजकीय सम्मान के साथ उनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था करना हो, चाहे अपने समर्थन की सरकार के खिलाफ जाकर महिला आरक्षण बिल में पिछड़े एवं दलित वर्ग की महिलाओं को आरक्षण देने की मुखर वकालत करना हो नेताजी नें अपने जीवनकाल ऐसे अनेकों फैसले लेकर वंचित शोषित वर्ग के जीवन को सुगम बनाने का कार्य किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी एवं सपा नेता मनोज दीक्षित और पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे ने कहा नेता जी एक सर्वसमावेशी व्यक्तित्व के व्यक्ति थे उन्होने अपने कार्यकाल में समाज के सभी वर्गों को सम्मान और आगे बढ़ने के सभी को समान अवसर प्रदान कर सही मायने में समजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम किया। नेता जी के आवास और कार्यालय के दरवाजे अपने कार्यकर्त्ताओं एवं जनता के लिए 24 घंटे खुले रहते थे एवं कार्यकर्त्ताओं के सुख दुःख में नेता जी एक परिवार के अभिवावक के रूप में उसके साथ खड़े रहते थे।

हम कन्नौज के लोग तो विशेष सौभाग्यशाली हैं की हम सबको नेता जी का नेतृत्व मिला। उनके नेतृत्व में कन्नौज में तमाम विकास के कार्य तो हुए ही, साथ ही नेता जी नें कन्नौज का नाम देश और प्रदेश की राजनीति में शीर्ष पर पहुंचने का काम किया।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष पी पी सिंह एवं यश कुमार दोहरे और सपा नेता अनिल पाल और सपा नेता कुक्कू चौहान ने कहा आज नेता जी की पुण्यतिथि के अवसर पर हम सभी समाजवादी साथी नेता जी के मिशन को अखिलेश यादव के नेतृत्व में आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं।

इस अवसर पर सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, एवं प्रदेश सचिव आकाश शाक्य,जिला महासचिव रामसेवक राजपूत, मुख्य जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी, रामशंकर लोधी, जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह यादव ने कहा नेता जी विचारधारा और नीतियों को बूथ स्तर तक ले जायेंगे और आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में कन्नौन सांसद श्री अखिलेश यादव जी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए हम सभी जनपद की तीनों विधानसभा जीतने के लिए जनता को धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव की विचार धारा और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुँचाने के लिए संकल्प लेते हैं।

सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, रजनीकांत यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख सपा नेता विवेक पाल, योगेश शर्मा जिलाध्यक्ष छात्रसभा, गणेश द्विवेदी, राकेश कठेरिया, राजेश पाल, सेक्टर प्रभारी नितिन यादव, बंटी शर्मा, संतोष यादव, सुनील दिवाकर, रवि यादव, बजरंग सिंह चौहान, मुकुट सिंह यादव, रामशंकर प्रधान, शिब्बू तिवारी, राकेश कटियार, रवि चौबे, विजय वर्मा, अरुण यादव, आशीष यादव, तुफ़ैल अहमद, गौरव वर्मा, ऋषभ गुप्ता, आशीष मिश्रा, चन्दन अग्निहोत्री, कामरान खान, जीशान वारसी, यशवीर सिंह भदौरिया, सुधीर कश्यप, अर्चना मिश्रा, अनिरुद्ध यादव, शशिमा सिंह, हिमांशु दोहरे, अलकेश यादव, सनोज यादव, भोला यादव, मुजम्मिल खान, अमित यादव, सहित अन्य मौजूद रहे।

# निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित हो वादों का निस्तारण: डीएम

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में कर करेक्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सितंबर माह 2025 तक की राजस्व वसूली की प्रगति, विभागवार उपलब्धियों एवं लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।उन्होंने कहा कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, सितंबर माह में कुल ?10,293.20 लाख कर वसूली के लक्ष्य के सापेक्ष ?8,294.07 लाख की प्राप्ति हुई है, जो कि 80.55 प्रतिशत है। जिसमें वाणिज्य कर विभाग की प्राप्ति 51.34त्न, स्टाम्प एवं पंजीयन की 86.04त्न,विद्युत देयों की 67.91त्न,वानिकी की 53त्न,खनन की 18.99त्न, तथा परिवहन विभाग की 78.73त्न आदि कम वसूली वाले विभागों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सुधार हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवहन अधिकारी नियमित रूप से वाहनों की जांच कर राजस्व वृद्धि सुनिश्चित करें, खनन अधिकारी अवैध खनन एवं परिवहन पर विशेष निगरानी रखें, तथा विद्युत विभाग राजस्व वसूली हेतु कैंप आयोजित कर लक्षित वसूली सुनिश्चित करे।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी वाद आरसीसीएमएस पोर्टल पर समय से दर्ज किए जाएं तथा निस्तारण की स्थिति अद्यतन रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी कार्ययोजना स्पष्ट एवं परिणामोन्मुख बनाएं तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यवाही करें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसील स्तरीय राजस्व अधिकारियों को लंबित वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। विशेष रूप से समय-सीमा से बंधे वादों का निस्तारण शीघ्रता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने धारा 24, 34, 35/39, 47, 67 एवं 115 के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन तहसीलों की प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि वादों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से न केवल जनविश्वास में वृद्धि होती है, बल्कि प्रशासन की कार्यकुशलता भी प्रदर्शित होती है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब या शिथिलता पाई जाने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) आशीष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देवेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, उप जिलाधिकारी तिर्वा, तीनो उप जिलाधिकारी न्यायिक एवं छिबरामऊ, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## यू.पी.इंटरनेशनल ट्रेड शो स्वदेशी मेले में प्रतिदिन होंगे आकर्षक कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जनपद कन्नौज में यू0पी0 इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 (स्वदेशी मेला) का भव्य आयोजन दिनांक 09 से 18 अक्टूबर 2025 तक के0के0 इंटर कॉलेज खेल मैदान (बोर्डिंग ग्राउण्ड) में किया जा रहा है। यह मेला वोकल फॉर लोकल के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के साथ-साथ ग्रामीण, महिला एवं कुटीर उद्योगों को सशक्त बनाने का उद्देश्य है। मेले में हस्तशिल्प, हैंडलूम, सुगंध, खाद्य उत्पाद, गृह सज्जा सामग्री, आयुर्वेदिक वस्तुएँ एवं अन्य स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जिनकी बड़ी संख्या में नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है। मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक, मनोरंजक एवं जनजागरण आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जा सके और सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन मिले। इसी क्रम में दिनांक 11 अक्टूबर 2025 (शनिवार) को सायं 5ः30 बजे सांस्कृतिक विभाग द्वारा म्यूज़िक ग्रुप के माध्यम से लोक गायन एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के ख्यातिप्राप्त कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की जाएगी। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन दें तथा प्रदेश की संस्कृति और परंपरा को आत्मसात करे।

# समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करी

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



शुक्रवार को राजधानी मार्ग पर स्थित वीरेंद्र शुक्ला जी के आवास पर नेताजी स्वर्गीय मुलायम सिंह जी की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाजवादी पार्टी के अनेकों कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दिखाई कार्यक्रम के दौरान माननीय नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए समाजसेवी वीरेंद्र शुक्ला जी द्वारा बताया गया कि माननीय नेता जी ने अपने कार्यकाल में अपने सभी समाजसेवी कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया उनके लिए सदैव वह रास्ते नए-नए बनाते गए हर प्रकार से वह चुनाव में मदद करते थे। इसके आगे बताते हुए वीरेंद्र शुक्ला जी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी ने अपने राजनीति के लंबे और प्रभावशालीय करियर के दौरान उन्होंने गरीब किसान और समाज के कमजोर वर्गों के हर एक हक के लिए संघर्ष किया वे इटावा के रहने वाले थे वह एक सामान्य परिवार से ताल्लुक रखते थे लेकिन राजनीति और समाज सेवा के क्षेत्र में उन्होंने अपार प्रभाव छोड़ा 1967 में उन्होंने राजनीतिक यात्रा शुरू की और बाद में समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने के लिए समाजवादी पार्टी की स्थापना की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के रूप में उनका योगदान आज भी याद किया जाता है सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि दी जा रही है सपा अध्यक्ष और उनके पुत्र अखिलेश यादव ने परिवार के सदस्यों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए इसी क्रम में हम सभी समाज सेवी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने स्थान पर उन पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में उमा लाल यादव, दीपक यादव, सूरज सिंह, लाली यादव, राजन कनौजिया, मिंटू निषाद, अरुण सविता, आजम खान, रोहित साहू, सैयद अफजल, गीतानंद यादव, चंद्रपाल निषाद, पंकज यादव, सरवर हुसैन, मोहम्मद यासीन, धर्मेंद्र यादव, फिरोज पप्पू, यशराज प्रताप सिंह, विक्रम भदौरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## रूबाब कैसर के नृत्य ने बिखेरी चमक, दर्शक हुए उत्साहित

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

शुक्रवार की सांस्कृतिक शाम में देवा मेला का मंच रूबाब कैसर की नृत्य प्रस्तुति से गुलजार हो गया। उन्होंने कोरियाई और बॉलीवुड रीमिक्स गानों पर अपनी जीवंत प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रूबाब अभिनय में ऊर्जा और तालमेल देखने को मिला, जिससे दर्शक तालियों और उत्साहपूर्वक झूमने लगे। उनके नृत्य ने कार्यक्रम को न सिर्फ मनोरंजक बनाया, बल्कि युवा दर्शकों में कला और संगीत के प्रति उत्साह भी बढ़ाया।कार्यक्रम में मेले में आए स्थानीय लोग और पर्यटक उनके आकर्षक प्रदर्शन को देखकर काफी प्रभावित हुए।

नृत्य के दौरान रंग-बिरंगे रोशनी और धुनों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया।

# क्षेत्रीय गर्जना सम्मेलन 15 को, तैयारियों के लिए हुई समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




जातिगत जनगणना धन्यवाद मोदी जी का क्षेत्रीय गर्जना सम्मेलन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद डॉक्टर के0 लक्ष्मण का प्रस्तावित कार्यक्रम 15 अक्टूबर को समय 11ः00 बजे मेडिकल कॉलेज तिर्वा के ऑडिटोरियम में संपन्न होना सुनिश्चित हुआ है। जिसकी तैयारी बैठक पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष वर्मा की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय कन्नौज में संपन्न हुई जिसमें अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा मनोज राजपूत एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राम प्रसाद कनौजिया जिला अध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया जिला महामंत्री भाजपा शैलेंद्र द्विवेदी क्षेत्रीय मंत्री भाजपा ओबीसी मोर्चा नंदलाल बाथम सहित कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन की योजना बनाई जिसका संचालन क्षेत्रीय महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा विनय वर्मा ने किया जिसमें जीतू प्रजापति जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा, मनोज बाथम जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा शिवानंद वर्मा जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सुमित सक्सेना जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ऋषि राजपूत जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा आशीष सविता जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा अतुल जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा उपस्थित रहे।

## चीन और अमेरिका के खिलाफ हमेशा मुखर रहे नेताजी: राजनाथ

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** समाजवादी चिंतक एवं मुलायम सिंह यादव के साथी रहे राजनाथ शर्मा ने कहा कि नेताजी की नज़रों में समाजवाद सिर्फ विचार या सिद्धांत नहीं था, बल्कि एक आचरण था। वह हिंदी आंदोलन, किसान आंदोलन, आपातकाल जैसे कई सत्याग्रहों में मेरे सहयात्री रहे। स्वदेशी और भारत, पाक, बांग्लादेश महासंघ जैसे मुद्दों से संसद को हमेशा आईना दिखाया। वह हमेशा चीन और अमेरिका के खिलाफ मुखर रहे। उनका मानना था कि समाजवाद वही है, जो किसी पर अन्याय नहीं होने दे, बल्कि कमजोर के साथ खड़े होकर उसे मजबूत बनाए। शुक्रवार को गांधी भवन में प्रखर समाजवादी नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान स्व मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्री शर्मा ने बताया कि नेताजी से मेरी मित्रता 70 के दशक से रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के तमाम समस्याओं पर मुलायम सिंह संघर्षों के साथी रहे। धरती से जुड़े इस नेता के न रहने से गांव, गरीब, किसान की राजनीति में एक ज़बर्दस्त ख़ाली पन है। डॉ लोहिया और चैधरी चरण सिंह कीराजनैतिक विरासत के समाजवादी थे। वरिष्ठ सपा नेता एवं रामसेवक यादव जन्मशती समिति के संयोजक ज्ञान सिंह यादव ने कहा कि मुलायम सिंह यादव वास्तव में जननेता थे। वह ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने समाजवादी पार्टी को जोड़कर रखा है। ग़रीबों और किसानों के लिए नेताजी ने अपने वसूलों से कभी समझौता नहीं किया।

# पूर्व विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की मनाई पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पूर्व सदर विधायक रामकुमार एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के नेतृत्व में श्रीमती तारा रानी कान्वेंट स्कूल देवारा खुर्द, मनोहर लाल गर्ल्स इंटर कॉलेज देवरा कला, मनोहर लाल इंटर कॉलेज सरोसी एवं मनोहर लाल डिग्री कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन सरोसी में मनाई गई। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित काफी संख्या में लोगों ने पहुँचकर एवं छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उनके करीबी रहे जनपद उन्नाव से पूर्व सदर विधायक रामकुमार एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए कहा कि श्रद्धेय नेताजी ने हमेशा दलितों, पिछड़ों और शोषित वर्गों की अगुवाई की, किसानों के हित में उत्तर प्रदेश में चुंगी टैक्स समाप्त किया था। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, संस्थापक अखिल भारतीय लोधी निषाद बिन्द कश्यप एकता समता महासभा एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नेशनल ऐसोसियेशन आफ फिशरमेन (एन0ए0एफ0) स्व0 मनोहर लाल एडवोकेट एवं उनके सुपुत्र अखिल भारतीय लोधी निषाद बिन्द कश्यप एकता समता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ फिशरमैन (ह्न्स्न) के राष्ट्रीय महासचिव, सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया के अधिवक्ता एवं जनपद उन्नाव की सदर विधानसभा के पूर्व विधायक रामकुमार, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक स्व0 दीपक कुमार के अनुरोध पर सदर विधानसभा में समग्र विकास किया। समाजवादी पार्टी आज भी श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी के मार्गदर्शन पर चल रही है।

# पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेले में उपचार के साथ दी जानकारी



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

**नवाबगंज।** विकासखंड के बोधीखेड़ा गांव में पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेले का शुक्रवार को आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक बृजेश कुमार रावत व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने किया। मोहान विधायक ने पशुपालकों को बकरी और मुर्गी पालन के क्षेत्र में आगे बढ़कर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए कहा। उन्होंने पशुपालन को व्यवसाय के रूप में मजबूत करने पर जोर दिया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ महावीर सिंह ने बताया मेले में कुल 1256 पशुओं का उपचार किया गया। जिनमें 763 गोवंश एवं महेषवंशी और 493 भेड़-बकरियां शामिल थीं। पशुओं को सामान्य चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण और अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान की गईं। पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मौर्या ने उपस्थित पशुपालकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। जिससे वह अपने पशुपालन व्यवसाय को और बेहतर बना सकें। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण मोहन यादव, रामधनी, चिकित्सा टीम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मनाया संगठन का स्थापना दिवस

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** शहर के डीएवी कालेज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ इकाई बाराबंकी ने प्रदेश मंत्री शिव कैलाश सोनी के नेतृत्व में स्मृतिशेष शंभू नाथ वर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित कर संगठन का स्थापना दिवस मनाया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ जनपद की एक बैठक डीएवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रदेश मंत्री शिव कैलाश सोनी के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष नीरज पाण्डेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगठन के संस्थापक स्वर्गीय शम्भूनाथ वर्मा को यादकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने स्वर्गीय शम्भूनाथ वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में चन्द्र किशोर तिवारी, देशराज सिंह, पवन कुमार वर्मा, प्रवीण कुमार, अमित कुमार, सन्दीप कुमार, नरेन्द्र कुमार, सुग्रीव प्रसाद आदि पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### ठगी के शिकार हुए व्यक्ति को वापिस मिली धनराशि

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। मसौली।** थाना क्षेत्र में फोन पर नौकरी दिलाने को लेकर हड़पी गई एक लाख तेरह हजार सात सौ रूपए की धनराशि को मसौली पुलिस ने वापिस दिलाई। थाना क्षेत्र बांसा के मोहल्ला कटरा निवासी अबू सूफियान कुरैशी पुत्र हाफिज जमील अहमद ने मसौली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि मोबाइल 09140602763 द्वारा फेसबुक पर नौकरी का विज्ञापन देखकर वाट्सअप के माध्यम से आये लिंक पर क्लिक करने पर पीड़ित के बैंक खाते से एक लाख तेरह हजार सात सौ रुपये कट गए थे। पीड़ित की तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक सनत कुमार मिश्र,उपनिरीक्षक अभय गुप्ता,कम्प्यूटर आपरेटर करुणेंद्र पटेल, महिला कांस्टेबल राधिका द्विवेदी, कांस्टेबल आकाश मौर्या की संयुक्त टीम ने जांच पड़ताल कर पीड़ित को हड़पी गई धनराशि वापिस दिलाई।

### खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** शुक्रवार को देवा मेला के हॉकी मैदान में राज्य स्तरीय हॉकी खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन हॉकी प्रतियोगिता देख दर्शक रोमांचित हो गए। जीत हार के लिये खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। पहला मुकाबला श्री चंद्र अकेडमी हरदोई और डीएएच भदोही के बीच खेला गया। जिसमें श्री चंद्र अकेडमी हरदोई की टीम ने एकतरफा 5 गोल दागकर डीएएच भदोही की टीम को धूल चटा दिया। दूसरा मुकाबला चैंपियन क्लब रामपुर बनाम डीएएच गोला के बीच खेला गया। जिसमें दोंनो टीमों की ओर से कड़ी प्रतिस्पर्धा देंखने को मिली। खिलाड़ियों के जोश व उनके प्रदर्शन को देखकर दर्शक रोमांचित हो गए। इस प्रतियोगिता में डीएएच गोला की टीम ने 3-1 से विजय हासिल की। इस अवसर पर देवा मेला आयोजन सचिव मजहर अजीज, शहजादे आलम, अरमान वारसी, मोहम्मद खालिद रईस आदि उपस्थित रहे।

### बनाया गया सेल्फी प्वाइंट

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे ॿमिशन शक्ति फेज- 05 के दृष्टिगत जनपद में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में महिला जागरुकता हेतु देवा मेला में मिशन शक्ति सेल्फी प्वाइण्ट बनाया गया है। सेल्फी प्वाइण्ट पर आने वाली महिलाओं, बालिकाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरुक किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे ॿमिशन शक्ति फेज- 05 के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त एण्टीरोमियो टीम द्वारा बालिकओं, महिलाओं की सुरक्षा हेतु स्कूल, कॉलेज, बाजारों, बैंक व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गयी।

### महिला थाना प्रभारी ने देवा मेला में लगाई चैपाल

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत देवा मेला में नारी सुरक्षा व साइबर जागरूकता अभियान की चैपाल लगाकर महिला थानाध्यक्ष मुन्नी सिंह एवं मिशन शक्ति टीम महिला कांस्टेबल क्रमशः पूजा यादव, प्राची पटेल, आरती व सोनी द्वारा चैपाल में नारी सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन हेतु घरेलू हिंसा, बाल विवाह, पास्को एक्ट व साइबर क्राइम संबंधी अपराध, महिला मिशन शक्ति केंद्र,यातायात के नियमों, ड्रोन के संबंध में फैल रहे अफवाहो से बचने के बारे में जागरूक किया गया।

# कमांडर इन चीफ की भूमिका में नजर आए उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

रामसनेहीघाट। तहसील रामसनेहीघाट के कमांडर इन चीफ उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के नेतृत्व में पुलिस, राजस्व व स्वास्थ्य विभाग की टीमो ने घाघरा के विनाशकारी तांडव से निपटने के साथ ही नवरात्रि, दशहरा, ईद आदि पर्वो को सकुशल सम्पन्न कराने के साथ ही खाद वितरण में हो रही मारा मारी में भी किसानों की मदद में अपने कर्तव्यों को निभाने में अपनी महती भूमिका निभाई। बाराबंकी के रामसनेहीघाट में इस बार घाघरा सरयू नदी बाढ़ से निपटने के लिए उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह रामसनेहीघाट के कमांडर इन चीफ की भूमिका में नजर आए। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, सुधाकर पांडेय सहित तत्कालीन तहसीलदार महिमा मिश्रा लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करके बाढ़ पीड़ितों को मदद व उनकी सुरक्षा में तैनात रहे। उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह स्वयं घाघरा बाढ़ इलाको में पहुचकर पीड़ितों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद पहुचा रहे थे साथ ही अधिकारियों को भी सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा था कि किसी प्रकार की भी लापरवाही सामने न आये। इस बाद बाढ़ इलाको में पीड़ित परिवारों को भोजन/ लंच पैकेट आदि सुविधाओ को तत्काल पहुचाने में तहसील प्रशासन लगातार जुटा रहा, इतना नही तहसील रामसनेहीघाट का कुछ इलाका घाघरा के उस पार है वहा के बाढ़ प्रभावित इलाकों में एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर राजस्व टीम के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार पहुच रही थी। पहली बार ऐसा देखने को मिला जब घाघरा सरयू नदी की बाढ़ लीला में पीड़ितों को हर प्रकार की सहायता तहसील प्रशासन ने पहुचाई, इतना ही नही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता भी त्वरित पहुचाने का काम भी एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर किया गया। खाद वितरण के दौरान पूरे जिले में मारा मारी मची थी किसानों के द्वारा विरोध किया जा रहा था ऐसी स्थित में एसडीएम अनुराग सिंह स्वयं व उनके निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी सहित पूरी राजस्व टीम ने कड़ी मेहनत करके किसानों की मदद में खड़े रहे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा, दशहरा, ईद जैसे महत्वपूर्ण पर्वो को सकुशल सम्पन्न कराने में उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह रामसनेहीघाट के कमांडर इन चीफ की भूमिका में नजर आए उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक करके पूरी रणनीति के साथ इन पर्वो को निर्विवाद सम्पन्न कराकर लोगो को सुरक्षा का एहसास कराया।

उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देश पर लगातार क्षेत्र का भ्रमण करके अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया, एसडीएम से आवश्यकता पड़ने पर जानकारी करके घाघरा सरयू नदी बाढ़ पीड़ितों को मदद पहुचाने के साथ उनकी सुरक्षा का दायित्वों को निभाने का प्रयास किया हर व्यक्ति को अपने परिवार की भांति समझकर उसकी मदद/सेवा में लगा रहा, एसडीएम श्री सिंह का निर्देश मिलने के बाद तत्काल मौके पर जाकर निर्देशो का पालन किया, दुर्गा पूजा, दशहरा, ईद आदि समय मे भी पूरी निष्ठापूर्वक उपजिलाधिकारी के निर्देश पर हर समय लोगो की सुरक्षा में लगा रहा।

पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्र ने तहसील रामसनेहीघाट में सुरक्षा व्यवस्था का लोगो को एहसास कराया, एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

# भारत अफगानिस्तान का करीबी दोस्त

## इसके खिलाफ अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देंगे: अफगान विदेश मंत्री



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय समकक्ष डॉ. जयशंकर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने भारत को अफगानिस्तान का करीबी दोस्त देश बताया और दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने की मांग की। मुत्तकी ने कहा कि दिल्ली आकर अच्छा लग रहा है और यह दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को और बेहतर करेगा। भारत और अफगानिस्तान को संपर्क बढ़ाना चाहिए। मुत्तकी ने कहा कि अफगानिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी अन्य देश के खिलाफ नहीं होने देगा। अफगानी विदेश मंत्री ने कहा कि जब अफगानिस्तान में हाल ही में भूकंप आया तो सबसे पहले मदद भेजने वाला देश भारत ही था। अफगानिस्तान भारत को एक करीबी मित्र राष्ट्र के तौर पर देखता है। अफगानिस्तान भारत के साथ आपसी सम्मान पर आधारित रिश्तें चाहता है, जिसमें व्यापारिक और लोगों के लोगों से संबंध रहें। हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए तैयार हैं, जिससे दोनों देशों के रिश्तें मजबूत हो सकें। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि %विकास और समृद्धि के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता है। हालांकि, दोनों देशों द्वारा सीमापार आतंकवाद के साझा खतरों का सामना किया जा रहा है। हमें आतंकवाद से निपटने के लिए समन्वित प्रयास करने होंगे। भारत की सुरक्षा चिंताओं के प्रति आपकी संवेदनशीलता की हम सराहना करते हैं। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद हमारे साथ आपकी एकजुटता उल्लेखनीय थी।

### अफगानिस्तान में खनन करेंगी भारतीय कंपनियां

बैठक के दौरान भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान सरकार द्वारा भारतीय कंपनियों को अफगानिस्तान में खनन के लिए आमंत्रित करने का हम स्वागत करते हैं। इस बार आगे चर्चा की जाएगी। व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के हमारे साझे हित हैं। काबुल और नई दिल्ली के बीच उड़ान सेवाएं बढ़ाने का एलान करते हुए हमें खुशी हो रही है।

### भारत के तकनीकी मिशन को मिला दूतावास का दर्जा

भारत ने अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते हुए काबुल स्थित भारतीय तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा दे दिया। इसके साथ ही भारत ने आधिकारिक रूप से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने का एलान किया। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, %भारत अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत-अफगानिस्तान के करीबी संबंध, अफगानिस्तान के विकास के साथ-साथ क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भी जरूरी हैं। इसे और मजबूत करने के लिए, मुझे आज काबुल स्थित भारत के तकनीकी मिशन को भारतीय दूतावास के स्तर पर उन्नत करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

### 'हवाई संपर्क को मजबूत करने पर बनी सहमति'

उन्होंने कहा, भारत सरकार ने काबुल में अपने दूतावास की तकनीकी उपस्थिति को और मजबूत करने का फैसला लिया है। साथ ही, जल्द ही इस्लामिक अमीरात (अफगानिस्तान) का राजनयिक प्रतिनिधिमंडल भी दिल्ली पहुंचेगा। दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के लिए हवाई संपर्क (एयर कॉरिडोर) को भी मजबूत करने पर सहमति बनी है। मुत्ताकी ने बताया कि विदेश मंत्री जयशंकर ने अफगानिस्तान में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का भरोसा दिया है। उन्होंने हाल ही में आए भूकंप के पीड़ितों को भारत की ओर से दी गई मदद के लिए भी आभार जताया।

### दोनों देशों ने व्यापार समिति बनाने का लिया फैसला: मुत्ताकी

इसके अलावा, भारत और अफगानिस्तान ने मिलकर एक व्यापार समिति बनाने का भी निर्णय लिया है। मुत्ताकी ने बताया कि अफगानिस्तान में निवेश के लिए नए अवसर खुले हैं, खासकर खनिज और ऊर्जा के क्षेत्र में। उन्होंने भारतीय कंपनियों और निवेशकों को अफगानिस्तान में इन क्षेत्रों में काम करने के लिए आमंत्रित किया।

### भारत ने अफगानिस्तान को 20 एम्बुलेंस दीं उपहार

भारत ने सद्भावना के तौर पर अफगानिस्तान को 20 एम्बुलेंस उपहार में दीं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने प्रतीकात्मक कदम के तौर पर 20 एम्बुलेंस में से पांच व्यक्तिगत रूप से अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी को सौंपीं।

### चाबहार बंदरगाह और बगराम एयरबेस पर मुत्ताकी की दो टूक

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मावलवी अमीर खान मुत्ताकी ने आगे कहा कि, बगराम के बारे में, मेरा कहना है कि अफगानिस्तान के लोगों ने कभी भी विदेशी सेना को स्वीकार नहीं किया है। और वे इससे आगे भी स्वीकार नहीं करेंगे... अगर कोई हमारे साथ संबंध रखना चाहता है, तो वह राजनयिक मिशन के जरिए आ सकता है, लेकिन सैन्य वर्दी में नहीं, यह हमें स्वीकार्य नहीं है मुत्ताकी ने इस दौरान चाबहार बंदरगाह पर कहा कि चाबहार एक अच्छा रास्ता होगा... भारत और अफगानिस्तान को बाधाओं को दूर करने की कोशिश करनी चाहिए... क्योंकि अमेरिका ने भी कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। भारत और अफगानिस्तान को अमेरिका के साथ संयुक्त वार्ता करनी चाहिए। हम दोनों के लिए इस मार्ग का उपयोग करना जरूरी है। हम व्यापार के महत्व को समझते हैं, जो बढ़ गया है, और सभी व्यापार मार्ग खुले होने चाहिए... अगर मार्ग बंद हो जाता है, तो इसका असर भारत और अफगानिस्तान के बीच व्यापार पर पड़ता है।

# मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर सपा कार्यालय में हवन और श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर आज गाजियाबाद के सपा जिला कार्यालय में भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यालय परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनकी स्मृति को नमन किया। यह कार्यक्रम समाजवादी आंदोलन की विरासत को जीवंत रखने का संकल्प लेने का प्रतीक बना। कार्यक्रम की शुरुआत हवन से हुई । जिसमें जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। उनके साथ महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने अग्नि को आहुति दी और मुलायम सिंह यादव के सामाजिक न्याय, किसान कल्याण और पिछड़े वर्गों के उत्थान के आदर्शों को याद किया। सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जो विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से पहुंचे थे। हवन के बाद सभी ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण किया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। फैसल हुसैन ने संबोधन में कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव समाजवादी आंदोलन के प्रणेता थे, जिन्होंने लोहिया के विचारों को धरातल पर उतारा। उन्होंने कभी भी सत्ता के लोभ में सामाजिक सद्भाव को दांव पर नहीं लगाया। आज हम संकल्प लेते हैं कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उत्तर प्रदेश में फिर से समाजवादी सरकार बनाएंगे। महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने भी जोर देकर कहा कि गाजियाबाद जैसे शहरी क्षेत्रों में सपा का आधार मजबूत हो रहा है और आने वाले चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन शानदार रहेगा। यह कार्यक्रम पूरे उत्तर प्रदेश में चल रही श्रद्धांजलि श्रृंखला का हिस्सा है। मुलायम सिंह यादव का निधन 10 अक्टूबर 2022 को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में हुआ था । आज उनके पैतृक गांव सैफई में भी मुख्य समारोह आयोजित हुआ, जहां सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और परिवार के सदस्यों ने समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित किए। मेरठ, नोएडा और अन्य जिलों में भी सपा कार्यकर्ताओं ने विचार गोष्ठियां और श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित कीं।

### अल्पसंख्यकों के लिए संघर्ष को नई दिशा दी

मुलायम सिंह यादव एक साधारण किसान परिवार से निकले थे, लेकिन उन्होंने छह दशक के राजनीतिक सफर में उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री, केंद्र में रक्षा मंत्री और लोकसभा में सांसद के रूप में सेवा की 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना कर उन्होंने पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के लिए संघर्ष को नई दिशा दी। उनके निधन के बाद भी सपा उनके विचारों की प्रेरणा से आगे बढ़ रही है। गाजियाबाद में यह कार्यक्रम न केवल स्मृति को ताजा करने का माध्यम बना, बल्कि कार्यकर्ताओं में एकजुटता का संदेश भी दिया। सपा नेताओं ने आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। मुलायम सिंह यादव की विरासत उत्तर प्रदेश की राजनीति में हमेशा प्रासंगिक बनी रहेगी।

# एडीएम सिटी की अध्यक्षता में संपन्न हुई खाद्य सुरक्षा की जिला स्तरीय बैठक



**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें खाद्य कारोबारी विशेष कर स्ट्रीट फूड वेंडर्स के क्लस्टर की पहचान कर उनको स्वच्छता एवं खाद्य पदार्थ को ढक कर रखने तथा खाद्य रंगों के अत्यधिक प्रयोग न करने के प्रति सचेत करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही मोबाइल प्रयोगशाला फूड सेफ्टी ऑन व्हील द्वारा खाद्य पदार्थों के जांच को प्रचार प्रसार किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। आबकारी विभाग की आवंटित दुकानों के खाद्य लाइसेंस को सौ प्रतिशत कवर करने की बात कही गई। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य अरविंद कुमार यादव ,मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय समेत अन्य विभागों के अधिकारीगण तथा उद्योग संगठन के श्री सुशील अरोड़ा उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के पदाधिकारी श्री प्रीतम लाल श्री सतीश अग्रवाल तथा ड्रग एसोसिएशन के राजीव त्यागी मौजूद रहे।

# रवि पुजारी गैंग के नाम पर फिल्म अभिनेता, निर्माता को हत्या की धमकी

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

सास भी कभी बहू थी सीरियल में मुख्य भूमिका निभाने वाले मुकेश जे. भारती और उनकी पत्नी फिल्म निर्माता व विवेक फिल्म प्रोडक्शन हाऊस मुंबईकी मालकिन मंजू मुकेश भारती को गाजियाबाद में शूटिंग करने पर हत्या की धमकी दी गई है। फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से धमकाने वाले ने खुद को कुख्यात रवि पुजारी गैंग का सदस्य बताया है। दंपती ने इसकी शिकायत करते हुए पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी ने उनके सोशल मीडिया एकाउंट्स पर भी धमकी भरे मैसेज किए हैं। दोनों को जान से मारने की धमकी लगातार दी जा रही है।

# अब शतक लगाकर ही मानेंगे

## डोनाल्ड ट्रंप के भारत-पाकिस्तान तनाव को खत्म करने दावे पर कांग्रेस का तंज

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत-पाकिस्तान के हालिया तनाव को खत्म कराने का 50 से ज्यादा बार दावा कर चुके हैं। ये अलग बात है कि भारत सरकार ने हमेशा से ही उनके दावे को निराधार बताया है। अब इसमें ये भी कोई दोहराई नहीं है कि ट्रंप ने जब-जब ऐसा दावा किया है कि भारत में राजनीतिक गर्माहट तेज हो गई है। कारण है कि कांग्रेस ने हमेशा से ही ट्रंप के इन दावों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रंप पर निशाना साधा है। ऐसे में मामले में चर्चा तेज तब हो गई जब शुक्रवार को कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर फिर से तंज कसा। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच 'ऑपरेशन सिंदूर' रोकने का दावा करते हुए अब हाफ सेंचुरी पूरी कर ली है, और ऐसा लगता है कि वे जल्द ही शतक भी पूरा कर लेंगे।



























स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)